रांची
शुक्रवार
09.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 01
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
अपने समय और अपने शब्दों के प्रयोग में कभी लापरवाही नहीं बरतें, क्योंकि ये नहीं तो वापस आते हैं और न ही वापस मौका देता है।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-303 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## न्यूज गैलरी

### जेएससीए में न्यूजीलैंड भारत के बीच होगा 27 जनवरी को टी-20 मैच

**रांची।** बीसीसीआई ने श्रीलंका, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले टी-20 और वनडे सीरिज के लिए तारीख और जगह का शिड्यूल जारी किया है। इस शिड्यूल के मुताबिक 27 जनवरी को रांची में न्यूजीलैंड और भारत के बीच पहला टी-20 मैच खेला जायेगा।

### बाबूलाल मरांडी सहित अन्य साक्ष्य के अभाव में बरी

**दुमका।** साल 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान जरमुंडी थाना में चुनाव आचार संहिता उलंघन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित अन्य आरोपी दुमका व्यवहार न्यायालय में पेश हुए। न्यायालय ने सभी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। वर्ष 2014 में तत्कालीन जेवीएम केंद्रीय अध्यक्ष रहते हुए बाबूलाल मरांडी, जेवीएम प्रत्याशी के रूप में खड़े डॉ. संजय कुमार, कांग्रेस के नेता मणिशंकर, जेएमएम कार्यकर्ता जिला परिषद सदस्य जुली यादव सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन कुमार पर विभिन्न सरकारी स्थानों पर अपने दल का पोस्टर लगे रहने देने के आरोप में जरमुंडी थाना में चुनाव आचार संहिता उलंघन का मामला दर्ज किया गया था।

### टीएसपीसी एरिया कमांडर गिरफ्तार

**लातेहार।** लातेहार थाना के पतराटोली जंगल से पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस से लूटी गयी 303 बोल्ट एक्शन राइफल, 303 के जिंदा गोली 82, दो कीपैड मोबाइल और तीन सिम बरामद किया है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि नक्सली एरिया कमांडर राजू यादव के खिलाफ नौ केस दर्ज थे और पुलिस को उसकी तलाश थी। गुरुवार की सुबह इस इनामी नक्सली के साथियों के साथ जंगल में जमा होने की खबर मिली जिसके बाद उसकी घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एरिया कमांडर राजू यादव फिर से संगठन को खड़ा करने की कोशिश में था।

### छात्रा हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने टाटीसिल्वे के आरागेट में एमबीए की छात्रा पल्लवी की हत्या का मुख्य आरोपी को दबोच लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपी पियूष तिवारी उर्फ पियूष पांडेय को बिहार के आरा से गुरुवार को दबोचा है। बताया जा रहा है कि छात्रा की हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी यूपी के बनारस भाग गया था। पुलिस की टीम जब बनारस पहुंची, तो आरोपी वहां से भाग कर आरा पहुंच गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस आरोपी से छात्रा की हत्या के कारणों के बारे में जानकारी ले रही है। गौरतलब हो कि बीते पांच दिसम्बर को टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के आरागेट रेल पटरी के पास छात्रा का खून से लहुलुहान हालत में शव मिला था।

# गुजरात में सभी रिकॉर्ड तोड़कर खिला 'कमल'

## हिमाचल प्रदेश में नहीं बदली 'बदलाव की परम्परा' | कांग्रेस ने भाजपा से छीनी सत्ता

**गांधीनगर/शिमला/नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में भाजपा ने 156 सीटों के साथ जीत का नया रिकॉर्ड बना दिया है। कांग्रेस ने 1985 में माधव सिंह सोलंकी की अगुआई में 149 विधानसभा सीटें जीती थीं। वहीं, नरेंद्र मोदी के सीएम रहते भाजपा ने 2002 के चुनाव में 127 सीटें जीती थीं। इस जीत के साथ भाजपा ने दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिये और रिकॉर्ड लगातार 7वीं बार सत्ता हासिल की है। इधर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में सत्ता बदलने का 'रिवाज' बदलता हुआ नहीं दिखा। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी 40 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, भाजपा को सिर्फ 25 सीटें ही मिल पायी। गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल 12 दिसम्बर को गांधीनगर में विधानसभा के पीछे हेलीपैड मैदान में शपथ लेंगे। दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी आगे की रणनीति पर काम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस पार्टी ने अपने विधायकों से कहा है कि जीत का प्रमाण-पत्र हासिल करने के बाद चंडीगढ़ चले जायें। वहां से कांग्रेस पार्टी अपने विधायकों को राजस्थान या छत्तीसगढ़ राज्य में शिफ्ट कर सकती है ताकि किसी भी तरह की खरीद-फरोख्त से बचा जा सके। गुजरात में तो भाजपा ने परचम लहराया ही है, लेकिन मोरबी की जीत पार्टी के लिए खास है। मोरबी में पहले फेज में एक दिसम्बर को वोटिंग हुई थी। चुनाव से ठीक 31 दिन पहले 30 अक्टूबर को यहां मच्छू नदी पर बना फुट ब्रिज टूटने से 143 लोगों की जान चली गयी थी। इसके बाद पीएम मोदी भी हादसे की जगह पर गये थे।





### भाजपा रिकॉर्ड 150 के पार कांग्रेस 20 के अंदर सिमटी

**गुजरात** की 182 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 156 सीटें जीती हैं। उसे 2017 के मुकाबले 57 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस को सबसे ज्यादा 60 सीटों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने पिछली बार 77 सीटें जीती थीं। इस बार उसे 17 सीटें ही मिली हैं। निर्दलीय और अन्य कैंडिडेट्स ने गुजरात में चार सीटें जीती हैं। जबकि आम आदमी पार्टी (आप) पांच सीटें जीतने में कामयाब रही।

**गुजरात विधानसभा चुनाव 2022** — सीटें 182 (बहुमत 92)

| पार्टी | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| जीत | 156 | 17 | 05 | 04 |
| +/-2017 | +57 | -60 | +5 | -2 |




**हिमाचल प्रदेश विस चुनाव 2022** — सीटें 68 (बहुमत 35)


| पार्टी | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| जीत | 25 | 40 | 00 | 03 |
| +/-2017 | -19 | +19 | 00 | 00 |

### रिकॉर्ड जीत के पीछे पीएम मोदी का जलवा

**गुजरात** में 27 साल से सत्ता में काबिज भाजपा को एक बार फिर सत्ता हाथ लगी। चुनाव परिणामों के मुताबिक गुजरात में भाजपा दो तिहाई बहुमत पाने में सफल रही। इसके पीछे मोदी और शाह का रणनीति और मोदी का जलवा कायम होना प्रमुख वजह माना जा रहा है। गुजरात में कांग्रेस को जबरदस्त नुकसान हुआ है। आप ने 13 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त कर राष्ट्रीय पार्टी होने का दावा मजबूत कर लिया है। चुनाव विश्लेषकों की मानें तो मोदी और शाह के फार्मूले ने एंटी इनकंबेसी खत्म करने के लिए तीन से पांच बार चुनाव जीत रहे विधायकों के टिकट काट दिये थे। कुछ विधायकों को यह कहने को भी मजबूर कर दिया था कि वे इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि फायदा भाजपा को मिला है। यह फार्मूला राजस्थान समेत अन्य राज्यों में लागू होता है तो राजस्थान में कई दिग्गजों के टिकट कट सकते हैं।

## शानदार जीत से गदगद हुए पीएम मोदी, जनादेश को किया नमन

**बोले पीएम- जनता ने रिकॉर्ड तोड़ने में भी रिकॉर्ड रचा**



- हिमाचल में हार के बाद भी विकास का 100 प्रतिशत वादा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात में भाजपा लगातार 7वीं बार सरकार बना रही है। इस जीत के बाद जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जनार्दन के सामने नतमस्तक हूं, ये जनादेश अभिभूत करनेवाला है। जहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष नहीं जीती, वहां भाजपा का वोट शेयर आपके स्नेह का साक्षी है। मैं गुजरात हिमाचल और दिल्ली की जनता का आभार जताता हूं। आपका प्यार उपचुनावों में भी दिखा। यूपी के रामपुर में भाजपा जीती है। बिहार के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन आनेवाले दिनों का प्रदर्शन कर रहा है। मोदी ने कहा कि चुनावों के दौरान मैंने गुजरात की जनता से कहा था, इस बार नरेंद्र का रिकॉर्ड टूटना चाहिए। मैंने वादा किया था कि भूपेंद्र नरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़े, इसके लिये मैं जी जान से कोशिश करूंगा। जनता ने गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश भाजपा को देकर नया इतिहास रच दिया है। ढाई दशक से लगातार सरकार में रहने के बावजूद ऐसा प्यार अभूतपूर्व है। लोगों ने जाति-वर्ग आदि विभाजन से ऊपर उठकर भाजपा को वोट दिया।

### युवाओं ने हमारे काम पर जताया है भरोसा

**पीएम** ने कहा कि इस चुनाव में वोट देने वाले एक करोड़ से भी ज्यादा ऐसे वोटर्स थे, जिन्होंने कांग्रेस का कुशासन नहीं देखा, सिर्फ भाजपा की ही सरकार देखी। युवा सवाल पूछना जानते हैं। युवा तभी वोट देते हैं, जब उन्हें भरोसा दिखता है, जब उन्हें काम दिखता है। युवाओं ने भाजपा को वोट देकर संदेश दिया है कि युवाओं ने हमारे काम को जांचा परखा और उस पर भरोसा किया।

## हिमाचल में रिवाज कायम, राज बदला : जयराम ठाकुर कैबिनेट के कई मंत्री हारे



**हिमाचल** में रिवाज तो नहीं बदला लेकिन अब सरकार बदलने जा रही है। हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों पर गुरुवार को हुए मतगणना में पांच साल के बाद सरकार बदलने का सिलसिला इस बार भी पहाड़ के लोगों ने जारी रखा। कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। जयराम ठाकुर के 11 मंत्रियों में से कई चुनाव हार चुके हैं। चुनाव परिणामों में कांग्रेस ने 40 सीटों पर जीत दर्ज करके सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत का आंकड़ा छू लिया है, जबकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 25 सीटों पर सिमट गयी है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सिराज सीट से तथा उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर जसवां से चुनाव जीते जबकि सरकार के आठ मंत्री चुनाव हार गये।

## 19 दिसम्बर से झारखंड विस का शीतकालीन सत्र होगा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का दशम (शीतकालीन सत्र) सत्र 19 दिसम्बर से शुरू होगा जो 23 दिसम्बर तक चलेगा। सत्र के पहले दिन शपथ ग्रहण या शोक प्रकाश (अगर दोनों में से कोई हो तो) रखा जाना है। इसके अलावा राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रति सदन के पटल पर रखी जायेगी। दूसरे दिन यानि 20 दिसम्बर को प्रश्नकाल होगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन होगा। इस विवरणी पर 21 दिसम्बर को वाद-विवाद, सामान्य मतदान होगा। प्रश्नकाल भी इस दिन होना है। 22 दिसम्बर को प्रश्नकाल के अलावा राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य होंगे। 23 दिसम्बर को भी सत्र संचालन होगा। साथ ही गैर सरकारी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**रामगढ़ के चर्चित गोला गोली कांड मामला**

## कांग्रेस विधायक ममता देवी सहित 13 दोषी करार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अगस्त 2016 में रामगढ़ के चर्चित गोला गोली कांड में रामगढ़ से कांग्रेस विधायक ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जायसवाल सहित 13 को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अब ममता देवी की विधायकी पर भी खतरा मंडराने लगा है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने 307, आर्म्स एक्ट सहित आधा दर्जन धाराओं में दोषी करार दिया है। जिला न्यायाधीश पवन कुमार की कोर्ट के आदेश के बाद सभी दोषियों को जेपी कारागार भेज दिया गया है। विधायक सहित अन्य को गोला गोली कांड संख्या 79/16



सेशन ट्रायल 347/21 के सुनवाई के दौरान दोषी करार दिया है। आगामी 12 दिसम्बर को कोर्ट सजा सुनायेगी। कुल 47 गवाहों ने अपने बयान को दर्ज कराये हैं। इससे पूर्व ममता देवी को न्यायिक दंडाधिकारी सह एमएलए-एमपी कोर्ट मरियम हेम्ब्रम की अदालत ने गोला थाना कांड संख्या 64/2016 में तीन महीने की सजा भी सुनायी है। अदालत ने विधायक ममता देवी के अलावा मनोज कुजहर, राजू साव, दिलदार हुसैन, आदिल इनामी, अभिषेक सोनी, राजीव जायसवाल और बालेश्वर भगत को भारतीय दंड विधान की धारा-147 और 427 में तीन-तीन माह व धारा-341 में दोषी करार देते हुए एक माह की सजा सुनायी थी। वहीं, नौ सितम्बर गोला थाना कांड संख्या 65/16 में लगातार तीन तिथि पर अनुपस्थित रहने पर एडीजे पवन कुमार सिंह के कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था।

## ईडी के समक्ष साहिबगंज डीएसपी नहीं हुए उपस्थित

- पंकज मिश्रा से फोन कॉल पर बातचीत मामले में ईडी ने किया था समन
- दिनभर इंतजार करते रहे ईडी के अधिकारी
- इससे पहले सूरज पंडित और चंदन यादव भी नहीं हुए थे उपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि व एक हजार करोड़ के अवैध खनन के मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा से फोन पर बातचीत के मामले में ईडी के समक्ष एक भी संदेही हाजिर नहीं हुआ। इस मामले में गुरुवार को साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दूबे को ईडी के जोनल कार्यालय पहुंचना था, लेकिन वह भी एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। गुरुवार को दिनभर ईडी के अधिकारी राजेंद्र दूबे का इंतजार करते रहे। वहीं, इसी मामले में ईडी ने छह दिसम्बर को सूरज पंडित व सात दिसम्बर को चंदन यादव को भी पूछताछ के लिए समन किया था। ये दोनों भी ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुए। ईडी इस मामले में पुलिस पदाधिकारी व दोनों अन्य संदेहियों के उपस्थित ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री ने गढ़वा से 'खतियानी जोहार यात्रा' की शुरुआत की

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मां गढ़देवी की पावन धरती गढ़वा से गुरुवार को खतियानी जोहार यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान वे गढ़वा स्थित टाउन हॉल परिसर में अमर वीर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की प्रतिमा के अधिष्ठापन हेतु शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। साथ ही गढ़वा के अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। स्थानीय गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि लगभग तीन साल में सरकार ने लाखों गरीब, वंचित और जरूरतमंदों को विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा है। जबकि पूर्व की सरकारें पिछले 20 साल भी इतने लोगों को हक-अधिकार नहीं दिला पायी। हम लोगों को अधिकार दे रहे हैं, यही विपक्ष की परेशानी है। यह झारखंडवासियों का सुख नहीं देख सकते। उन्होंने कहा कि झारखंड मांगने से नहीं मिला है, बल्कि आंदोलन की उपज है।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरकार की गिनायी उपलब्धियां :** हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमारी सरकार ने आपके द्वार आपके सरकार कार्यक्रम के जरिये वृद्धों, विधवाओं तथा दिव्यांगों को पेंशन उपलब्ध कराने का काम किया है। जेपीएससी के माध्यम से ढाई सौ अधिकारियों की नियुक्ति ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की भव्य प्रतिमा का अधिष्ठापन के लिए भूमि पूजन**



### राज्य की जनता के प्रति सरकार संवेदनशील : मिथिलेश ठाकुर

**कार्यक्रम** को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक व पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की जनता के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि विकास का जो हमने वादा किया था, वह पूरा हो रहा है। बिजली, पानी, सड़क, टाउन हॉल, घंटाघर, समाहरणालय का भवन निर्माण जैसे दर्जनों उपलब्धियों को गिनाते हुए मिथिलेश ठाकुर ने विरोधियों पर प्रहार किया और कहा कि कुछ राजनीतिक दल के लोग विधवा विलाप कर रहे हैं। उनका उनके चश्मा में विकास नहीं दिखता है। सभा को कैबिनेट मंत्री बादल, सत्यानंद भोक्ता तथा झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो गढ़वा जिला प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे ने किया। मंच पर सैकड़ों लोगों ने विभिन्न दलों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।

## मानसिक रूप से स्वस्थ रहने व बीमारियों से बचने के लिए 3-30-300 हरियाली वाले नियम का करें पालन

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** स्पेन के आईएस ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए 3-30-300 हरियाली वाली जगह के नियम का पालन करना चाहिए। इससे कई तरह के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य लाभ होते हैं। ग्लोबल फोरेस्टर सेसिल कोनिजेन्डीजक बीते 25 वर्ष से पेड़-पौधों और समाज में उनकी भूमिका पर शोध कर रहे हैं। उनके अनुसार हरे-भरे जगह में घर बनाने से मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने इसके लिए 3-30-300 हरित क्षेत्र का नियम सुझाया है। जिसके अनुसार, व्यक्ति को उसके घर से कम से कम तीन पेड़ दिखाई देने चाहिए। घर ऐसे क्षेत्र में होना चाहिए जहां



पेड़ों की छांव घर के 30 प्रतिशत पर पड़ती हो। इसके अलावा 300 मीटर के अंदर कोई पार्क या हरियाली वाला क्षेत्र हो। इस नियम का पालन करनेवालों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं कम होती हैं तथा डॉक्टर के यहां उपचार के लिए कम जाना व दवा कम खानी पड़ती है।

बार्सिलोना में रहनेवाले 3,145 लोगों जिनकी उम्र 15 से 97 वर्ष के बीच थी एक सर्वे किया गया। जिसमें आया कि केवल 4.7 प्रतिशत लोग ही 3-30-300 नियम का पूरी तरह पालन कर रहे हैं। 43 प्रतिशत प्रतिभागियों के घर से 15 मीटर की दूरी पर तीन पेड़ दिखते हैं। वहीं, 62.1 प्रतिशत लोगों के घर से 300 मीटर की दूरी पर हरियाली वाला क्षेत्र है। 8.7 प्रतिशत लोग पर्याप्त हरियाली में नहीं रहते। 22.4 प्रतिशत लोग 3-30-300 हरित क्षेत्र के नियम के एक भी भाग का पालन नहीं करते। सर्वे में शामिल 18 प्रतिशत लोगों का कहना है कि वो किसी न किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या के शिकार हैं। 8.3 प्रतिशत लोग बीते एक वर्ष में कम से कम एक बार मनोचिकित्सक के पास गये हैं। 9.4 प्रतिशत लोग ट्रैंक्विलाइजर या सेडेटिव्स का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा 8.1 प्रतिशत लोगों ने बीते दो दिन में अवसाद से उबरने वाली दवाओं का सेवन किया है।

## न्यूज गैलरी

### रघुवर दास ने गुजरात की जीत पर गुजरात की जनता को दी बधाई

रांची। गुजरात ने एक बार फिर इतिहास रचा। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल पर गुजरात की जनता ने मुहर लगाई है। यह लोगों को मान, सम्मान और आत्मविश्वास की जीत है। इस विराट विजय के लिए गुजरात की देवतुल्य जनता, भाजपा गुजरात के कर्मठ कार्यकर्ताओं को बधाई। यशस्वी गृहमंत्री अमित शाह जी, भाजपा के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल जी, गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री सीआर पाटिल जी का इस ऐतिहासिक विजय के लिए अभिनंदन।

### नये ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन



बुढ़मू। गुरुवार बुढ़मू प्रखंड के नाऊज के खुटेर टोली में नये ट्रांसफार्मर लगाया गया। इस दौरान ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बुढ़मू प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य मनोज बाजपाई एवं बाड़े पंचायत समिति सदस्य सुरजन गोड़ाइत, बाड़े मुखिया अनुपा उरांव के द्वारा नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गांव में नए ट्रांसफार्मर लगने से गांव के किसानों एवं स्कूली बच्चों को बिजली से लाभ मिलेगा। उद्घाटन के मौके पर बिरसा मुंडा, पवन उराव, जगदीश मुंडा, मुकेश साहू सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो ने 4 वर्षीय बच्चे को चपेट में लिया



मुरी। मुरी ओपी थाना अंतर्गत जामनीटांडा निवासी छोटू सिंह मुंडा के पुत्र आनंद मुंडा उम्र 4 वर्ष स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर जेएच 01 व 1117 तेज रफ्तार से आ रही गाड़ी ने छोटे बच्चे को जोरदार टक्कर मारी जिससे बच्चा घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुरी ओपी को दिया सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ओपी के सहायक अवर निरीक्षक मुन्ना कुमार सिंह अपने दल बल के साथ पहुंचे और घायल बच्चे को सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डॉ रमनेश प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। प्रशासन ने स्कॉर्पियो गाड़ी को पकड़कर मुरी ओपी ले आयी है।

### सिल्ली स्टेडियम के मुख्य द्वार पर भव्य गेट निर्माण की आधारशिला रखी गई



सिल्ली। सिल्ली स्टेडियम के मुख्य द्वार पर भव्य गेट निर्माण के लिए विधायक सुदेश कुमार महतो ने आधारशिला रखी । उक्त गेट टेनसइल स्ट्रक्चर फॉर एंट्रेन्स गेट जो अपने आप में एक आकर्षण का केंद्र होगा। इसका निर्माण थींन शेल स्ट्रक्टरेस जो कि फैब्रिक सर्ज फेरारी कंपनी मेड इन जर्मनी के द्वारा किया जा रहा है। कंपनी के निदेशक प्रिंस झा ने बताया कि इसका निर्माण कार्य 16 दिसंबर तक कर लिया जाएगा। जिसकी लंबाई 27 मीटर चौड़ा लगभग 4 :30 मीटर रहेगा। जिसकी लागत लगभग 14,95 लाख रुपए होगी। इसके अलावा इस कंपनी के द्वारा झारखंड मोड़ स्थित निर्मल महतो के आदम कद प्रतिमा तथा सिल्ली स्टेडियम परिसर में स्थापित स्व निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा, सोनाहातू थाना क्षेत्र बारेंदा में स्थापित बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा में को भी आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। इस मौके पर गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह अध्यक्ष सुनील सिंह प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, आर्चरी कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चापाटोली में विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण शुरू

# सदस्यों ने भरा प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन प्रपत्र नई शिक्षा नीति की मिली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय चापाटोली में गुरुवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। प्रशिक्षण के पहले दिन विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन प्रपत्र भरा और विद्यालय की समस्याओं का आकलन किया। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीख और सुविधा के संदर्भ में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने गांव का नजरी नक्शा बनाया और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के कर्त्तव्यों की जानकारी ली। प्रतिभागियों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम तथा नई



शिक्षा नीति के संदर्भ में भी जानकारी दी गई। नई शिक्षा नीति के नए पैटर्न 5+3+3+4 के संदर्भ में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधान शिक्षक लच्छु उरांव, सहायक अध्यापक सुजीत कुमार रक्षित, अनिता उरांव, सुखु उरांव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत उरांव, उपाध्यक्ष अनिमा कुमारी, बाल संसद के प्रधानमंत्री शिवा बैठा, सुनीता केरकेट्टा, महादेव उरांव, विश्वा उरांव, लाखो उरांव, लखन उरांव, सुकरो उराईन, गुड़िया देवी, सोमरी उराईन सहित कई लोग मौजूद थे।

### दो से अधिक संतान वाले को चुनाव लड़ने से मना किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर

**रांची।** झारखंड में दो से अधिक बच्चे वालों को निकाय चुनाव लड़ने से वंचित रखने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। रांची के रहने वाले कृष्णा कुमार ने याचिका दायर कर राज्य सरकार के निकाय चुनाव नियमावली को संविधान के अनुरूप नहीं बताया है। याचिका में कहा गया है कि इस नियमावली से चुनाव में समानता के अधिकार का हनन हो रहा है। राज्य के कई लोगों को सरकार चुनाव लड़ने से वंचित कर रही है।
याचिका में निर्वाचन आयोग के आदेश और सरकार की नियमावली को चुनौती दी गई है। नियमावली में कहा गया है कि दो से अधिक संतान वाले महिला या पुरुष निकाय चुनाव लड़ने के योग्य नहीं होंगे। यदि दो संतान नौ फरवरी 2013 से पहले की है तो वह चुनाव लड़ सकता है। संतान की परिभाषा में जुड़वां और गोद लिया बच्चा भी शामिल है।

### पलल्वी के हत्यारे को तत्काल गिरफ्तार करे पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को सभी समाज के लोगों ने पलल्वी कुमारी के आत्मा को शांति व उसके हत्यारा को गिरफ्तारी के लिए जिला स्कुल से फिरायालाल चौक तक कैंडल माच निकाल पदशन किया मौके पर उपेन्द्र कु. रजक, रंजन कुमार, गैतरी देवी, जफिर आलम,शौकत अंसारी,पिता विजय राम,माता मधुवा देबी ने कहा कि पल्लवी को हत्यारा को प्रशान तत्तकाल गिरफ्तार कर हत्यारा को फांसी का साजा दिलाए उन्होंने कहा कि राजधानी सहित पूरे राज्य में आये दिन बेटियों के साथ हत्या लुट बल्तकार जैसे घटना घट रही है सरकार व प्रशासन सोई हुई है। उपस्थित लोगों ने कहा कि यदि हत्यारा को तत्काल गिरफ्तार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन होगा।
उपेन्द्र रजक ने कहा कि राज्य में दलित/आदिवासी बेटी सुरक्षित नहीं है। राज्य में अभी तक 4 हजार से ज्यादा अदिवासी बेटियों व 22 सौ से ज्यादा दलित बेटियों के साथ इस तरह की घटना घट चुकी है और सरकार व प्रशासन मुकदर्शक बनी हुई है। कैंडल मार्च शामिल थे। अशुतोष कुमार, बेबी देबी, राना देबी,संजय राम, संदीप कुमार ,कामणी कुमारी, रिषभ सिह,राहुल कुजूर, अर्चना मिर्धा, बीबेक तिरकी सहित सैकड़ों महिला पुरूष शामिल थे।

### सिल्ली राजमाता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**सिल्ली।** राजमाता विद्या सिंह देव (81) का गुरुवार सुबह 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को प्रातः 8 बजे मुरी स्वर्णरेखा नदी तट के मुक्तिधाम में किया जाएगा। खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के समाजिक एव धार्मिक कार्यों में उनका हमेशा योगदान रहता था। जिससे क्षेत्र के लोगों में वो काफी लोकप्रिय थे। सुचना पाकर सिल्ली ड्रामेटिक क्लब के सदस्य क्षेत्र के व्यवसायी, बुद्धिजीवी, समाज सेवी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं ग्रामीण सिल्ली राजबाड़ी पहुंचे एवं उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। उनके पार्थिव शरीर के दर्शन के दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहा। देर शाम स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने राजबाड़ी पहुंचकर राजमाता के पार्थिव शरीर सुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव एवं राज परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इस मौके पर गूंज के संरक्षक जयपाल सिंह, सुनील सिंह, आर्चरी कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो, किशोर साहू आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

## प्रज्ञा केंद्र में घुसकर लूटपाट करने के मामले में दो नाबालिग समेत तीन को पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर थाने की पुलिस ने प्रज्ञा केंद्र में घुसकर लूटपाट करने के मामले में दो नाबालिग समेत तीन को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में बेड़ो निवासी विजय उरांव और दो नाबालिग शामिल है। इन आरोपियों के पास से पुलिस ने देसी कट्टा, गोली व मोबाइल बरामद किया है। मामले में एक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि प्रज्ञा केंद्र में कई लोग पैसा ऑनलाइन ट्रांसफर कराने के लिए जाते थे। इसकी जानकारी आरोपियों को पहले से थी। आरोपी विजय समेत चार लोगों ने प्रज्ञा केंद्र में लूटपाट करने की प्लानिंग बनायी। इसी के तहत बीते छह दिसंबर को दो आरोपी प्रज्ञा केंद्र में घुसे। वहीं आरोपी विजय एवं एक अन्य आसपास में प्रज्ञा केंद्र की रेकी कर रहा था। दोनों नाबालिग आरोपियों ने प्रज्ञा केंद्र के संचालक परीक्षित नायक से ऑनलाइन राशि ट्रांसफर करने की जानकारी ली। कुछ देर बाद दोनों ने संचालक पर कट्टा तान दिया और लूटपाट करने लगे। इसी क्रम में संचालक दोनों आरोपियों से भिड़ गया और कट्टा छीन लिया। विरोध को देखते हुए दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। मामले की जानकारी मिलने के बाद जगन्नाथपुर पुलिस ने तफ्तीश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर तीन को बीते मंगलवार को दबोच लिया। वहीं आरोपी विजय को गुरुवार को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया।

### हुरहुरी के मुखिया को बीडीओ ने नोटिस भेजकर मांगा स्पष्टीकरण

# दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करें अन्यथा उप विकास आयुक्त रांची को अनुशंसा की जायेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड क्षेत्र के हुरहुरी पंचायत में बन रहे निर्माणधीन आंगनबाड़ी केंद्र में अड़चन डालने व काम को बाधित करने का आरोप लगाते हुए रातू बीडीओ हरिशंकर बारीक ने हुरहुरी मुखिया कमल खलखो से स्पष्टीकरण की मांग की है। बीडीओ ने नोटिस जारी कर कहा की हुरहुरी में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।निर्माण कार्य विवादित हो जाये इसकी प्रयास मुखिया के द्वारा किया जा रहा है। दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करें अन्यथा कार्रवाई के लिए उप विकास आयुक्त रांची को अनुशंसा किया जायेगा। वही हुरहुरी मुखिया कमल खलखो ने कहा कि बीडीओ हरिशंकर बारीक के द्वारा लगाया गया आरोप, निराधार,दुर्भाग्यपूर्ण व एक आदिवासी जनप्रतिनिधि को अपमानित करने वाला है। जनप्रतिनिधि को नीची जाति समझ कर ठेस पहुंचाते हुये प्रशासनिक तानाशाही प्रतीत होता है। 48 घंटे के अंदर स्पष्टिकरण ऐसा मांगा जा रहा है जैसे कोई अपराध कर दिया हो।

### हुरहुरी पंचायत में नहीं बन रहा आंगनबाड़ी केंद

मुखिया कमल खलखो ने पत्रकारों को बताया कि मेरे पंचायत में कोई भी आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण नहीं हो रहा है। अगर बन रहा है तो बीडीओ दो दिनों के अंदर मुझे उक्त स्थल का खाता, प्लाट का संपूर्ण विवरण दे ताकि निर्माण कार्य को जनहित में ससमय पूरा किया जा सके।

### बीडीओ के मनमानी के खिलाफ डीडीसी को सौंपा गया था आवेदन

रातू बीडीओ हरिशंकर की मनमानी के खिलाफ 3 महीने पहले ही हुरहुरी पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने 28 सितंबर 2022 को उप विकास आयुक्त को पत्र लिख जांच की मांग की थी। आवेदन के मुताबिक हुरहुरी पंचायत में एक आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण किया जाना था परन्तु रातू बीडीओ व बीपीओ के द्वारा नियम कानून को ताक पर रख कर ठेकेदार से मिली भगत कर केंद्र को तारूप पंचायत में बनवा रहे है। जो नियम के विरुद्ध है। इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की गई थी। परन्तु आज तक बीडीओ के मनमानी के खिलाफ दिया गया आवेदन में उच्च अधिकारियों के द्वारा कोई संज्ञान नहीं दिया गया।

## आजसू पार्टी के संगठन मजबूती को लेकर बैठक सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** ग्रामीण इलाकों में संगठन को मजबुती को लेकर पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर सिल्ली के बुढ़ाबेहरा, नागेडीह एवं लोटा पंचायत के धदकीडीह, सुरगूंजाडीह, केंदवाडीह एवं खेदाडीह में पार्टी के चुल्हा प्रमुखों की बैठक की गई। आजसू पार्टी रांची जिला उपाध्यक्ष तूलोचन महतो एवं आजसू पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ता सह पुर्व उपमुखिया जगदीश चन्द्र महतो बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र के समस्याओं एवं समाधान तथा संगठन की मजबुती पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए तूलोचन महतो एवं जगदीश चन्द्र महतो ने कार्यकताओं से अपने दायित्व के प्रति सजग रहने एवं गांव के समस्याओं के समाधान पर तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। इस मौके पर परशुराम महतो, मनोरंजन महतो, धर्मेंद्र महतो, तरुण कुमार मुंडा, डोमन मुंडा, बीरबल महतो, त्रिलोचन महतो, राम सिंह महतो, रूपेश करमाली, बुधराम सिंह चटवाल, सुनील कुमार सिंह, सुंदर गोपाल मांझी, सुसेन बेदिया, सुमित्रा देवी, शीतली देवी, लकी मनी देवी, सरस्वती देवी, प्रमिला देवी, सीमा देवी, गिरिबाला देवी, तरुण महतो, सोमनाथ साहू, रामकुमार मोदक, सभी राम महतो, रामसिंह महतो, योगेंद्र महतो, पंकज मुंडा समेत क्षेत्र सभी चुल्हा प्रमुख उपस्थित थे।

### बच्चों ने किया झारखंड के सबसे ऊंचा जलप्रपात बूढ़ाघाघ और नेतरहाट का शैक्षणिक भ्रमण

**चान्हो।** चान्हो स्थित एम कोचिंग सेंटर सिलागाई के 63 बच्चों ने झारखंड का सबसे ऊंचा जलप्रपात बूढ़ाघाघ और नेतरहाट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस बीच कोचिंग के निदेशक अमीन अंसारी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों के पढ़ाई के प्रति उत्सुकता बढ़ती है ।बीच-बीच में हमें बच्चों को इस तरह का शैक्षणिक भ्रमण कराते रहने से बच्चों में उत्साह और शिक्षा के प्रति लगाव बढ़ती है बच्चे मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से मजबूत होते हैं वहीं माजिद आलम ने कहा हमारा झारखंड एक खूबसूरत जगह है जिससे बच्चों को अवगत कराना चाहिए ताकि वह अपने राज्य के बारे अच्छे से जान सके और शिक्षा में इसका फायदा मिले आज के इस बदलते समय में बच्चों को वास्तविकता से रूबरू कराना काफी जरूरी है।

### बेड़ो के कादोजोरा गांव में अगलगी से पुआल हुआ जलकर राख

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के कादोजोरा गांव में बुधवार की रात करीब 9.30 बजे चार किसानों में क्रमशः बिरसा उरांव, सुरेश उरांव, रोपना महतो व रतिया उरांव का पुआल का गांज आग लग जाने से जलकर राख हो गया। जिससे किसानों का मवेशियों का चारा जलकर राख हो गया। वहीं किसानों को इससे भारी आर्थिक क्षति हुई है। इधर घटना की सूचना मिलने पर उप मुखिया तंजीर हुसैन ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस घटना से चारों किसानों को भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।


**कार्यालय:- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू**

**शुद्वि – पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा दवा, उपकरण, सामग्री आपूर्ति में क्रमांक – 2 में आयकर अद्यतन के स्थान पर GST अद्यतन रिर्पोट एवं लेखन सामग्री में क्रमांक – 2 में आयकर अद्यतन के स्थान पर GST अद्यतन रिर्पोट एवं क्रमांक – 04 में WHO – GMP/ GMP Certificate ( Good Manufacturing Practice के स्थान पर ISO Certificate समझा जाय एंव लेखन सामग्री के क्रमांक – 05 को विलोपित किया जाता है, जिसका पी0आर0 नम्बर 283382 Turism, Art Culture Sports and Youth Affairs ( 22 – 23 ).D है।

PR 284591 Health Med Edu and Family Welfare(22-23).D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू


# गठबंधन के नेताओं को मुख्यमंत्री हेमंत के नेतृत्व में खतियानी जोहार नहीं, जनता को सच्चाई बतानी चाहिए : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मुख्यमंत्री की जोहार यात्रा पर प्रतिक्रिया दी है। कहा कि ठगबंधन के नेताओं को मुख्यमंत्री हेमंत के नेतृत्व में खतियानी जोहार नहीं, बल्कि माफी यात्रा निकालनी चाहिए। आखिर राज्य की जनता इनका अभिनंदन और जोहार क्यों करेगी। इस सरकार ने जनता को दिया क्या है,यह समझने की बात है। राज्य में सत्ता के संरक्षण में सिर से पैर तक फैले भ्रष्टाचार के लिए जनता इनका अभिनंदन कैसे करें। युवाओं को प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। किसानों को धान खरीदी नहीं करने, पुरानी लाभकारी योजनाओं को बंद करने के लिए जोहार कैसे संभव है। महिलाओं, बेटी, बहनों के साथ दुष्कर्म का रिकॉर्ड बनाने,घरों में जलाकर मार दिए जाने के लिए अभिनंदन संभव ही नहीं। गरीबों का अनाज लुटवाया जा रहा। एंबुलेंस, दवा के अभाव में गरीब दम तोड रहे।आयुष्मान योजना की विफलता शर्मनाक है। गरीबों के लिए आवास नहीं बन पा रहा। ध्वस्त विधि व्यवस्था, रोज होती हत्याएं ,चौपट बिजली व्यवस्था के बीच जोहार यात्रा का तुक नहीं।



◆किसानों को धान खरीदी नहीं करने, पुरानी लाभकारी योजनाओं को बंद करने के लिए जोहार कैसे संभव है। महिलाओं, बेटी, बहनों के साथ दुष्कर्म का रिकॉर्ड बनाने,घरों में जलाकर मार दिए जाने के लिए अभिनंदन संभव ही नहीं। गरीबों का अनाज लुटवाया जा रहा। एंबुलेंस, दवा के अभाव में गरीब दम तोड रहे।आयुष्मान योजना की विफलता शर्मनाक है। गरीबों के लिए आवास नहीं बन पा रहा।

### भाजपा के आंदोलन से डरी सरकार

श्री प्रकाश ने कहा कि दरअसल भाजपा के द्वारा गांव गांव में सरकार की विफलताओं और उसके खिलाफ किए गए जोरदार प्रदर्शन,आंदोलन से यह सरकार पूरी तरह डर चुकी है। सत्ताधारी गठबंधन को जनता के आक्रोश का भूत डराने लग गया है। इसलिए ये नए नए छलावा लेकर जनता को दिग्भ्रमित करने में जुट गए हैं। जिस उपलब्धि को लेकर ये ढिंढोरा पीटने जा रहे हैं, उसे खुद राज्य सरकार ने कानूनी पेंचीदगियों में फंसा दिया है। इससे स्पष्ट है कि यह केवल दिखाने का दांत है। जनता को कोई लाभ देने की मंशा हेमंत सरकार की नहीं है। मुख्यमंत्री को अपने सहयोगी दलों के साथ जनता से घूम घूम कर माफी मांगनी चाहिए। ऐसे झारखंड की जनता इनकी नीति और नीयत को समझ चुकी है और अवसर आने पर जवाब देने के लिए भी तैयार है।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

**मांडर।** मांडर थाना अंतर्गत मांडर बुढ़मू मुख्य मार्ग में करगे हातमा स्कूल के पास स्थित ठोकर में एक बाईक सवार गिर कर घायल हो गया।मांडर के ही सोसई आश्रम निवासी 30 वर्षीय विजय उरांव अपने बहन बहनोई के घर से वापस अपने घर लौट रहा था इसी क्रम में लगभग 3:30 बजे उक्त ठोकर में असंतुलित होकर गिर कर घायल हो गया।स्थानीय लोगों के द्वारा मांडर रेफरल हॉस्पिटल लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें घर भेज दिया। वहीं दूसरी घटना मांडर बेड़ो पथ पर चनगनी रंकाटोली के पास साढ़े दस बजे हुई।जिसमे अपने ही बाइक से गिरकर झींझरी पीपराटोली निवासी 18वर्षीय विकास मिंज घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों द्वारा मांडर रेफरल हॉस्पिटल लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।


**ऊर्जा विभाग**

**झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2, धुर्वा, रॉची**

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/57/2022-23 दिनांक– 07 / 12 / 2022

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, डोरण्डा, रॉची नव निर्मित जी03 भवन (कोर्ट नं0 15 से 20 माननीय कार्यालय कक्ष) में अवस्थित 136 अदद 3.0 टन क्षमता के कैसेट टाईप एवं 02 अदद 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 19,07,397=00 | 5,000=00 | 38,500=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.12.2022 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 15.12.2022 के 10.30 बजे अपराह्न से 20.12.2022 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 21.12.2022 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 284608 Energy (22-23)_D

## न्यूज गैलरी

### जेवीएम श्यामली ने मेधावियों को किया सम्मानित

रांची। जेवीएम श्यामली में गुरुवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जूनियर और सीनियर वर्ग में अकादमिक के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कोरोना महामारी के कारण दो वर्ष से यह समारोह बंद था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के दयानंद प्रेक्षागृह में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राचार्य समरजीत जाना, उपप्राचार्य एसके घोष, एसके झा, बीएन झा व प्रभाग प्रभारी सीमा सनवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छठी से 10वीं के छात्रों में स्कूल काउंसिलिंग के बैच होल्डर्स, अंतर सदनीय हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत में काव्य-पाठ, भाषण, निबंध-लेखन, वाद-विवाद, गीता-पाठ, पेंटिंग, खेल, गायन-वादन, नृत्य आदि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र, मेडल एवं पदक देकर सम्मानित किया गया।

### अभिनय की बारीकी सीखने के लिए कार्यशाला 10 से

रांची। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में नाट्य संस्था एक्सपोजर की ओर से 30 दिवसीय अभिनय कार्यशाला का आयोजन 10 दिसंबर से किया जा रहा है। संस्था के निदेशक वरिष्ठ रंगकर्मी संजय लाल ने बताया कि भाव, मुद्रा और संवाद की अदायगी सहित अभिनय से जुड़ी तमाम बारीकियों से प्रशिक्षण के दौरान अवगत कराया जाएगा। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के प्रशिक्षु और फिल्म अभिनेता दीपक लोहार, काजल मुंडू और शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ कमल बोस प्रतिभागियों को अभिनय की बारीकियों से रूबरू कराएंगे।

राज्य भर में लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ चलाया जा रहा नई चेतना अभियान

# लिंग आधारित भेदभाव को खत्म करने के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यक : प्रशांत कुमार




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव श्री प्रशांत कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार के सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें और लैंगिक हिंसा के खिलाफ 'नई चेतना अभियान को सफल बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। उन्होंने अभियान की नियमित मॉनिटरिंग और लैंगिंक भेदभाव के खिलाफ एक अंतर्विभागीय राज्य समिति की गठन का निर्देश भी दिया। वह आज एफ एफ पी बिल्डिंग सभागार में लैंगिक हिंसा के खिलाफ 'नई चेतना अभियान' पर अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में बोल रहे थे। प्रशांत कुमार ने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव को खत्म करने के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता है। इस हेतु यह आवश्यक है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी पहुंचे, ताकि महिलाएं को उसका लाभ मिले और अपनी समस्याओं को समाधान कर सकें। मनरेगा आयुक्त सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी,जेएसएलपीएस राजेश्वरी बी, द्वारा अभियान के उद्देश्य एवं पृष्ठ्भूमि को साझा किया गया। उन्होंने अभियान पर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ, लिंग आधारित हिंसा के रोकथाम पर जोर दिया और अन्य विभाग को आगे आकर अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने हेतु समाज के सभी लोगो की भागीदारी जरुरी है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव एवं शोषण की पहचान होनी चाहिए। राजेश्वरी बी ने सभी विभागों की भूमिका को पारदर्शी बनाने की बात कही एवं विभिन्न गतिविधि और ट्रेनिंग पर चर्चा की। उन्होंने ट्रांसजेंडर के लिए भी काम करने की बात कही। ट्रांसजेंडर और बुजुर्गों के लिए आईईसी सामग्री विकसित करने पर बात हुई। सखी मंडल की महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए राजेश्वरी बी, मनरेगा आयुक्त ने कहा, आजीविका मिशन के जरिये लिंग समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के कमजोर वर्ग को विकास की मुख्य-धारा से जोड़ने के लिए डे-एनआरएलएम और हमारे गांव की महिलाएं पुरजोर प्रयास कर रही हैं। बता दें कि राज्य भर में 25 नवंबर से 23 दिसम्बर तक लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ ह्यनई चेतना अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित इस अभियान में सखी मण्डल की महिलाओं द्वारा कई गतिविधियों के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ महिलाओं काउंसिलिंग और तत्काल मदद के लिए जेंडर जस्टिस सेण्टर की शुरूआत की गयी है। जिसका उद्घाटन 25 नवंबर को किया गया। राज्य के 5 जिलों में ( गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम ) 16 जस्टिस जेंडर सेण्टर की शुरूआत की गयी है।

### अभियान के तहत महिलाओं को हिंसा दी जा रही है जानकारी

अभियान के तहत महिलाओं को हिंसा के खिलाफ उपलब्ध कानूनी व अन्य उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर अभियान की शुरूआत की गयी। बैठक में राजेश्वरी बी, मनरेगा आयुक्त सह प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेएसएलपीएस बिष्णु सी परिदा, मुख्य संचालन अधिकारी, जेएसएलपीएस, पूर्णिमा मुखर्जी, प्रभारी राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, सामाजिक विकास,जेएसएलपीएस के राज्य कर्मी एवं अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# दिव्यांग संघ की मांग जायज व उचित, इनकी मांगे पूरी हो : शिव किशोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को छात्र क्लब मानव कल्याण मंच (इकाई,छात्र क्लब ग्रुप) के अध्यक्षता में रांची राज भवन के सामने धरना दे रहे दिव्यांग संघ के समर्थन में उनके उचित मांग के लिए क्लब के पदाधिकारियों ने मिलकर उनका समर्थन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के वार्ड नंबर 32 के प्रभारी इंदु भूषण गुप्ता ने किया। इस मौके पर क्लब वरिष्ठ संरक्षक युवराज पासवान, संरक्षक महेश चंद्रा, राज वर्मा,राजू महतो, रौशन चौधरी, रेणु गुप्ता, सुनीता देवी, गुड्डू शाहा, आशा देवी, लोकनाथ उरांव, आनंद गुप्ता आदि पदाधिकारीगण मौजूद थे। मौके पर इंदुभूषण गुप्ता ने कहा दिव्यांग संघ की सभी मांग उचित है सरकार इनके मांगों पर विचार कर उनके मांगों को लागू करें अन्यथा क्लब इनके समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेगी।वही क्लब के लीगल एडवाइजर अधिवक्ता अलख निरंजन वर्मा ने कहा अन्य राज्यों की भांति झारखंड के दिव्यांगों की मांगें जायज है सरकार को इनके मांगों पर सहानुभूति विचार कर लागू करना चाहिए अन्यथा हम दिव्यांग संघ के साथ हैं। मौके पर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने राज भवन के निकट धरना पर बैठे सभी दिव्यांग संघ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया एवं कहा हम आपके दिव्यांग संघ के साथ हैं एवं आपकी मांगें भी जायज हैं। आपके सभी मांगों को क्लब की ओर से माननीय राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

## एचईसी के वरीय नागरिकों को इलाज में 30 प्रतिशत रियायत

**रांची।** एचईसी के वरीय नागरिकों को पारस अस्पताल में इलाज के दौरान 30 प्रतिशत तक रियायत मिलेगी। पारस अस्पताल कमेटी की सदस्य और भाजपा नेता नीलम चौधरी ने इसके लिए पहल की थी। उन्होंने अस्पताल प्रंबधन के समक्ष इन पूर्व कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और 50 फीसदी तक रियायत देने को कहा। अस्पताल प्रबंधन ने 30 फीसदी पर सहमति जतायी। नीलम चौधरी ने गुरुवार को एचईसी के वरीय नागरिकों के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी। वरीय नागरिकों ने इस पर हर्ष जताया और नीलम चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मधुमक्खी को लेकर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। दिनांक 08.12.2022 दिन बृहस्पतिवार को इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी



प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के तेरहवें दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया । जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण के तेरहवें दिन प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः बकछूट व घरछूट की पहचान व उसके को रोकने के उपाय, मधुमक्खीयो में विभिन्न प्रकार के रोग व उसके रोकथाम के उपाय को विस्तार पूर्वक बताया गया एवं विभिन्न विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए प्रत्येक दिन की भांति आज प्रशिक्षण के तेरहवें दिन भी इनडोर गेम का आयोजन किया गया जिसमें आज के विजेता हेबेन मुर्मू रहे जिन्हें उचित सम्मान राशि देकर पुरस्कृत किया गया ।



## न्यूज गैलरी

### बढ़ती ठंड को देखते हुए बानो चौक में अलाव की हुई व्यवस्था

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है जिससे कि जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है ऐसे में लोगों को किसी प्रकार दिक्कत ना हो उसे ध्यान में रखते हुए बानो बिरसा चौक में प्रखंड प्रशासन की ओर से शीतलहरी को ध्यान में रख अलाव की व्यवस्था की है। साथी लोगों को ठंड में विशेष ध्यान रखने के लिए अपील किया है मौके पर पंचायत के मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, धीरज कुमार ,मोहम्मद कयूम ,अमित सोनी आदि उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा के तत्वावधान में चलाया जा रहा है अभिभावक संपर्क महा अभियान



**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में अभिभावक संपर्क महाअभियान जारी है।17 नवंबर 2022 से प्रारंभ हुए इस महाअभियान में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के कुशल नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में विद्यालय के आचार्य-आचार्या विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं के घर तक पहुंच कर उनके शैक्षणिक तथा बौद्धिक विकास के विषय में उनके अभिभावक से चर्चा कर रहे हैं। इसी क्रम में अब तक विद्यालय के आचार्य-आचायाओं ने सिमडेगा जिला के 77 राजस्व ग्राम तक पहुंच कर 833 घरों में जाकर छात्र छात्राओं के शैक्षणिक विकास पर अभिभावकों के साथ चर्चा की तथा अभिभावकों द्वारा दिए गए मंतव्य तथा सुझाव को लिखित प्रतिवेदन के रूप में तैयार किया है।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय सियाडीह का औचक निरीक्षण

**सरायकेला/खरसावां।** जिला शिक्षा पदाधिकारी जीतेन्द्र कुमार सिंहा ने कुचाई के सुदूरवर्ती उत्क्रमित उच्च विद्यालय सियाडीह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित मिले और छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक पाया गया। इस दौरान डीईओ ने स्कूल के रंग रोगन व सुंदर बागवानी की प्रशंसा की। इस दौरान बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छात्र छात्राओं से कुछ सवाल पूछे। उन्होंने छात्र छात्राओं की प्रदर्शनी का सराहना करते हुए और बेहतर प्रयास करने की बात कही। उन्होंने स्कूल के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन करते हुए शिक्षकों को कहा कि बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा से ज्यादा फोकस करें। सभी विषयों को गंभीरता से पढ़ाएं और जब तक बच्चे प्रश्न के उत्तर ठीक से समझते तब तक सरल तरीके से समझाने का प्रयास करें।

### बीडीओ राकेश सहाय ने छेंछा हाई स्कूल का किया निरीक्षण



**बरवाडीह।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने गुरुवार को प्रखंड के छेंछा उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थापित 10 शिक्षक अपने किसी भी विद्यालय में क्लास रूम में पढ़ाई करते हुए दिखाई नही दिए। विद्यालय के सभी बच्चे अपने-अपने क्लास में अपने से पढ़ाई करते हुए दिखे। कुछ बच्चे बाहर धूप में भगवान भरोसे पढ़ाई करते दिखे, जबकि विद्यालय में पढ़ाई करने वाले शिक्षक बाहर घूमते फिरते वह धूप का आनंद लेते हुए दिखाई दिए। निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान विद्यालय में किसी तरह के अनुशासन नहीं दिखी। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी पदस्थापित शिक्षक पर कार्रवाई करने की बात कही। शिक्षकों की फटकार लगाते हुए विद्यालय में शिक्षा में सुधार करने की बात कही। बीडीओ ने कहा कि विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों की लापरवाही व कोट बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले सभी शिक्षकों का सामूहिक स्तांतरण करने का पत्र उपायुक्त को लिखा जाएगा। बीडीओ ने निरीक्षण के उपरांत कहां की प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने हेतु वह नियमित रूप से प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे और लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों पर उचित करवाई की अनुशंसा की जाएगी।

### एसएस प्लस टू सिमडेगा से शुरू हुई पुलिस अंकल टुटोरिअल

# जिले भर में मैट्रिक के बच्चों को पुलिस कराएगी ट्यूशन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस की अनोखी पहल ओं में से एक पहल पुलिस अंकल ट्यूटोरियल है जो वर्ष 2019 में तत्कालीन एसपी संजीव कुमार सिंह के द्वारा शुरू की गई थी जो किस जिले के लिए कारगर साबित हुई थी( यहां के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चे जो मैट्रिक की तैयारी सही से नहीं कर सकते हैं उनके लिए पुलिस की ओर से यह पूरी संकल्प ट्यूटोरियल रामबाण साबित हुआ था और इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ कुमार ने गुरुवार को सिमडेगा एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार से विधिवत इसकी शुरूआत की कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रुप में उपायुक्त आर रोनिटा, विशिष्ट अतिथि एसपी सौरभ, एवं जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज,क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ढोढराय , सिमडेगा थाना प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। ससुराल पुलिस अंकल ट्यूटोरियल के कोऑर्डिनेटर प्रेम कुमार शर्मा ने इसका संक्षिप्त परिचय दिया और इसका लाभ के बारे में जानकारी दी। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने भी बताया कि 120 शिक्षकों को चयनित करते हुए इस कार्य के लिए लगाया गया है और इसके अलावा सभी थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिस ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति की गई है उनका सहयोग लिया जाएगा जिला शिक्षा अधीक्षक ने भी बच्चों को बेहतर करते हुए शिक्षा विभाग से हरसंभव इस कार्य में सहयोग करने का विश्वास दिलाया मौके पर पुलिस अंकल ट्यूटोरियल में शामिल सभी शिक्षक एवं विभिन्न स्कूल से आए हुए छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### इस पढ़ाई से बच्चे काफी मजबूत होंगे : उपायुक्त

मौके पर मुख्य अतिथि उपायुक्त ने सभी बच्चों को इस पहल के लिए शुभकामनाएं दी और सिमडेगा पुलिस की इस पहल के लिए जिम्मेदार पुलिस का भी धन्यवाद किया और कहा कि इस पढ़ाई से बच्चे काफी मजबूत होंगे और बच्चों को भी उन्होंने पढ़ाई में मन लगाकर पढ़ने और खासकर छात्राओं को हर क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने कहा कि बच्चे जिस प्रकार से यहां शिक्षा मिलेगा उसे अर्जित करें ताकि आने वाले दिनों में बेहतर कर सकें। एसपी सिमडेगा ने कहा कि सिमडेगा पुलिस अपराध नियंत्रण के साथ-साथ सोशल पुलिसिंग का भी कार्य कर रही है और इसी में से यह एक कदम है जिसमें कि समाज में वैसे बच्चे जो कि अतिरिक्त क्लास नहीं कर पाते हैं और पढ़ाई में उन्हें मदद नहीं मिल पाती है उनके लिए यह पहल की है । जिससे कि आने वाले दिनों में बेहतर रिजल्ट मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब तक मैट्रिक के रिजल्ट की तैयारी की जाती थी लेकिन अब सिमडेगा पुलिस मैट्रिक के बाद भी इनकी मॉनिटरिंग करते हुए इनकी उज्जवल भविष्य की तैयारी कराएगी। जिससे कि वह सही मार्ग पर चलकर अच्छे चरित्र का निर्माण कर सकें।

## बाइक से गिरकर महिला हुई घायल , रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग झाबर ग्राम के पास बाइक से गिरकर सुनीता देवी ( 25वर्ष) पति अमृत यादव घायल हो गए। वही जानकारी मिलते ही बालूमाथ पुलिस ने अपनी गाड़ी से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जिसके बाद डॉ अमरनाथ कुमार ने महिला का प्राथमिक उपचार की गई। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार पति और पत्नी अपने घर हटाटोगरी से भैसादोनजा रहे थे, कि इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर हो दुर्घटनाग्रस्त हो गई । वही महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## गिद्धौर में विद्युत विभाग ने 9 लोगों का काटा अवैध कनेक्शन

**गिद्धौर (चतरा)।** गुरूवार को विद्युत विभाग द्वारा गिद्धौर प्रखंड के महुआटांड में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व विद्युत विभाग के सहायक अभियंता रामानंद पासवान व कनीय अभियंता तरुण कुमार द्वारा किया गया। जिसमें सहायक विद्युत कर्मी महावीर दांगी, संतोष कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे। छापेमारी अभियान के दौरान नौ लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए और स्थानीय थाना में विद्युत चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जबकि इन लोगो पर 293523 रुपया का जुमार्ना लगाया गया। दर्ज प्राथमिकी में महुआटांड़ के संतोष राणा पर 29557 रुपया, शंभु राणा पर 24117, कामेश्वर राणा पर 53378 रुपया, महेंद्र राणा पर 52393 रुपया, संजय राणा पर 49565,किशोर राणा पर 30327, मोहन ठाकुर पर 30824 व गिद्धौर के संदीप राणा पर 55000 रुपया जुमार्ना लगाया गया है। छापेमारी के क्रम में विद्युत तार भी जब्ती की गई है।

## पशुओं का शिकार करने के लिए विद्युत तार बिछाने वाले चार लोगों पर मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के कधवन गांव निवासी चंद्रदेव चौधरी ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना प्रभारी को दिये गये आवेदन में उल्लेख किया है कि मंगलवार की सुबह मेरा पोता विवेक कुमार मेरौनी गांव में ट्यूशन पढ़ने जा रहा था इस क्रम में कोसडिहरा गांव के समीप शौच करने के लिए आहर में पांच कदम सड़क से नीचे उतरा। इसी दौरान पहले से ही जंगली पशुओं का शिकार करने के लिए बिछाये गये ग्यारह हजार वोल्ट का विधुत तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। विवेक कि चिल्लाने कि आवाज सुनकर साथी छात्रों ने हिम्मत जुटाते हुये घायलावस्था में विवेक को सड़क पर लाया और परिजनों की इसकी सुचना दी। घटनास्थल से परिजनों ने विवेक को इलाज के लिये अस्पताल ले गये। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक बाईक, सात बंडल नंगा तार, कम्बल बरामद किया था। आवेदक चंद्र देव चौधरी ने कोसडिहरा गांव के महेंद्र पासवान, विमलेश पासवान,विनय पासवान, सुदामा पासवान पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया की इन लोगों के द्वारा ही जंगली पशुओं का शिकार करने के लिए 11 हजार वोल्ट का विधुत तार आहर में बिछाया गया था जिसके चपेट में आने से मेरा पोता गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसका इलाज रांची रिम्स अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने इन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया की प्राप्त आवेदन के आलोक में उक्त लोगों पर धारा 287/307/34 आईपीसी के तहत प्राथमिकी कर पुलिस मामले की अनुसंधान करने में जुट गयी है।

### प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

## मनरेगा अभिलेखों की बारीकी से हुई जांच

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया।** बसिया के प्रखंड कार्यालय परिसर में आज प्रखण्ड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई के दौरान मनरेगा योजनाओं के संचालन व तत्संबंधी अभिलेखों के संधारण में कई तरह की गड़बड़ियों की बातें सामने आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से बसिया प्रखंड के सभी पंचायतों की बारी बारी से सुनवाई की गई। इस दौरान मनरेगा अभिलेखों की बारीकी से जाँच की गई और कई तरह की गड़बड़ियों का उद्भेदन करते हुए मौके पर संबंधित दोषीदारों पर जुमार्ना सुनिश्चित किया गया। इस तथ्य की पुष्टि करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि प्राप्त



गड़बड़ियों के आलोक में विभिन्न पंचायतों के रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, कम्प्यूटरऑपरेटर, पंचायत सेवक और मुखियाओं को मिला कर आज कुल पंचानबे सौ रुपए को जुमार्ना तय किया गया। इसके साथ साथ मनरेगा योजनाओं के संचालन में लगे सभी संबंधित लोगों को यह सख्त हिदायत दिया गया कि भविष्य में अभिलेख संधारण और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर किसी प्रकार की कोई कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसी तरह से संचालित सभी योजनाओं को लेकर ससमय सूचना बोर्ड लगाने और सरकारी दिशा निदेर्शों का अक्षरशः सख्ती से पालन करने का निर्देश भी दिया गया। आज आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, संबंधित पंचायतों के अभियंता, सामाजिक अंकेक्षण टीम के सदस्य, प्रखंड प्रमुख, बीटीएम आदि की उपस्थिति दर्ज की गई जबकि इस कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के सख्त रवैये से यहां तमाम पंचायत कर्मियों व पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों में हड़कंप मच गया है।

### जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बोलबा के विभिन्न विद्यालयों का किया

## विद्यालय आकर हड़िया पीने गए शिक्षक पर जताई नाराजगी, मांगा स्पष्टीकरण

नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा ने गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर एसएस+2 उच्च विद्यालय बोलबा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बोलबा, रा उ उच्च विद्यालय मालसाडा,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सल्याटोली मालसाडा का औचक निरीक्षण किया गया। सभी विद्यालयों में पाठ योजना के तहत छात्रों को पढ़ाने ,पोशाक की राशि हेतु खाता उपलब्ध कराने,ई विद्यावाहिनी में उपस्थिति दर्ज करने ,एमडीएम मैसेज प्रतिदिन ऑनलाइन करने का निदेश दिया गया वही सभी विद्यालय का रंग रोगन कार्य समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिये जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सभी



विद्यालय में बच्चों का वर्ग संचालन किया गया ।उन्होने कहा कि गुणवतापूर्ण शिक्षा सभी बच्चों का मौलिक अधिकार है ।निरीक्षण के दौरान राउम विद्यालय लेटाबेड़ा के शिक्षक फ्रांसिस तिर्की हाजरी बनाकर अनुपस्थित पाया गया कुछ देर के बाद हड़िया शराब पीकर स्कूल पहुँचा तो जिला शिक्षा पदाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए फटकार लगाया । तत्काल ही शिक्षक पर स्पस्टीकरण माँगा गया है । मौके पर मालसाडा मुखिया विनोद बड़ाईक ,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी,प्रखंड साधन सेवी रामानंद कुमार,लिपिक लक्ष्मी बड़ाईक, वी सिंह उपस्थित थे।

## इस्लामपुर में बाइक दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के इस्लामपुर के समीप बुधवार देर रात मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक की मौत हो गई। वही सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए राजधानी रांची भेजा गया। जबकि दूसरा की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई । मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिथरा सरईटोली निवासी प्रभात कुल्लू के रूप में हुई। जबकि घायल का सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सुंदरपुर रुंगटुटोली उज्जवल के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक नशे में थे और अपने मोटरसाइकिल से ठेठईटांगर की ओर जा रहे थे इसी दौरान तीव्र गति में आकर इस्लामपुर के पास सड़क किनारे



एक पेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार की घटनास्थल पर ही दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जाना एक की मौत हो गई जबकि दूसरा को रेफर किया गया। इधर पुलिस शव को कब्जे में लेने के पश्चात पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया

## कार्यक्रम के दौरान स्टार कलाकारा के साथ हुई बदसलूकी

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से आयोजित खतियान जोहार कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी के स्टार कलाकार अक्षरा सिंह के साथ बदसलूकी किया गया जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया उस दौरान कई कुर्सियां भी टूट गए। वहीं कुछ लोगों को चोट भी आई है। जानकारी के अनुसार सीएम के कार्यक्रम जैसे ही खत्म हुआ स्टेज पर भोजपुरी गायिका अक्षरा सिंह पहुंची। उसी दौरान वहां उपस्थित लोगों ने शोर मचाते हुए कुर्सियां तोड़ दी। उसके बाद पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज किया गया। कार्यक्रम के बाद जैसे ही अक्षरा सिंह जाने लगी। उसी दौरान वहां उपस्थित भीड़ ने उनके साथ बदसलूकी कर दी जिसके बाद उनके सहयोगी ने जैसे तैसे उन्हें निकाल कर ले गए।

## धक्का मुक्की से वृद्ध महिला का हाथ फ्रैक्चर

**गढ़वा।** खतियानी जोहार यात्रा को लेकर गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भीड़ कोि नयंत्रित करने के लिए पुलिस को भी मशक्कत करनी पड़ी। आलम यह था कि पुलिस की धक्का मुक्की से कार्यक्रम में पहुंची एक वृद्ध महिला घायल हो गई। मेराल थाना क्षेत्र के बोकेया गांव के स्व. भोला चौधरी की पत्नी चंद्रावती कुंवर का बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया। सदर अस्पताल में घायल चंद्रावती कुंवर का इलाज किया गया। चंद्रावती कुंवर ने बताया कि उसे गांव के ही झामुमो कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लेकर आए थे। कार्यक्रम स्थल पर कुछ लोगों को नियंत्रित करने के दौरान पुलिसकर्मियों ने उसे धक्का मुक्की शुरू कर दी। चंद्रावती देवी ने बताया कि एक पुलिसकर्मी ने उसे धक्का दिया, जिससे वह गिर गई। इससे उसके बायां हाथ में चोट लगी। भीड़ से किसी तरह निकलकर सदर अस्पताल पहुंचकर चिकित्सक को दिखाया तो एक्सरे रिपोर्ट में उसका बायां हाथ फ्रैक्चर होने की रिपोर्ट आई है।

### राजस्व संग्रहण से सम्बंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक

## निर्धारित लक्ष्य को जल्द पूर्ण करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण से सम्बंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से राजस्व, नीलामपत्र वाद एवं दाखिल-खारिज के लंबित मामलों से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इसमें मुख्य रूप से उत्पाद विभाग मत्स्य विभाग, परिवहन विभाग,खनन विभाग, निबंधन विभाग, नगर परिषद ,विद्युत विभाग तथा अंचलवार राजस्व वसूली, ऑनलाईन दाखिल खारिज मामलों, अवैध जमाबंदी सहित अन्यान्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा राजस्व संग्रहण सहित अन्य संबंधित मामलों के विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए संबंधित मामलों



पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही मासिक राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी, जिसमें उन्होंने निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने ऑनलाईन दाखिल खारिज के समीक्षा के क्रम में उन्होंने लंबित दाखिल खारिज मामलों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध जमाबंदी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम मे अंचल अधिकारियों दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि राजस्व संग्रहण का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही अतिरिक्त भू- अर्जन के लंबित मामले के निष्पादन का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारीयों व अंचल अधिकारियों को निदेशित किया कि अपने स्तर से भी सारे कार्यो को निरीक्षण करें ताकि सारे कार्यो की प्रगति सही से एवं समय पर हो सके ।उपायुक्त ने संबंधित विभागों को समय समय पर छापामारी करते रहने का निर्देश दिया किसी भी प्रकार के अवैध कार्यों पर कड़ी नजर रखते हुए उनपर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों से उनके अंचल क्षेत्र मे आने वाले तालाबों की सूची की मांग की जिसे मत्स्य विभाग द्वारा मॉनिटर किया जाएगा तथा उससे संबंधित राजस्व वसूली मत्स्य विभाग को करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने तहसील कचहरी को नियमित रूप से खोलने का भी निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंडवार रिवेन्यू कैंप लगाने की बात कही।

## संत जेवियर महाविद्यालय के छात्रों का सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका अहम : संतोष मिंज

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड।** संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड में हजारीबाग प्रोविंस के सुपिरियर व कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष फादर संतोष मिंज छः वर्ष के कार्यकाल को पूरा होने के अवसर पर आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की अंग्रेजी विभाग की ओर से स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य फादर डॉ. एमके जोश द्वारा पुष्पगुच्छा, कॉलेज द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका एवं पारंपरिक चादर ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश ने शासी निकाय अध्यक्ष द्वारा किये गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि फादर संतोष के नेतृत्व में महाविद्यालय ने प्रचुर विकास तथा प्रगति हासिल की है। सहायक



प्राध्यापिका कीर्ति मिंज ने अपने अभिभाषण में फादर संतोष मिंज के द्वारा दिए गए उत्कृष्ट व प्रेरणादायक वचनों एवं उनके कार्यों का जिक्र किया। कार्यक्रम का संचालन सिस्टर चंद्रोदया के द्वारा किया गया। उप प्राचार्य सिस्टर कैशलीन जूलियट एवं अंग्रेजी विभाग ने मिलकर किया। इस दौरान प्रो रोश एलिस, प्रो रीमा रेणु, फादर डॉ राजीप, डॉ प्यारी कुजूर प्रो सुभास सामंत व महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक गण व विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

### संस्थान के शीर्ष को मजबूत बनाना होगा : फादर

शासी निकाय अध्यक्ष फादर संतोष ने आशीर्वचन संदेश में कहा कि महाविद्यालय एवं छात्र छात्राओं के नवनिर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका है। आप सभी उच्चतर योग्यताधारी और युवा प्राध्यापक गण है। आपके मार्गदर्शन पर छेछाडीघाटी छात्र-छात्राएं उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे हैं और उत्तम शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही यह भी कहा कि कोई भी संस्था को सही रूप से संचालन हेतु संस्थान के शीर्ष को मजबूत बनाना होगा तभी सारे कार्य नियमित और अनुशासित रूप से हो पाएंगे।

## न्यूज गैलरी

### गुजरात में बीजेपी की भारी बहुमत से जीत पर लोहरदगा भाजपा ने मनाया जश्न



**लोहरदगा।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी रिकार्ड जीत पर लोहरदगा भाजपा के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस क्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में शहर में स्थित पावरगंज चौक पर कार्यकर्ताओं एक दूसरों को मिठाई खिलाया और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए जश्न मनाया। मौके पर जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि गुजरात की जीत गुमराह की निति को जवाब है। आज के चुनावी परिणाम मे हमे सभी जगहों पर भरपूर समर्थन मिला है। गठबंधन भी मात खाइ है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि सुशासन और विकास की जीत हुई है। यह जीत सारे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इसमें मोदी जी के द्वारा किए गए कार्यों परिणाम है। श्रीचंद प्रजापति ने कहा कि प्रचंड जीत हमारी पार्टी और सरकार के द्वारा वैश्विक महामारी में भी लोगों की मदद कर कदम से कदम मिलाकर चलने व मोदी जी के राष्ट्रीय एकता पर विश्वास का परिणाम है। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, जगनन्दन पोराणिक, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, अजय पंकज, अमरेश भारती, विजय कुमार, राजकुमार साहू, मंगरा यादव, निर्मला देवी, पशुपतिनाथ पारस, राजेंद्र वर्मा,अशोक सहित अन्य शामिल थे।

### भाजपा की गुजरात में प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न, लड्डू बांटकर जताई खुशी



**सिमडेगा।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को शाम में सिमडेगा महावीर चौक पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई और एक दूसरे को बधाई दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की गुजरात की जीत न सिर्फ गुजरात बल के भारत को एक नई दिशा देने वाली जीत है गुजरात के मतदाताओं ने कांग्रेस एवं आप के झूठ फरेब के प्रचार में ना फंस कर भारतीय जनता पार्टी को अपना जनादेश दिया है। गुजरात के देवतुल्य मतदाता बधाई के पात्र हैं। महामंत्री दिपक पूरी ने कहा कि गुजरात की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के विकास मॉडल को समर्थन प्रदान कर अपना विश्वास जताया और कांग्रेस और आप पार्टी को गुजरात से बाहर का रास्ता दिखाया आने वाले लोकसभा चुनाव में भी विपक्षियों का सूपड़ा साफ होगा और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनेगी। सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा कि गुजरात चुनाव का परिणाम आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव का ट्रेलर है और इस पिक्चर का क्लाइमैक्स झारखंड विधानसभा चुनाव की जीत के साथ होगा।देश की जनता अब जान चुकी है कि झूठे आरोप लगाकर किसी को भुलाया नहीं जा सकता है प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के ऊपर देशवासियों का पूरा भरोसा है मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय सिंह , ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश साहू ,राकेश रविकांत, सत्यनारायण प्रसाद ,संजय शर्मा, राजेन्द्र बड़ाईक, रामविलास बड़ाईक, नरेंद्र बड़ाईक ,नवीन सिंह ,कुणाल बुंदेल ,रविंद्र शर्मा ,पिंकी प्रसाद, सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बानो में टेम्पो पलटने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**बानो।** बानो में टेंपो पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई घटना देर रात की है बानो घटना के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के मुताबीक बाहलेन मिंज नामक व्यक्ति बानो रेलवे के समीप अपनी चाय की दुकान बंद कर ऑटो में अपनी बहन सुषमा मिंज केसाथ अपने घर जा था ।तभी दुर्गा पहाड़ी मन्दिर के समीप ऑटो के ब्रेक फेल हो गया और ऑटो सड़क के किनारे नाली मे पलट गई। घायल बाहलेन को इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बानो थाना पुलिस अस्पताल पहुचकर शव को कब्जे में कर कानूनी कार्यवाही शुरू की। इधर गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराते हुए शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### अधिक से अधिक युवाओं को बूथ तक जोड़े युवा : विशाल डुंगडुंग



**कैरो/लोहरदगा।** गुरुवार को प्रखंड युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष तीला उरांव की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की उपस्थिति में प्रखंड कांग्रेस कार्यालय कैरो में की गई। जिसमे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से कार्यकर्ता गण शामिल हुए,और संगठन की मजबूती एवं विस्तार संबंधी चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को बूथ से जोड़ें और जल्द से जल्द प्रखंड कमिटी का विस्तार करें। कार्यक्रम में झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा भी की गई और अधिक से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही गई। कार्यक्रम में सभी लोगो ने अपनी अपनी विचारो को रखा। मौके पर नगर अध्यक्ष तैसिफ आलम, शोसल मीडिया जिला कोऑर्डिनेटर अल्ताफ अंसारी, रंजीत लकड़ा सदस्य, मीडिया प्रभारी जुबैर अंसारी, रोहित प्रजापति, तबरेज अंसारी, लछु उरांव,अमित उरांव, वीरेंद्र उरांव ईश्वर साहू, कृष्णा उरांव, अमर उरांव, मदन उरांव, जगरनाथ उरांव,राम मोहन उरांव महावीर उरांव आदि उपस्थित थे।

---

एक करोड़ रुपये से अधिक राशि की लागत से बन रही योजनाओं की हुई समीक्षा

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा जिला आगमन की पूर्व तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा जिला आगमन की पूर्व तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला में एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि के लागत से बन रही योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के द्वारा मुख्यमंत्री सेतु योजना में मन्हो-भक्सो पथ में कोयल नदी पर बन रहा पुल, किस्को प्रखंड में बेटहठ-ओयनो पथ में बेटहठ नदी पर पुल निर्माण और कुडू प्रखंड में कुडू-जोंजरो-कैरो पथ में कोयल नदी पर पूर्ण हो चुकी पुल निर्माण की योजनाएं शामिल हैं। इसी प्रकार कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा चट्टी-कैरो नयाटोली, टाटी चौक तक, जिंगी पथ का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण, भंडरा-सेन्हा पथ में भूमि अधिग्रहण, शंख पुल-चतरा-लुकईया मोड़ में राइडिंग क्वालिटी बढ़ाना, किस्को-रिचुघुटा पथ का मजबूतीकरण व



चौड़ीकरण, बेड़ो-लोहरदगा पथ में कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, भंडरा-सेन्हा पथ में दक्षिणी कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण, पतराटोली-मन्हो पथ में शंख नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल रांची, के कार्यपालक अभियंता द्वारा कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण, लोहरदगा-बेड़ो पथ का मजबूतीकरण और बायपास रोड के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। भवन प्रमंडल कार्यपालक अभियंता द्वारा सिविल एसडीओ कार्यालय निर्माण, एकलव्य विद्यालय कुजरा में 64 बेड का छात्रावास निर्माण, 200 बेड का छात्रावास निर्माण, नया समाहरणालय भवन निर्माण, 12कोर्ट भवन निर्माण आदि योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा सेन्हा प्रखंड के बुटी ग्राम में ग्रामीण जलापूर्ति योजना और किस्को प्रखंड के अरैया में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद द्वारा बीएस कॉलेज स्टेडियम में गैलरी निर्माण की जानकारी देते हुए अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा तिलका मांझी योजना की जानकारी व अद्यतन स्थित से अवगत कराया गया। बैठक में जिला में ऑनलाईन म्युटेशन की अद्यतन स्थिति व मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में रेवेन्यू कोर्ट में आये मामलों व उसके निष्पादन की स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, जिला योजना पदाधिकारी, समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक अलमल इंदु उरांव, सभी इंजीनियरिंग विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

### हेमंत सोरेन के आगमन पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, दिया निर्देश



**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन के लोहरदगा जिला आगमन के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रम व उससे संबंधित विधि व्यवस्था संधारण को लेकर गुरुवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में दिनांक 12 दिसंबर व 13 दिसंबर को विभिन्न स्थानों पर माननीय मुख्यमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम, कार्यक्रम के दौरान आवश्यक विधि-व्यवस्था, चौक-चौराहों पर तैयारी, निर्धारित रूट का ट्रैफिक नियंत्रण, वाहनों की पार्किंग समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीएन सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### बगडेगा में मध्य डायसिस महिला समिति को एसटी एससी एक्ट की दी गयी जानकारी

**केरसई।** केरसई प्रखंड अंतर्गत बगडेगा में मध्य डायसिस महिला समिति द्वारा गुरुवार को आयोजित महिला हिंसा उन्मूलन के तहत सेमिनार में नेशनल कौंसिल फॉर वूमेन लीडर्रस की अगुस्टीना सोरेंग ने महिलाओं को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गैर आदिवासी द्वारा आदिवासी समुदाय पर किसी प्रकार के अत्याचार करने पर एसटी एससी थाने पर आवेदन करने संबंधी विशेष प्रावधानों के तहत ऐसे मामलों में पीड़िता को मेडिकल, वकील की निःशुल्क व्यवस्था तथा न्यायालय आने जाने के लिए खर्च का वहन भी प्रशासन द्वारा कराए जाने का एवं मुआवजा का प्रावधान होने के बारे बताया । साथ ही बताया कि इस कानून के बारे जागरुक होने की जरुरत है ताकि ऐसे मामलों में समुदाय अपना हक ले सके। मौके पर डायन हत्या जैसे अंधविश्वास से भी महिला हिंसा होती है इसे भी हमें रोकने के लिए साथ आने का अपील किया जिससे समाज से ये कुरीति को खत्म किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य रुप से शशि लुगुन, सुबरंगी केरकेट्टा, मेरी भैलेट बाः, पुनीत नीलम, जीवंती, संध्या कुल्लु एवं मध्य डायसिस महिला समिति की सदस्यगण तथा बगडेगा की महिलाएं उपस्थित थीं।

---

सी थ्री ने किस्को के विभिन्न स्कूलों में चलाया स्वास्थ्य जांच अभियान

## बच्चों के बेहतरी के लिए ऐसा कार्यक्रम जारी रहेगा : रंजन कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के मध्य एवं उच्च विद्यालय में स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बाल सुरक्षा टीम के द्वारा विद्यालय के किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इससे पूर्व विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के आरोग्य दूत द्वारा किशोर-किशोरियों का प्रारंभिक जांच कर बच्चों को चिन्हित किया गया था। इधर आरोग्य दूत द्वारा जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं पाई गई थी उन बच्चों को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्र बाल सुरक्षा टीम के द्वारा विद्यालय में जाकर मेडिकल ऑफिसर द्वारा जांच किया गया। साथ ही टीम के सदस्यों द्वारा विद्यालय के बच्चों को पोषण, एनीमिया, मानसिक स्वास्थ्य एवं प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मौके पर सी थ्री इंडिया के प्रखंड समन्वयक रंजन कुमार ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान जिले में सी थ्री इंडिया, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालयों में किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य लाभ देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम से छात्र-छात्रों में ससमय बीमारियों कि पहचान की जा सके और उनका इलाज स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा सके इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम 31 जनवरी 2023 तक संचालित रहेगी तत्पश्चात 1 फरवरी से 10 फरवरी तक पीएचसी स्तर पर रेफर किए गए छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। रंजन कुमार ने बताया कि आज के स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के दौरान कुल 86 छात्र-छात्राओं का जांच किया गया एवं जिन छात्र-छात्राओं में गंभीर बीमारियां पाई गई उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफर स्लिप देकर जांच कराने हेतु भेजा गया। मौके पर कार्यक्रम में डॉ अंजनी पाठक,एएनएम, आरोग्य दूत अमर कंडूलना एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व अन्य लोग उपस्थित थे।

### महिला हिंसा को लेकर महिलाओं ने बोलबा में निकाला जागरूकता रैली




**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय में जेएसएलपीएस के तत्वधान में गुरुवार को लिंग आधारित हिंसा के विरोध में निकाली जागरूकता रैली निकली। इस मौके पर बोलबा प्रखंड के सखी मंडल के महिलाओं द्वारा लैंगिक हिंसा, भेदभाव, घरेलू हिंसा, डायन कुप्रथा, बाल विवाह, मानव तस्करी, नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूकता रैली निकालकर नारे लगाए गए। इस मौके पर जेएसएलपीएस के चंदन कुमार ने बताया की लिंग आधारित हिंसा के विरोध ग्रामीणों को रैली, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर सखी मंडल के मिलावती देवी, रीता देवी, शैल मर्फी तिर्की मंजुला खेस, जयंती देवी, पूजा कुमारी सुषमा बरला एवं अन्य महिलाओं के साथ पुलिस मौजूद थे।

## वन विभाग सिमडेगा ने बड़ी कार्रवाई कर 65000 का अवैध लकड़ी ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में जंगल से अवैध पेड कटाई और लकड़ी तस्करी का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। वन विभाग ने देर रात लकड़ी तस्करी के विरूद्ध छापामारी करते हुए तस्करी की जा रही 18 बोटा साल लकड़ी जब्त किए हैं। सिमडेगा के जंगलों को काट कर खत्म कर देने पर आतुर लकड़ी तस्कर हर बार वन विभाग को चकमा देने के लिए अलग-अलग जंगलों से लकड़ी काट कर तस्करी करते हैं। कभी कभी इन लकड़ी तस्करों की सूचना वन विभाग तक पंहुच जाती है तब तस्करी की लकड़ी वन विभाग के कब्जे में आ जाती है। बुधवार देर रात भी वन विभाग को जलडेगा क्षेत्र में लकड़ी तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में खुद डीएफओ अरविंद कुमार वन कर्मियों संग रात्रि करीब दो-तीन बजे पंडरीपानी जलडेगा मार्ग पर सघनता से छापामारी करते हुए बढ़ने लगे



इसी क्रम में बिझियाबांध के पास एक ट्रैक्टर और एक बाइक आती नजर आई। डीएफओ ने जब इसे घेरने शुरू किया तो बाइक चालक ट्रैक्टर चालक को इशारा किया और बाइक चालक के साथ ट्रैक्टर चालक भी अपने अपने वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की तरफ भाग गए। जिसके बाद सभी ट्रैक्टर के नजदीक पंहुचे तब देखा कि ट्रैक्टर में साल के बड़े-बड़े बोटे लदे हैं। डीएफओ के निर्देश पर वन कर्मियों ने लकड़ी लदी ट्रैक्टर और बाइक को जब्त कर मुख्यालय वन कार्यालय परिसर लाए। गुरूवार को सुबह ट्रैक्टर में लदी साल के बोटा की गिनती की गई। बड़े-बड़े साइज के 18 बोटे ट्रैक्टर में लदे मिले। जिसका मूल्य 65 हजार रूपए आंका गया। वन विभाग मामले में अग्रतर कार्रवाई करने में जुट गयी।गौरतलब हो सिमडेगा के जंगलों को लकड़ी माफिया अपना सॉफ्ट टारगेट बनाए हुए हैं। इसी पेड कटाई मामले में इसी वर्ष के शुरूआती दौर चार जनवरी को कोलेबिरा के बेसराजारा में मॉब लिंचिंग की घटना हुई थी। जहां संजू प्रधान नामक व्यक्ति को पुरा गांव मिल कर जला कर मार दिया था। उसके बाद लकडी तस्करी काफी चर्चा में आई थी और इस मुद्दे को लेकर जमकर राजनीति भी हुई थी। लेकिन बात आई और गई हो गई। फिर से वही जंगल फिर से वहीं तस्कर और अवैध रूप से बदस्तूर बेखौफ तरीके से जारी जंगल कटाई। वन विभाग अक्सर छापामारी कर तस्करी की लकड़ी जब्त करती है। लेकिन आज तक कोई भी तस्कर वन विभाग के हत्थे नहीं चढ़ें हैं। ये भी सोंचने वाली बात है।

---

उपायुक्त ने की राजस्व, भू-अर्जन व आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक, कहा-

## 15 दिसंबर से सिमडेगा जिले में शुरू होगा किसानों का लैंपस में धान खरीदी


**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्व एवं भू-अर्जन व आपूर्ति विभाग/धान अधिप्राप्ति से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने राजस्व, उतराधिकारी दाखिल-खारिज, म्यूटेशन से सम्बंधित लंबित मामलें, भू- नक्शा का मैप कलर कोडिंग, जाति, आय, व स्थानीय प्रमाण पत्र निर्गत, भू-मापी, भू-लगान की वसूली, हल्का तहसील कचहरी निर्माण की स्थिति एवं ई-केवाईसी से सम्बंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। दाखिल-खारिज के लंबित मामलों से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अंचलवार राजस्व वसूली, ऑनलाईन दाखिल खारिज मामलों,



अवैध जमाबंदी सहित अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने जाति आय निर्गत करने से सम्बंधित कार्यों तथा प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रज्ञा केन्द्र के तहत स्कूल झारसेवा पोर्टल पर लंबित जाति, आय प्रमाण पत्रों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। तथा अंचल अधिकारियों को पोर्टल पर 30 दिनों से अधिक लंबित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। अंचल स्तर पर लंबित जन शिकायत से सम्बंधित मामलों की समीक्षा कर ससमय निष्पादन करने की दिशा मे आवश्यक बातें कहीं। उपायुक्त ने आपूर्ति विभाग के अंतर्गत 'धान अधिप्राप्ति योजना' से सम्बधित कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खरीफ विपणन मौसम 2022-23 में धान अधिप्राप्ति योजना के तहत जिला के लैम्पस में धान खरीद की प्रारंभ 15 दिसम्बर 2022 से किया जायेगा। धान की खराद हेतु किसानों का निबंधन, भंडारण क्षमता, सुरक्षा एवं रख-रखाव, गोदाम तक वाहन का सुलभ परिचालन, किसानों से अधिप्राप्ति केन्द्रों की न्यूनतम दूरी, मिलरों का गोदाम एवं लैम्पस से टैग करना, ससमय धान का उठाव, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य माप-दण्डों से सम्बंधित सभी तैयारियों को पूर्ण कराने कि दिशा में सहकारिता विभाग को महत्वपूर्ण निर्देश दिये। साथ ही जिला स्तरीय धान अधिप्राप्ति के समिति एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ धान की खरीद को सहज, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने की बात कहीं। इसके अलावे उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये।

## दस ग्राम पंचायत के विद्यालय व आंगनवाड़ी के सशक्तिकरण के संदर्भ में हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**


**लोहरदगा।** डीडीसी गरिमा सिंह की अगुवाई में पिरामल फाउंडेशन द्वारा आयोजित जिला परिषद के सभाकक्ष में दस पंचायत के मुखिया, महिला एवं बाल विकास परियोजना से सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका, जिले के सभी इंटर कॉलेज के प्रतिनिधि तथा जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि के साथ बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी पंचायत के विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी के सशक्तिकरण पर चर्चा किया गया, तथा सभी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी में स्वयं सेवी की सहायता से किस प्रकार बच्चों के वर्तमान शिक्षा स्तर को और विकसित किया जा सकता है, तथा उनके विकास में सहयोग किया जा सकता है। बैठक का संचालन पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम लीड स्वाति कुमारी तथा जिला लीड कुंतल पाल ने किया, तथा बैठक में सभी गांधी फेलो उजाला, इकराम तथा अजय राठौड़ आदि मौजूद थे।

---

# जिला परिषद की मासिक बोर्ड की बैठक में बिजली, पानी व राशन को लेकर उठा मुद्दा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला परिषद कार्यालय सभागार में गुरुवार को जिला परिषद बोर्ड की मासिक बैठक का आयोजन अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से बोर्ड के सभी सदस्य एवं कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा (आईएएस)एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सूची मांगी गई जिसे उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था जल्द से जल्द योजनाओं को पूरा करने एवं स्वीकृत योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए गये ।वहीं इसके अलावा आत्मा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में



भी चर्चा हुई जहां पर कई जगहों पर अभी भी योजना शुरू नहीं हुई है उस पर जल्द शुरू करने का चर्चा हुआ। बिजली विभाग की समस्याओं को लेकर सभी जिला परिषद सदस्यों ने जोर-शोर से मांग रखी और बताया कि क्षेत्र में बिजली की समस्या बहुत है जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगों की उम्मीद उनसे हैं ऐसे में बिजली विभाग जल्द से जल्द ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बहाल करे वही कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दिया गया कि विभिन्न प्रखंडों में जिन गांव में विद्युतीकरण नहीं हुआ है वह जनवरी माह में विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया जाएगा। और विभिन्न जगहों पर खराब ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य चल रहा है ।वैसे ग्रामीण जिनका विद्युत कनेक्शन नहीं है इसके बावजूद बिजली जा रहा है उनका आवेदन प्राप्त कर समाधान किया जाएगा और आगे भी की जा रही है। आगे समीक्षा करते हुए आपूर्ति विभाग पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई जहां पर राशन डीलरों द्वारा मनमानी एवं कई चीजों को लेकर मुद्दा उठी जिस पर वह विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि इस माह में सभी प्रखंडों में राशन डीलर एक तिथि निर्धारित कर लाभुकों को सूचित करते हुए संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी सूचित कर उनकी उपस्थिति में उचित मात्रा में राशन का वितरण करें ताकि लाभुकों को सही मात्रा में राशन मिल सके। वही इसके अलावा पानी की समस्या को लेकर सभी जिला परिषद सदस्यों ने मांग उठाई। जिस पर कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि पूर्व में प्राप्त सभी शिकायतों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही पूरा किया गया है। आगे जानकारी प्राप्त होते के साथ तत्काल कार्रवाई की जा रही है आगे सभी प्रकार के शिकायतों को भी ध्यान में रखते हुए कार्य को संपादित किए जाएंगे। वही इसके अलावा जिला परिषद के कार्यों में समीक्षा भी जिस पर उप विकास आयुक्त द्वारा जिला अभियंता को निर्देश दिया कि बिल्डिंग बायलॉज अधिनियम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 वर्ग फीट क्षेत्रफल अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल पर बनाए गए भवनों को सूचना देते हुए नक्शा पारित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। इसके अलावा जिला परिषद फंड से निर्मित डाक बंगला के संचालन को निर्धारित वार्षिक किराए पर बंदोबस्त किया जाए साथ ही जिस का संचालन आम लोगों की तरह कीराये में उपलब्ध हो इससे जिला के लोग शादी विवाह अन्य कार्य के लिए लाभ उठा सकेंगे। के अलावा जिला परिषद स्थाई समिति की गठन की कार्रवाई सदस्यों के द्वारा की गई एवं विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि सभी जिला परिषद सदस्य प्रखंड प्रमुख एवं अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज गैलरी

### बीज वितरण घोटाले की जांच करें जिला प्रशासन : पूर्व प्रमुख

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय सचिव सह नावाबाजार प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख रेणु देवी ने नावाबाजार प्रखण्ड में चना, सरसो व मक्का बीज वितरण में हुई अनियमितता की जांच की मांग की है। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर किए गए बीज घोटाले की उच्चस्तरीय कमिटी द्वारा जांचकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उपायुक्त पलामू से किया है। उन्होंने कहा है कि इसी तरह पिछले वर्ष भी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी व अन्य लोगों की मिलीभगत से नावाबाजार प्रखण्ड के किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित लगभग सौ क्विंटल चना, सरसों, मूंग आदि। फसलों के बीजों को कालाबाजारी में बेंच दिया गया था। जिसकी जांच को ठंढे बस्ते में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि इस बार भी अगर लिपापोती की कोशिश की गई तो आन्दोलन तेज किया जाएगा।

### कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**मेदिनीनगर।** स्वर्गीय मालदेव पासवान कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने फीता काट कर उद्घाटन किया। सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल का शुभारंभ किया गया। मौके पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक ने कहा कि आज हिसरा बरवाडीह में इस तरह का टूर्नामेंट होना निश्चित रूप से अच्छी बात है। इस टूर्नामेंट के आयोजक डॉ सुशील कुमार पासवान एवं उनकी टीम के कारण ही ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिता हो रही है। जिससे युवा वर्ग में एक प्रेरणा और आगे बढ़ने की सीख मिलती है। मौके पर प्रमुख रूप से समीम अहमद राइन, अशोक पासवान, अबे पांडे, आजाद सिंह, अनुज कुमार पासवान, संत कुमार मंटू, पंकज पासवान, दशरथ पासवान, राधेश्याम पासवान, डॉ सुशील पासवान, सन्नी कुमार, मनीष, मनोज पासवान, अशोक पासवान, वैजनाथ पासवान राजू कुमार मौजूद रहे।

### आजसू छात्र संघ ने खतियानी जोहार यात्रा को ढोंग बताया

**मेदिनीनगर।** आजसू छात्र संघ के जिला प्रवक्ता अभिषेक राज ने सरकार के खतियानी जोहर यात्रा को ढोंग बताया। वहीं सरकार की खतियानी जोहर यात्रा सिर्फ युवाओ को दिग्भ्रमित करने हेतु उन्हें शिक्षा एवं रोजगार के मुद्दों से भटकाने हेतु एक ड्रामेबाजी है। इस सरकार ने झारखण्ड को उस जगह लेकर फेकने का काम किया है। जहां नियोजन निति एवं स्थानीयता झारखण्ड के लोगो द्वारा नहीं बल्कि लोकसभा में चर्चा परिचर्चा के बाद तय किया जाएगा। इस राज्य के लिए एक दुर्भाग्य है। युवाओ को शिक्षा एवं रोजगार से भटकने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाने वाली इस सरकार ने अब हद पार कर दी है। मुख्यमंत्री जिन पलामू गढ़वा वालो को डोमिनेटिंग लोग और भोजपुरी, मगही भाषा को डोमिनेटिंग भाषा कहकर लताड़ती है। अब उन्ही के पास आभार वयक्त करने पहुंच रही है। इनके मंसूबो को पलामू, गढ़वा की जनता समझ चुकी है।

### अमडिहा गांव के जैप जवान का पुत्र लापता, परिजन परेशान

**बरवाडीह।** प्रखंड के अमडिहा ग्राम निवासी विजय कुमार सिंह कि 13 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार बुधवार की सुबह 8:30 बजे अपने घर के सामने खेलने के दौरान लापता हो गया। जानकारी के अनुसार अमडिहा ग्राम निवासी विजय कुमार सिंह, जैप पुलिस में दुमका में पदस्थापित है। उनके छोटे भाई निलेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह 8:30 बजे के करीब वह अपने घर के सामने खेलने के लिए निकला था। इसके कुछ देर बाद ही वह अपने घर से लापता है। शाम तक जब वह अपने घर नहीं आया तब बुधवार रात से ही उसकी हर संभावित जगहों एवं रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किया गया लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चला। इसके पश्चात इसकी लिखित सूचना बरवाडीह थाना को देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। बच्चे के पिता विजय कुमार सिंह भी दुमका से छुट्टी लेकर लापता अपने पुत्र की खोजबीन में लगे हुए है। लापता पुत्र के चाचा निलेश कुमार सिंह ने अपने भतीजे गौरव कुमार सिंह कि किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर नंबर 9430392447पर संपर्क करने की अपील किया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डीएलएसए सचिव ने की बैठक

**चतरा।** गुरुवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपाई ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता को लेकर न्यायिक अधिकारियों व संबंधितों के साथ बैठक की। जिसमें जिला जज प्रथम, जिला जज तृतीय एवं अन्य न्यायिक दंडाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में डिस्ट्रिक्ट सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन के कुणाल कुमार ने सभागार में उपस्थित ऑफिस क्लर्क और बेंच क्लर्क को 12 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित होने वाले मामलों में सबंधित सभी न्यायालयों से को नोटिस जारी किए जाने में आधुनिक तकनीक का उपयोग किए जाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में पीएलवी अरविंद कुमार दास और अब्दुल जिलानी का सहयोग रहा।

### 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक से सीसीएल प्रतिनिधि रहे अनुपस्थित

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को जिले के टंडवा प्रखंड सभागार में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभागवार समीक्षा करते हुए अंचल में लंबित वादों व आनलाइन मामलों का निष्पादन व क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था करने, एनटीपीसी प्रबंधन से प्रखंड परिसर में पेयजलापूर्ति को सुचारू बनाने, अधिग्रहण क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य विभाग को दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को गति देने की बातें कही गई। वहीं वन विभाग से प्रत्येक गांवों में गठित वन सुरक्षा समिति की सूची मांग करते हुए वनरक्षियों को अपने बीट में निर्मित भवन में रहने का निर्देश दिया गया। बैंकों को किसानों के लिए केसीसी ऋण स्वीकृत करने, खाद्य आपूर्ति विभाग से अनाज वितरण में अनियमितता बरतने वाले डीलरों पर कार्रवाई करने तथा थाना को नियमित पेट्रोलिंग करते हुए कोल वाहन चालकों के अनियंत्रित परिचालन पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया गया। हालांकि, इस बैठक में कोल, वन, विद्युत, मनरेगा के सहायक व कनीय अभियंता समेत अन्य अनुपस्थित रहे जिनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई। मौके पर बीडीओ रंथु महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, उपाध्यक्ष नीरज तिवारी, चिकित्सा प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार,नेहा उरांव, महावीर पासवान समेत जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

## डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर प्रसव की पीड़ा से तड़पती रही महिला

# सदर अस्पताल की लापरवाही से बच्चे की मौत

- स्वाथ्य विभाग के अधिकारियों का मोबाइल स्विच ऑफ
- मां के गर्भ में ही नवजात बच्चे की मौत
- एसपी के आदेश पर टीओपी 2 प्रभारी ने महिला को पहुंचाया अस्पताल
- फोन स्विच ऑफ आ रहा था सिविल सर्जन का
- डीपीएम नहीं उठा रहे थे फोन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बुधवार की रात एक महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी। रेलवे के अधिकारी ने पलामू सिविल सर्जन और स्वास्थ विभाग के अन्य अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन किसी से भी संपर्क नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार डालटनगंज रेलवे प्लेटफार्म पर बुधवार की रात 9:30 बजे के बाद एक महिला प्रसव पीड़ा से तड़पने लगी। पूरे मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने रेलवे के अधिकारियों को दी। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस से संपर्क करने की कोशिश की। इस दौरान रेलवे के अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर प्लेटफार्म पर ही प्रसव कराने का इंतजाम करने की कोशिश की। लेकिन पलामू सिविल सर्जन एवं अन्य अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के प्रबंधक अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि लंबे समय तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया। सिविल सर्जन का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। जबकि अन्य अधिकारियों ने कॉल रिसीव नहीं किया। महिला की पहचान नहीं हो पाई है। महिला रेलवे स्टेशन के आस-पास झुग्गियों की रहने वाली है। प्रसव के दौरान महिला का बच्चा फंस गया था। वहीं पलामू सिविल सर्जन के आधिकारिक नंबर पर कॉल किया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। रेलवे अधिकारियों के पहल करते हुए जीप से महिला को अस्पताल पहुंचाया। पलामू डीपीएम दीपक कुमार का कहना है कि महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे की मौत पेट में ही हो गई थी। बता दें कि सीएम के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयारी कर रहा है। राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन दो दिवसीय पलामू दौरे पर पहुंचने वाले थे। इस दौरान वे स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा करेंगे और मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का जायजा भी लेंगे। सीएम के आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तैयारी कर रहे हैं और अस्पतालों को कायाकल्प करने में लगे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रसव के लिए एक महिला तड़पती रही और अधिकारियों का मोबाइल बंद रहा।

## पलामू में 21 घंटे रहेंगे सीएम हेमंत, समीक्षा बैठक व खतियानी जोहार यात्रा में लेंगे भाग



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय शिवाजी मैदान में शुक्रवार को 'खतियानी जोहार यात्रा' का आयोजन किया गया है। इसमें राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भाग लेंगे। आयोजन की सफलता को लेकर झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं कार्यकर्ता पूरी तत्परता के साथ लगे हुए हैं। सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन भी सक्रिय है और पूरी व्यवस्था पर नजर बनाये हुए है। जिले के पुलिस कप्तान चंदन कुमार सिन्हा ने गुरूवार को शिवाजी मैदान का जायजा लिया। वहीं सुरक्षा संबंधित व्यवस्थाओं को टटोला। एसपी दोपहर दो बजे शिवाजी मैदान पहुंचे और मंच के साथ-साथ नीचे के मैदान वाले हिस्से का भ्रमण कर पूरी व्यवस्था को जाना। वहीं कई दिशा निर्देश उपस्थित पुलिसकर्मियों को दिया। राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं को भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दोपहर करीब 1 बजे पहुंचेंगे और करीब 3 बजे तक यहां सभा में भाग लेंगे। इस दो घंटे की अवधि में किसी तरह की सुरक्षा में कोई चुक नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार की शाम 6 बजे पलामू पहुंचे। यहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। शुक्रवार को पूर्वाहन 10.30 बजे परिसदन से रवाना होंगे और 10.35 बजे समाहरणालय के ए ब्लॉक के सभागार में संयुक्त समीक्षा बैठक करेंगे। यहां से दोपहर एक बजे शिवाजी मैदान के लिए प्रस्थान होगा करेंगे। 3 बजे तक सभा में भाग लेने के बाद 3.10 बजे चियांकी हवाई अड्डा के लिए निकल जायेंगे। 3.15 में चियांकी हवाई अड्डा से हेलीकॉप्टर द्वारा राचीं प्रस्थान कर जाएंगे।

## जपला रोड पहाडी पर स्थित शिव मंदिर के संचालन के लिए समिति का गठन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड के जपला रोड पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर के संचालन के लिए गुरुवार को समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में रक्षा समिति का संयोजक वैष्णव सरयू सिंह (ग्राम-पिण्डराही) सह संयोजक लक्ष्मी गुप्ता (ग्राम - पहाड़ी) व युगल किशोर सिंह (ग्राम-खेन्द्रा खुर्द) बनाये गये। इस मौके पर विहंगम योग के शिष्य राजेन्द्र प्रसाद, वैष्णव भक्त सरयू सिंह, महेश्वर सिंह, ईश्वरी साहु, ब्रजकिशोर सिंह,युगल किशोर सिंह और लक्ष्मी गुप्ता उपस्थित थे। गौरतलब है कि टुई पहाड़ी पर करीब एक हजार फीट की चढ़ाई चढ़ने के बाद श्री महादेव का दर्शन हो पाता है। इस पहाड़ी मंदिर पर नित्य वनवासी गृहस्थ साधु पुनीत सिंह रहा करते हैं, वे ही पुजारी का जिम्मेवारी निभाते हैं। प्रतिदिन ब्रह्ममुहुर्त में पहाड़ी शिव मंदिर से ध्वनिप्रसारण के माध्यम से पुजारी तथा मंदिर समिति सदस्य व धर्म रक्षा समिति में सह संयोजक लक्ष्मी गुप्ता द्वारा प्रवचन-भजन का प्रसारण किया जाता है। यहां मकरसंक्रांति और महाशिवरात्रि में करीब 30-35 वर्षों से प्रत्येक वर्ष मेला का आयोजन होते रहा है। टूंई पहाड़ी शिव मंदिर प्रकृति की गोद में अवस्थित है। जो मुख्य रूप से ग्राम-पहाड़ी, पिण्डराही और खेन्द्रा खुर्द के बीच में है।

## हेमलता शास्त्री की विदाई समारोह के साथ संपन्न हुई भागवत कथा

### मेयर ने हेमलता शास्त्री का विदाई शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया



नवीन मेल संवादाता

**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन में विदाई गीत के साथ सभी भक्तों ने प्रेम भाव से अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता हेमलता शास्त्री को विदाई दी। हेमलता शास्त्री की विदाई एक बेटी व बहन स्वरुप करते समय पूरा माहौल भावमय हो गया। इस दौरान हेमलता शास्त्री भी भावविभोर हो गई। कथा के अंतिम दिन शहर की मेयर भी मंच पर मौजूद थी। इसके पूर्व कमेटी के द्वारा मेयर को पगड़ी व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं मेयर ने हेमलता शास्त्री का विदाई शॉल ओढ़ाक र सम्मानित किया। उन्होने कमेटी के युवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि धर्म से युवाओं का जुड़ाव हमारी धर्म संस्कृति को आगे ले जायेगी। विदाई समारोह के बाद मेयर ने भव्य आरती में भाग लिया। इसके पूर्व कमेटी के संरक्षक अजय तिवारी अकेला के द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। वहीं कमेटी ने सभी पूर्व पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान समिति के सभी सदस्यों के द्वारा पूरे व्यवस्था में सक्रिय सफाई कर्मचारियों, टेंट हाउस, बिजली व साउंड व्यवस्थापकों तथा अन्य व्यवस्था से जुड़े सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान समिति के दिलीप तिवारी, प्रवीण तिवारी, संतोष तिवारी, अभिषेक तिवारी, कमल नयन तिवारी, मुकेश त्रिपाठी, विनित तिवारी, अपपू तिवारी, राकेश दूबे, राजन पांडेय, अजीत तिवारी प्रशांत तिवारी व अमित तिवारी सहित कई सदस्य ने सक्रिय योगदान देते हुए आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

## आरएससीसी सीनियर ने शेरशाह जूनियर को सात विकेट से हराया

**लातेहार ।** सीनियर जिला क्रिकेट लीग का आठवां मैच आरएससीसी सीनियर ताथा शेरशाह जूनियर के बीच खेला गया। जिसमे शेरशाह जूनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 132 रन बनाए । जिसमे रजनीश कुमार 30, युवराज 19, ऋतिक राज 23 तथा प्रशांत कुमार ने 26 रन का योगदान दिया। आरएससीसी सीनियर की ओर से आकाश कुमार सिन्हा 5, प्रभात कुमार यादव तथा रौशन कुमार गुप्ता ने दो दो विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी आर एस सी सी सीनियर ने 3 विकेट खोकर 133 रन बना कर मैच को जीत लिया । जिसमें प्रभात कुमार 63, रौशन कुमार गुप्ता ने 34 तथा आदर्श विशाल नाबाद 14 रन का योगदान दिया । शेरशाह जूनियर की ओर से आर्यन तिवारी 2, तथा मो रियाज ने एक विकेट चटकाए । मैच के अंपायर जितेंद्र कुमार तथा रामकुमार साहनी थे जबकि स्कोरिंग लवकुश कुमार ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंपायर जितेंद्र कुमार के द्वारा आर एस सी सी सीनियर के आकाश कुमार सिन्हा को दिया गया। मौके पर जितेंद्र कुमार, श्रवण महली, अंकित गौरव, प्रतीक आनंद, प्रथम सऊंडिक समेत सैकड़ों दर्शक ताथा खिलाड़ी उपस्थित थे ।

## तीन पंचायतों के किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड कार्यालय में तीन पंचायतों के किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया। जिसमें पतिला, कांडी व लमारी कला पँचायत का नाम शामिल है। बीटीएम रंजीत सिंह, बीएओ शाहिद अंसारी व एफपीओ सूर्यकांत तिवारी द्वारा तकरीबन 200 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया। सरसों का बीज लेने वालों में सचिदानंद प्रसाद, अशोक प्रसाद, प्रमिला देवी, अवधेश प्रसाद, अमरेश कुमार, नरेश पाल, कमल रंजन दुबे, दुर्गा देवी, शोभी देवी, सुमंती देवी सहित कई अन्य किसानों का भी नाम शामिल है। बता दें कि कांडी प्रखण्ड में किसानों को सरसों का बीज काफी देर से मिलने के कारण 50 प्रतिशत से अधिक किसानों द्वारा सरसों की बुआई हो चुका है। इसके बावजूद भी प्रखण्ड कार्यालय में किसानों की जबरदस्त भीड़ लगी रही। सरसों का बीज लेने के लिए किसानों ने मजदूरी कार्य छोड़कर सुबह से शाम तक खड़े रहे। तब किसानों को एक-एक पैकेट यानी दो दो किलोग्राम सरसों का बीज मिल सका।

### जलछाजन परियोजना के तहत जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन

## महिलाओं ने जलसंरक्षण का लिया संकल्प




नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चिनीया के चिरका गांव में गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल के द्वारा संचालित जल छाजन परियोजना डब्ल्यूडीसी पीएमकेएसवाई के तहत चिरका गांव में जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रमोद एक्का मौके पर उपस्थित रहे । उक्त कार्यक्रम में प्रखंड के हेताड कला, गांव सहित अन्य गांव की सैकड़ों महिलाओं के द्वारा चिरका डैम से कलश में जल भरकर कलश यात्रा निकाली गई। चिरका डैम के पास ही स्थित शिवजी पर जलाभिषेक किया गया। मौके सभी महिलाओं के द्वारा जल संरक्षण करने का शपथ लिया गया, तत्पश्चात कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें जिले से आए हुए अतिथि एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को गुलदस्ते देकर एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जिले से आए हुए जल छाजन विभाग के अधिकारी प्रमोद सिंह ने बताया कि चिनियां प्रखंड में जलछाजन विभाग के द्वारा कई गांव को विकास से जोड़ने का सरकार के द्वारा यह लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत आज जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित कर इसकी शुरूआत की गई है। यह योजना 5 वर्षों तक चलेगी, यहां के लोग इस योजना से काफी लाभान्वित होंगे । मौके पर एनडीटी राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, कंचन तिगा, मृत्युंजय दुबे, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह,उप प्रमुख मोहम्मद फारुख, हेताड कला मुखिया चिंता देवी, बीडीसी कलावती कुवर, विधायक प्रतिनिधि बंशीधर यादव, गुड्डू यादव, चंदन प्रसाद, संतोष प्रसाद, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर उपस्थित थे ।

### लातेहार व बालूमाथ के कई मतदान केंद्रों का डीसी ने किया निरीक्षण, कहा

# योग्य मतदाताओं का ही नाम मतदाता सूची में जोड़े

#### मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में डीसी ने विस्तार से जानकारी ली



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रो में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 का कार्य प्रगतिरत है। इसी क्रम में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त भोर सिंह यादव द्वारा लातेहार अंतर्गत नेवाड़ी पंचायत, बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत ईचाक, झाबर, मार्गलोइया के विशुनपुर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया गया।

#### उपायुक्त ने गंभीरता से कार्य करने के दिये दिशा-निर्देश

डीसी ने सभी बीएलओ, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों से नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने व मृत/स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई व 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

#### प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को जानकारी दे : डीसी

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी कर्मियों को वोटर हेल्पलाइन एप के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार कर सभी मतदाताओं को इसकी जानकारी देने एवं इसके माध्यम से उन्हें मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने हेतु अब तक किए गए कार्यों की बूथ वार जानकारी लेने के उपरांत उपायुक्त ने योजनाबद्ध तरीके से जल्द से जल्द सभी मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड से लिंक करने हेतु कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी , बीडीओ लातेहार, बीडीओ बालूमाथ, अंचल पदाधिकारी, बीएलओ एवं अन्य उपस्थित थे।

## महुआडांड़ के किसानों को 90 प्रतिशत अनुदानित बीज का नहीं मिला लाभ

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड।** हर वर्ष सरकार के द्वारा 50% अनुदान में किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाता था। खरीक मौसम में अनुकूल बारिश नहीं होने के कारण नुकसान को देखते हैं। इस बार राज्य सरकार के द्वारा 90% अनुदान पर रवी फसल के लिए गेहूं, मसूर, सरसों, चना आदि का बीज हर जिला सैकड़ों क्विंटल को उपलब्ध कराया गया। इसी को लेकर लातेहार जिला को भी मसूर, सरसों, चना, गेहूं आदि का बीज उपलब्ध कराया गया। लेकिन प्रखंड के किसानों का का लाभ नहीं मिल पाया। जबकि सरकार के द्वारा खरीक मौसम के नुकसान की भरपाई रवी मौसम में किसानों को किया जाता है। लेकिन किसान के नुकसान का भरपाई के लिए जो जिले को उपलब्ध कराया गया था, वह बीज प्रखंड में नहीं पहुंच पाया। जिसके कारण किसानों के बीच 90% अनुदानित बीज का वितरण नहीं हो पाया। इस तरफ से देखा जाए तो महुआडांड़ प्रखंड के किसानों के साथ अनदेखी किया गया है। जिला का सुदूरवर्ती प्रखंड होने के कारण जो भी सरकार के द्वारा योजना चलाई जाती है वह बहुत ही धीमी गति से महुआडांड़ प्रखंड में पहुंचता है। जिसके कारण यहां के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है। यहां भी इस योजना को लेकर देखा जाए तो ऐसा ही प्रतीत होता है कि सुदूरवर्ती प्रखंड होने के कारण यहां के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। जबकि प्रखंड कृषि तकनीकी केंद्र के द्वारा डेमोंसट्रेशन, प्रत्यक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत महुआडांड़ प्रखंड को रवि फसल में 110 क्विंटल चना एवं लगभग 16 क्विंटल सरसों का वितरण किया गया है।

सम्पादक की कलम से...

# शिक्षक नहीं करेंगे अन्य कार्य

**झारखंड** के शिक्षक अब विद्यालय अवधि में किसी प्रकार का रिपोर्ट जमा करने या किसी अन्य कार्य के लिए बाहर नहीं जायेंगे। शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने इस संबंध में दिशा-निर्देश भेज दिया है। झारखंड के सरकारी विद्यालय के शिक्षक अब विद्यालय अवधि में किसी प्रकार का रिपोर्ट जमा करने या किसी अन्य कार्य के लिए बाहर नहीं जायेंगे। शिक्षकों को अब किसी कार्य को लेकर प्रखंड या जिला कार्यालय नहीं जाना होगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने इस संबंध में सभी जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को दिशा-निर्देश भेजा है। जिलों को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि प्रति माह होनेवाली गुरुगोष्ठी के अलावा प्रखंड कार्यालय नहीं जायेंगे। कार्यालय जाना यदि आवश्यक हो तो इसकी पहले अनुमति लेने को कहा गया है। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को नियमित रूप से विद्यालय का निरीक्षण करने को कहा गया है। ज्ञातव्य हो कि विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा माता समिति के माध्यम से मध्याह्न भोजन का संचालन पूर्व की भांति किया जायेगा। विद्यालय अवधि में कोई भी शिक्षक मध्याह्न भोजन से संबंधित सामानों के क्रय, विक्रय, भंडारण समेत किसी अन्य प्रकार के कार्य के लिए नहीं जायेंगे। राज्य के वैसे विद्यालय जहां केवल एक शिक्षक हैं, उन विद्यालय के शिक्षक के अवकाश पर रहने की स्थिति में बीआरपी-सीआरपी को विद्यालय का प्रभार दिया जायेगा। बीआरपी-सीआरपी कक्षा से लेकर मध्याह्न भोजन संचालन का कार्य करेंगे। शिक्षकों को अवकाश की जानकारी संबंधित जिला के जिला डीईओ/डीएसई को देना होगा। शिक्षक को व्हाट्स एप्प पर अनुमति लेना भी अनिवार्य होगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में नहीं लगाने का निर्देश दिया है। सरायकेला-खरसावां जिला में शिक्षकों को जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्य में लगाया गया था। शिक्षा सचिव द्वारा डीईओ को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि विभाग द्वारा कई बार इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया है। शिक्षकों को पठन-पाठन के अतिरिक्त किसी अन्य गैर शैक्षणिक कार्य में प्रतिनियुक्त नहीं करना है। शिक्षक को अगर किसी कार्य में प्रतिनियुक्त करना आवश्यक हो, तो इसकी अनुमति पहले विभाग से ली जाये। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव को इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। जिसके बाद शिक्षा सचिव ने यह पत्र जारी किया है। दूसरी ओर राज्य में वर्ष 2016 में गैर अनुसूचित जिला में नियुक्त शिक्षकों को जिला बदलने का अवसर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के पालन के लिए गैर अनुसूचित जिला में नियुक्त व कार्यरत स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक एक अनुसूचित जिला में ट्रांसफर के लिए आवेदन दे सकते हैं। शिक्षक को आवेदन के साथ जिस जिला में उनकी नियुक्ति हुई है उसका नाम, नियुक्ति का विषय, रौल नंबर, सीधी नियुक्ति हुई है या प्राथमिक शिक्षक के लिए आरक्षित 25 फीसदी पद पर, शिक्षक का आरक्षण कोटि, योगदान की तिथि की जानकारी देनी होगी। वर्ष 2016 की शिक्षक नियुक्ति में 11 जिला को गैर अनुसूचित जिला घोषित किया गया था।

## आज का इतिहास

**1931 :** पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
**1932 :** टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
**1949 :** त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
**1961 :** लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
**1978 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
**1988 :** उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
**1997 :** अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
**1998 :** गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
**2006 :** संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
**1882 :** शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
**1884 :** प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
**1933 :** जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
**1943 :** जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1946 :** हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1948 :** इजरायल और मिस्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
**1956 :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
**1990 :** बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।
**1990 :** सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबाचीव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।
**1996 :** फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।

# फिर कोरोना की जकड़ में चीन

> चीनी उप-प्रधानमंत्री सुन चुनलान, जो कोविड से लड़ने की अगुआई कर रहे थे, संकेत दिए कि ओमीक्रान ज्यादा संक्रामक होने के बावजूद कम खतरनाक है। तो क्या वहां की जनता के धैर्य की परीक्षा तो नहीं ली जा रही थी? हालांकि चीन ने अपने सभी नागरिकों को बहुत पहले टीके की दो खुराक लगवा दी थी, फिर भी कोरोना काबू नहीं हुआ, क्योंकि उसके सिनोफार्म कंपनी द्वारा बनाये टीके के बेअसर होने की बातें सामने आईं। अब वहां स्थिति यह है कि चीनी टीके की दूसरी और तीसरी खुराक ले चुके लोग भी तेजी से संक्रमित होने लगे। फिर शी जिनपिंग की बेचैनी बढ़ी और कड़ाई करना उनकी मजबूरी बन गई।

क्या उसने कोरोना के नाम पर नई अर्थव्यवस्था बनाने के लिए टीके की आड़ में कोई विफल प्रयोग किया है? क्या उसने विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी ठेंगा दिखाया है? शायद इसका जवाब वही दे सकता है, जो कभी मिल पायेगा या नहीं, कहना मुश्किल है। मगर यह वहां की सरकार के लिए एक बड़ी असमंजस वाली स्थिति है। इन दिनों चीन में फिर से कोरोना की लहर लौट आई है। बढ़ते मामलों के मद्देनजर की गई पूर्णबंदी के दौरान एक चिंगारी से भडका विद्रोह पूरे चीन में फैल गया। इसमें शी जिंगपिंग की शून्य कोविड नीति और उनके कामकाज के तौर-तरीकों से नाराज लोगों के प्रदर्शन से अलग परेशानी खड़ी हो गई। करीब दस दिन पहले उरुमकी में पूर्णबंदी के दौरान एक रिहाइशी इमारत में लगी आग से दस लोगों की मौत हो गई। उसके बाद नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा और हालात बेकाबू होते चले गये। लोगों का मानना है कि पूर्णबंदी के कारण उस आग को बुझाने में बाधा आई, जिसे लेकर लोगों की नाराजगी बढ़ गई और बेजिंग, शंघाई सहित दर्जन भर से ज्यादा शहरों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये। यों तो चीन में विरोध का अपना एक अलग इतिहास है, मगर इस बार के प्रदर्शन थोड़े अलग हैं। आनन-फानन में पहले बेहद सख्ती और अब एकाएक थोड़ी ढिलाई का फैसला बताता है कि शायद शी जिंगपिंग की नीति लोगों की हिफाजत से ज्यादा तानाशाही का प्रतीक बन गई। इसी कारण लोगों को सडकों पर उतरना पड़ा। चीनी उप-प्रधानमंत्री सुन चुनलान, जो कोविड से लड़ने की अगुआई कर रहे थे, संकेत दिए कि ओमीक्रान ज्यादा संक्रामक होने के बावजूद कम खतरनाक है। तो क्या वहां की जनता के धैर्य की परीक्षा तो नहीं ली जा रही थी? हालांकि चीन ने अपने सभी नागरिकों को बहुत पहले टीके की दो खुराक लगवा दी थी, फिर भी कोरोना काबू नहीं हुआ, क्योंकि उसके सिनोफार्म कंपनी द्वारा बनाये टीके के बेअसर होने की बातें सामने आईं। अब वहां स्थिति यह है कि चीनी टीके की दूसरी और तीसरी खुराक ले चुके लोग भी तेजी से संक्रमित होने लगे। फिर शी जिनपिंग की बेचैनी बढ़ी और कड़ाई करना उनकी मजबूरी बन गई, जिसके नतीजे सामने हैं। चीन में वहां के बने छह तरह के टीके इस्तेमाल हो रहे हैं। इनमें दो टीके कोविलो और वोरो सेल सिनोफार्म कंपनी बनाती है। अब तो दुनिया भर में आशंका जताई जाने लगी है कि चीन ने कहीं कोरोना के टीके भी नकली बना कर बड़ा खेल तो नहीं कर दिया? वहां के सेंटर फार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के निदेशक गाओ फू ने खुद माना है कि वहां उपयोग हो रहे देशी टीकों में से ज्यादातर बेअसर साबित हुए। अब इसके अंतरराष्ट्रीय मायने क्या लगाये जायेंगे यह तो नहीं मालूम, लेकिन इतना जरूर पता है कि जिस तरह दुनिया के तमाम देशों ने कोरोना के साथ लड़ कर नई राह पकड़ी, उसमें चीन दुनिया से अलग-थलग पड़ गया, जिसका नतीजा सामने है। जब दुनिया भर में कोरोना महामारी उफान पर थी, तब चीन कहीं इस मुकाबले में तो नहीं था कि कोरोना नियंत्रण उसके लिए चुटकियों का खेल है? सबसे पहला मामला हुबेई प्रांत के वुहान में आया था और तब चीन पर कोविड को दबाने, फैलाने, यहां तक कि प्रयोगशाला में पनपाने के तमाम आरोप लगे थे। शायद वही चूक या अहं आज चीन के सामने चुनौती बन कर खड़ा है। मान भी लिया जाए कि कोरोना चीन की देन है, तो अब तक इस पर काबू न कर पाना और अपने लिए ही महामारी बना लेना शी जिंगपिंग सरकार के लिए गले की फांस जैसा है। कोरोना का असर पूरी दुनिया ने झेला। सभी ने मान लिया है कि आगे इसी विषाणु के साथ जीना होगा, और जिसकी तैयारी भी कर ली। मगर चीन अपनी अकड़ में रहा। यही वजह है कि बीते तीन साल में बंदी, कड़े प्रतिबंधों, जांच अभियानों और बदतर एकांतवास केंद्रों में रह रहे लोग इतने बेबस और लाचार हो गये हैं कि उनकी सहनशीलता जवाब दे गई है। इसी के बाद कोविड बंदिशों के खिलाफ लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए। इस सवाल का जवाब चीन सरकार के पास भी नहीं है कि शी जिनपिंग की शून्य कोविड नीति कब तक सहनी होगी? क्या चीन ने अपने नागरिकों के साथ धोखा किया है? क्या उसने कोरोना के नाम पर नई अर्थव्यवस्था बनाने के लिए टीके की आड़ में कोई विफल प्रयोग किया है? क्या उसने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को भी ठेंगा दिखाया है? शायद इसका जवाब वही दे सकता है, जो कभी मिल पाएगा या नहीं, कहना मुश्किल है।

■ ऋतुपर्ण दवे

# नकलचियों की नकली दुनिया

न जाने क्यों मुझे रह-रहकर मूर्धन्य 'ष' की चिंता सताती रहती है। प्रदूषण से भरा 'श' हर जगह हावी है। लगता है कभी-कभी 'ङ्' अपने लुप्त होते उच्चारण की चिंता में आत्मदाह कर लेगा। न जाने कौन धीरे-धीरे शिरोरेखा को मिटाता जा रहा है। मौके-बेमौके खड़ी पाई को चुराता चला जा रहा है। नागरी के सारे अंक अपनी विलुप्तता का रोना अकेले में रोये जा रहे हैं। उन्हें कोई पूछने वाला नहीं है। मानो विदेशज के शब्दों ने देशज शब्दों को अंतरिक्ष में फेंक दिया है। यौगिक धातुओं के जमाने में हम स्टील, फाइबर सोडियम क्लोराइड के आदि हो चुके हैं। शुद्धता अब हमें कतई नहीं भाती। मिक्स्ड प्रवृत्ति को अपना स्वभाव बनाने के आदी हो चुके हैं। दूरदर्शन के रामायण वाले हनुमान से नजर हटी तो बैटरी वाले हनुमान दिखाई दिये जो प्लास्टिक का पहाड़ उठाये पौराणिक ज्ञान को बाँचने का काम कर रहे हैं। बच्चों के हाथों में 'चल छैंया छैंया वाले प्लास्टिक के बने खिलौने वाले मोबाइलों' की जगह असली मोबाइलों ने ले ली है, जो बड़ों की कद्र तो दूर उनके कहे को 'सो बोरिंग पकाऊ पिपुल' कहकर आदर्श उवाचों को कचरे की पेटी में डालना अपना स्टेटस समझ रही है। अब किसी भी घर में पुरानी नानियों के पहियों वाला काठ का नीला-पीला घोड़ा नहीं दिखता। हाइब्रिड अमरूदों ने असली अमरूदों का गला ऐसे घोंटा जैसे उसकी कोई पुरानी दुश्मनी हो। उस असली अमरूद की तरह असली धरती कब की लुप्त हो चुकी है। लोग डुप्लीकेट और धरती डुप्लीकेट हो चली है। सिर्फ छलावा ईमानदारी से किया जाता है। आकाश में पृथ्वी के अंतिम तोते उड़ रहे हैं। अब घर में दादा की मिरजई टाँगने की कोई जगह नहीं बची है। न कोई ऐसा संग्रहालय है जहाँ पिता का वसूला माँ का करधन और बहन के बिछुए छिपाये जा सके। अब तो खिचड़ी, ठठेरा, मदारी, लुहार, किताब सब सपने में आते हैं। वास्तविकता में इनका सामना किये अरसा बीत गया। अब न खड़ाऊ की टप-टप है न दातुन की खिच-खिच। और पीतल के लोटे का पीतल तो पिरॉडिक टेबल में बंधकर रह गया है, जिसे केवल एलिमेंट के नाम से पहचानना पड़ रहा है। अब गाँव में खेत, जंगल में पेड़, शहर में हवा, पेड़ों पर घोंसले, अखबारों में सच्चाई, राजनीति में नैतिकता, प्रशासन में मनुष्यता, दाल में हल्दी खोजने पड़ते हैं। पहले की पीढ़ी लुप्तता की पीड़ा से मरी तो आज की पीड़ा वर्तमान पीढ़ी से मर रही है।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

# कुदरत के साये में सेहत की फिक्र

यह अपने भीतर विविध कृषि प्रणाली को समाहित किये हुए है जैसे पशुओं के गोबर से खाद निर्मित करना, पेड़ों के पत्तों को इक्ट्ठा करके उन्हें जलाकर ऊर्जावान खाद तैयार करना आदि, जहां फसलों पर किसी भी प्रकार से रासायनिक कीटनाशक एवं उर्वरकों का प्रयोग नहीं किया जाता है। हमारे यहां के आम किसान भी यह जानते हैं कि प्रकृति प्रदत्त तरीका अपनाने से खेती में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े-मकोड़ों के दुष्प्रभावों को कम किया जा सकता है और इससे किसी भी प्रकार का हानिकारक प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर दिखाई नहीं देता। इसके साथ-साथ कृषि के क्षेत्र में पेड़-पौधों को बचाने का एक सार्थक तरीका हम सब देख सकते हैं। इससे फसलों और पौधों को कम नुकसान पहुंचता है। फसल अच्छी होने से किसानों के जीवन में खुशहाली आती है। फसल की बुआई से लेकर कटाई तक हानिकारक कीड़ों, बीमारियों आदि से फसल सुरक्षित रहेगी तो वातावरण प्रदूषण से बचा रहेगा। यह सभी जानते हैं कि हरित क्रांति ने अनाज की हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति की है, पर इसके कई दुष्परिणाम भी सामने आए। दरअसल, रासायनिक खादों का उपयोग किसी निश्चित मात्रा में ही किया जाना था, लेकिन इसका प्रयोग अत्यधिक मात्रा में किया गया। नतीजतन, भूमि की उर्वरता समाप्त हो गई, उपज घटने लगी। रासायनिक खादों, ट्रैक्टरों के अत्यधिक प्रयोग ने कई ऐसे झाड़ (छोटे स्वतः ही उगने वाले पौधे) समाप्त कर दिये, जिनकी पशुओं के लिए और औषधीय गुण थे। लेकिन रासायनिक या यांत्रिक खेती ने परंपरागत साधनों को लगभग लुप्त कर दिया। यांत्रिक खेती ने मिट्टी की गुणवत्ता खराब कर दी और ज्यादा से ज्यादा रसायन खेतों, फसलों के भीतर जाने से, भू-जल दूषित होने से कैंसर जैसी भयंकर बीमारी ने मानव जीवन को अपने चपेट में ले लिया। इसका ज्वलंत उदाहरण पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के मुख्य जिलों से सटे गांवों आदि में देखा जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में प्राकृतिक खेती के कारण कुछ अस्थिरता भी आई है, लेकिन यह अस्थिरता प्राकृतिक खेती में संतुलन न बैठाने के कारण आई है। इसका ज्वलंत उदाहरण श्रीलंका जैसा देश है। वर्तमान समय में श्रीलंका में की जा रही प्राकृतिक खेती की चर्चा विश्व भर में है। कुछ कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि कृषि रसायनों के बिना खेती करना आज के युग में असंभव है। फसलों को बढ़ाने के लिए रसायनों का प्रयोग अपेक्षित है। वहीं कुछ कृषि वैज्ञानिकों का मानना है कि प्राकृतिक खेती ही ज्यादा उपयुक्त है। बहरहाल, श्रीलंका जैसे देश ने प्राकृतिक खेती के साथ अतिशय छेड़छाड़ शुरू कर दी थी, जिसका भयंकर परिणाम श्रीलंका को आर्थिक अस्थिरता के रूप में उसे झेलना पड़ा। वह बाजार आधारित उत्पाद पर ज्यादा निर्भर रहने लगा, खेत आधारित व्यवस्था का श्रीलंका के किसानों ने ठीक तरह से सर्जन नहीं किया, उसमें संतुलन नहीं बैठाया। भारत की यह परंपरा लगभग चार हजार सालों से भी ज्यादा पुरानी है। चीन में भी अपने प्रारंभिक दौर में प्राकृतिक खेती के तरीके को ही अपनाया गया था। यूनानियों ने भी मृदा पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए इस तरीके को अपनाया था। इन सभी देशों ने भूमि की उर्वरा शक्ति को लंबे समय तक अपने यहां बनाकर रखा। भारत में भी हिमाचल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ भाग, मध्य प्रदेश आदि में प्राकृतिक खेती के साथ सामंजस्य बैठाकर फसलों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। शुद्ध और पौष्टिक अनाज का उत्पादन किया जा रहा है। हम गौर कर सकते हैं कि ऐसा करने से शरीर के साथ-साथ स्वस्थ समाज, स्वस्थ दिमाग, स्वस्थ देश का निर्माण हो सकता है। बल्कि यह बात तो साफ है कि कीटनाशकों का इस्तेमाल कृषि योग्य भूमि में नहीं करना चाहिए, अन्यथा पर्यावरण और कृषि से जुड़ी अधिकतर समस्याएं हमारे सामने आ जायेगी और प्रकृतिपरक खेती का संतुलन बिगड़ जायेगा। उसका खमियाजा किसानों को लंबे समय तक भोगना पड़ेगा। इसलिए भूमि की गुणवत्ता, उर्वरता, उत्पादन, उत्पादकता को बढ़ाने के लिए और अतिरिक्त आय सृजित करने के लिए पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनना होगा और कृषि में शुद्ध जैविक या प्राकृतिक खेती को अपनाकर रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग की संभावना को कम करना होगा। रासायनिक खाद के ज्यादा प्रयोग से खेत की मिट्टी में अम्ल की मात्रा बढ़ जायेगी। जिंक की लगातार कमी से मनुष्य के बाल झड़ने लगेंगे। कुपोषण की भी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। इसके अलावा रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जायेगी। असमान मानव-मृत्यु के आंकड़े तेजी के साथ बढ़ने लगेंगे। लागत-लाभ का आकलन मुश्किल हो जायेगा। इसे दूर करने के लिए पूरे विश्व को पोषण प्रबंध और जैविक नियंत्रण विधियों को सशक्त करने की आवश्यकता है।

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- हे मुने! ऐसा कहकर जब मैं माताके आगे खड़ा हो गया तब पास ही बैठे हुए भीष्मको देखती हुई वे मुझसे यह कहने लगीं ॥ 39 ॥

हे पुत्र ! राजयक्ष्मा रोगसे ग्रस्त होकर तुम्हारे भाई विचित्रवीर्य मृत्युको प्राप्त हो गये हैं। अतएव वंशके नष्ट होनेके भयसे मैं दुःखी हूँ ॥ 40 ॥

हे प्रतिभाशाली पराशरनन्दन ! इसी उद्देश्यकी पूर्तिके लिये मैंने भीष्मके परामर्शसे समाधिद्वारा तुम्हें यहाँ बुलाया है ॥ 41 ॥

इस नष्ट होते हुए वंशको तुम स्थापित करो, जिससे महाराज शन्तनुका नाम बना रहे। हे द्वैपायन कृष्ण! वंशच्छेदजन्य दुःखसे मेरी शीघ्र रक्षा करो ॥ 42 ॥

तुम्हारे सदाचारी लघुभ्राता विचित्रवीर्यकी रूप- यौवनसम्पन्न दो भायाएँ हैं, जो काशिराजकी पुत्रियाँ हैं ॥ 43 ॥

हे मेधाविन! उन दोनोंके साथ संसर्ग करके तुम पुत्र उत्पन्न करो, भरतवंशकी रक्षा करो; इसमें कोई दोष नहीं है ॥ 44 ॥

व्यासजी बोले- [हे नारद!] माताका यह वचन सुनकर मैं चिन्तामें पड़ गया और लज्जासे व्याकुल मनवाला होकर मैंने उनसे विनम्रतापूर्वक कहा - हे माता! परनारीसंगम महान् पापकर्म है। धर्ममार्गका सम्यक ज्ञान रखते हुए भी मैं आसक्तिपूर्वक ऐसा कर्म कैसे कर सकता हूँ ? और फिर छोटे भाईकी पत्नी कन्याके समान कही गयी है। ऐसी स्थितिमें सभी वेदोंका अध्ययन करके भी मैं ऐसा व्यभिचार कैसे करूँ? अन्यायसे कुलकी रक्षा कदापि नहीं करनी चाहिये; क्योंकि पाप करनेवालेके पितृगण संसार-सागरसे कभी नहीं पार हो सकते। जो समग्र पुराणोंका प्रवर्तक तथा लोगोंको उपदेश करनेवाला हो, वह जान-बूझकर ऐसा अद्भुत तथा निन्दनीय कार्य कैसे कर सकता है? ॥ 45-49 ॥

तत्पश्चात वंश- रक्षाकी कामनासे युक्त मेरी माता, जो पुत्रशोकसे अत्यधिक सन्तप्त थीं, विलाप करती हुई समीपमें आकर मुझसे पुनः कहने लगीं- ॥ 50 ॥

हे पराशरनन्दन। हे पुत्र ! मेरे कहनेपर ऐसा करनेसे तुम दोषभागी नहीं होओगे। शिष्टजनों का आचार ही प्रमाण है-ऐसा मानकर मनुष्योंको गुरुजनोंक दोषपूर्ण वचनोंको भी उचित समझकर बिना कुछ सोच-विचार किये कर डालना चाहिये। हे पुत्र ! मेरी बात मान लो ! हे मानद। इससे तुम्हें दोष नहीं लगेगा। हे सुत! पुत्र उत्पन्न करके अत्यधिक सन्तप्त तथा शोकसागरमें निमग्न अपनी माताको सुखी करो ॥ 51-53 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### नालियों को जाम न करें

आम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है,जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

■ कुन्दन कुमार , मेदिनीनगर।

# समाज को कहां ले जायेगी सोशल मीडिया रील्स?

जून 2020 में टिक टॉक बैन होने के बाद शॉर्ट वीडियो की दुनिया लंबा रास्ता तय कर चुकी है। इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक तो हैं ही, एमएक्स, मौज, जोश, चिंगारी, मित्रों जैसे ऐप भी इस दुनिया में तहलका मचाये हुए हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर जिस तरह से फेक न्यूज और आरोप-प्रत्यारोपों की बाढ़ आ गई थी, इसके यूजर विकल्प की तलाश में थे। इसी विकल्प की भरपाई रील्स कर रही हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता इंटरनेट यूजर बेस को होस्ट करने वाला देश है। यहां फिल्में, उनके डायलॉग और म्यूजिक हमारे जीवन में इस हद तक घुसे हुए हैं कि उसके बगैर जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। हर कोई कैमरे के सामने सिलेब्रिटी बनना चाहता है, जिसका रास्ता रील्स की कुछ इस तरह से बढ़ती दुनिया बना रही है- 2016 में रिलायंस जिओ के लॉन्च के बाद सस्ते डेटा ने रील्स को भारत में पांव पसारने का बेहतरीन मौका दिया। रेड्शीर कंसल्टिंग फर्म की एंटरटेनमेंट एंड एडवरटाइजिंग राइडिंग द डिजिटल वेव रिपोर्ट के अनुसार फेसबुक और गूगल के बाद दूसरा सबसे बड़ा सेगमेंट रील्स ही हैं, जहां लोग सबसे ज्यादा समय बिता रहे हैं। शॉर्ट वीडियो बनाने की सुविधा देने वाली वेबसाइट या ऐप्स के यूजर्स की संख्या साल 2025 तक 65 करोड़ हो जायेगी। इसी रिपोर्ट के अनुसार शॉर्ट वीडियो आने वाले वक्त में ओटीटी वीडियो कंटेंट को भी पछाड़ देगा। डिजिटल विज्ञापनों की दुनिया में वीडियो के ये लघु संस्करण तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं। साल 2019 से 2022 के बीच यह सेगमेंट 44 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। इसकी वजह टियर टू शहरों में इंटरनेट का फैलाव है, जिसने एक नई मार्केट पैदा की है जहां ब्रैंड उपभोक्ता तक सीधे पहुंच बना रहे हैं। यह ढांचा आने वाले वर्षों में बहुत तेजी से बदलेगा। इन रील्स को बनाने में किसी प्रॉडक्शन हाउस की मदद नहीं ली जा रही है। इसकी बड़ी वजह हैं रील बनाने के प्लेटफॉर्मों में आसान इंटरफेस। इसमें किसी को तकनीक का महारथी होने की जरूरत नहीं है। **विवादों की रील :** लेकिन कुछ सवाल ऐसे भी हैं जिनके जवाब अभी खोजे जाने हैं। पहला मुद्दा तो निजता का ही है। टियर टू शहरों से आने वाली रील्स ज्यादातर लोगों के निजी परिवेश को ही दिखा रही हैं, मसलन वे कहां रहते हैं, क्या करते हैं, उनके परिवार के सदस्य कौन-कौन हैं? इनमें काफी कुछ दिख जा रहा है। दूसरा मुद्दा है अश्लीलता का। अपनी रील्स और अपने सोशल मीडिया हैंडल को वायरल करने के लिए लोग सॉफ्ट पोर्न और अश्लील चुटकुलों का सहारा ले रहे हैं। तीसरा, दूसरों के कंटेंट को एडिट कर अपना बना लेने की भी कवायद यहां खूब हो रही है। अपनी रील में इंटरनेट पर पहले से मौजूद किसी भी क्लिप का इस्तेमाल करना नैतिक दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता है। चौथा, लोगों की बिना अनुमति के उनकी वीडियो रील्स में डाली जा रही हैं। मसलन, कोई व्यक्ति रोड क्रॉस करते वक्त मैनहोल में गिर जाता है और कोई रील्स में फनी म्यूजिक लगाकर उसे वायरल कर देता है। पर क्या वह व्यक्ति खुद चाहता कि उसका ऐसा कोई वीडियो वायरल हो? **समय की बबार्दी :** इंटरनेट के फैलाव ने बहुत सी निहायत निजी चीजों को सार्वजनिक कर दिया है। ऐसे में हम उन असामान्य घटनाओं को भी सार्वजनिक जीवन का हिस्सा मान लेते हैं, जिनसे एक परपीडक समाज का जन्म होता है। शायद यही वजह है कि अब दुर्घटना होने पर लोग मदद की बजाय वीडियो बनाने में लग जाते हैं कि उससे वायरल हो जायेंगे। और अंत में सबसे बड़ा मुद्दा रील देखने में समय की बबार्दी का है, जिसमें दर्शक कोल्हू के बैल की तरह चलता तो बहुत है पर पहुंचता कहीं नहीं। इंटरनेट की दुनिया में बिखरी हुई रील्स में फूहड़ चुटकुले, दूसरों को तंग करने वाले मजाक का ज्यादा बोलबाला है। हो सकता है, आने वाले वक्त में जैसे-जैसे इन रील्स के दर्शक समझदार होते जाएं, इनका कंटेंट भी बेहतर होता जाए।

**ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

■ मुकुल श्रीवास्तव

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### समस्तीपुर रेल मंडल में 90 हजार बेटिकट यात्री पकड़े गये, छह करोड़ रुपये वसूल

**समस्तीपुर (एजेंसी)।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेल मंडल मे बेटिकट यात्रियों के विरुद्ध चलाये गए विशेष अभियान मे रेलवे ने पिछले एक माह में छह करोड़ आठ हजार रुपये राजस्व वसूली कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने गुरुवार को यहां बताया कि रेल मंडल के विभिन्न रेल खंडों मे नवम्बर माह में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल 90 हजार 355 यात्रियों को बेटिकट पकड़ा गया। श्री अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान मंडल के समस्तीपुर-दरभंगा एवं समस्तीपुर-सहरसा समेत अन्य रेल खंडों और स्टेशनों पर चलाया गया।

### गया में बंद मकान से चोरों ने 15 लाख की संपत्ति चोरी की

**गया (एजेंसी)।** बिहार में गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के बागेश्वरी मोहल्ले में अज्ञात चोरों ने बंद मकान से नगदी एवं जेवरात सहित लगभग 15 लाख रुपए मूल्य की संपति चोरी कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि शहर के बागेश्वरी मोहल्ला निवासी सूरज कुमार ने चोरी की सूचना दी है। मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में पीड़ित सूरज कुमार ने बताया कि उनकी बहन की शादी बुधवार को थी। सुबह लगभग 9 बजे सभी परिवार मकान बंद कर कॉटन मिल मोहल्ला स्थित मैरिज हॉल में गए हुए थे। दिन भर कई बार लगातार घर से सामान ले जाने हेतु आते-जाते रहे। रात्रि 9 बजे भी घर आकर देखा था, तब तक सब कुछ ठीक था। इसके बाद शादी के लिए मैरिज हॉल चले गए। बाहर से ताला भी लगाया हुआ था। इसके बाद जब आज अहले सुबह घर पहुंचे तो देखा कि अंदर से दरवाजा बंद है। पड़ोसी के घर से छत पर पहुंचे तो देखे की छत का ग्रिल टूटा हुआ है। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा था. उन्होंने कहा कि अज्ञात चोरों के द्वारा सभी घर के कमरों का ताला व अलमारी तोड़कर घर में रखे नगदी, लैपटॉप, मोबाइल, सोने-चांदी के जेवरात सहित लगभग 15 लाख रुपए की संपत्ति की चोरी की गई है।

### श्री जगन्नाथ मंदिर के अंदर एंड्रायड फोन प्रतिबंधित

**पुरी (एजेंसी)।** ओडिशा के श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने गुरुवार को पारित एक प्रस्ताव में कहा है कि मंदिर में श्रद्धालुओं और सेवकों को एंड्रॉयड फोन ले जाने की अनुमति नहीं है। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक वीर विक्रम यादव ने कहा कि जगन्नाथ मंदिर के पुलिस कमांडर आधिकारिक संपर्क के लिए केवल एक एंड्रॉयड फोन का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सेवादारों को की-पैड वाले मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति दी जाएगी। एसजेटीए ने 15 दिसंबर को होने वाली मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में प्रस्ताव रखा जायेगा। मंदिर के प्रशासक वीर विक्रम ने कहा कि प्रबंध समिति में प्रस्ताव पारित होने के बाद एक जनवरी से यह प्रतिबंध लागू हो जाएगा। गौरतलब है कि यह आदेश कई भक्तों द्वारा चुपके से तस्वीरें लेने और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने के बाद आया है। उनमें से कई श्रद्धालुओं पर कानूनी कार्रवाई की गयी।

### नीलम देवी के हत्या के विरोध में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जलाया मुख्यमंत्री का पुतला



**भागलपुर (एजेंसी)।** जिले के पीरपैंती थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुए नीलम देवी के हत्या मामले को लेकर गुरुवार को भागलपुर में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार का पुतला जलाया। मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भागलपुर नगर इकाई के आशुतोष सिंह तोमर ने कहा कि जब तक ऐसे हैवान दरिंदों को कठोर से कठोर सजा नहीं मिलेगी तब तक हम चैन से बैठने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा ऊ सिर्फ गिरफ्तारी से मामला ठंडा नहीं हो सकता। प्रशासन के द्वारा शायद इस केस को बंद बस्ते में डालने का काम किया जा रहा है। ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे। हमारा भागलपुर शांति सौहार्द से रहने वाला शहर है लेकिन इस तरह की घटना भागलपुर के लिए कलंक है। इसके बाद सभी कार्यकताओं ने तिलकामांझी चौक पर मुख्यमंत्री नीतिश कुमार का पुतला जलाया। इस दौरान बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। पुतला दहन कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भागलपुर इकाई के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जाप सुप्रीमो पप्पू यादव अपने पैतृक गांव खुर्दा से लोकसभा चुनाव का फूकेंगे बिगुल

**सहरसा (एजेंसी)।** जन अधिकार पार्टी( लो.) का कोशी और पूर्णिया प्रमंडल के सक्रिय कार्यकर्ताओ का एकदिवसीय बैठक जाप सुप्रीमो राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के पैतृक गाँव में भव्य बैठक रखा गया है।इस बैठक को सफल बनाने के लिए जिला के जन अधिकार पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता की लोकसभा स्तरीय बैठक पार्टी कार्यालय शिवपुरी में जिला अध्यक्ष रंजन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में यादव ने कहा 11 दिसम्बर को पप्पू यादव के नेतृत्व में लोकसभा चुनावी बिगुल फूंका जाएगा। वही हमलोग सहरसा से काफी मजबुती से खुर्दा पहूँच कर पप्पू यादव जी के हाथों को मजबुत करेगें। मधेपुरा लोकसभा में इसबार पप्पू यादव का जीतना तय है। बैठक को संबोधित कर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज पासवान और महासचिव शशि भूषण यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है इस बार पप्पू यादव जी भारी बहुमत से विजयी हो। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से बूथ स्तर पर काम करने की जरूरत है। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश यादव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जीबू आलम ने कहा लोकसभा एवं विधानसभा स्तरीय की एक मजबूत टीम गठित करने की जरूरत है। युवा जिला अध्यक्ष समीर पाठक और युवा शक्ति के जिला अध्यक्ष डॉ कपिल देव ने कहा सभी कार्यकर्ता मुस्तैदी से काम करते हैं तो मधेपुरा लोकसभा के सहरसा में जन अधिकार पार्टी काफी मजबूत है हम लोकसभा चुनाव जीतेंगे।

# रामपुर में ढ़हा आजम का किला, खिला कमल

## आकाश सक्सेना 34112 वोटों से जीते




**रामपुर (एजेंसी)।** पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खान की परंपरागत विधानसभा सीट रामपुर सदर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को पहली बार कब्जा कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी के आकाश सक्सेना ने रामपुर में पहली बार भाजपा को जिताकर इतिहास रच दिया है। आकाश ने 34112 वोटों से जीत दर्ज की है। इस बीच मतगणना स्थल से सपा प्रत्याशी आसिम राजा और उनके समर्थक मैदान छोड़कर चले गए हैं। बता दें कि शहर सीट पर उनके पिता पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने भी चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत नहीं सके। अब बेटे ने जीत दर्ज करके रामपुर सीट पर भाजपा को जिताने का इतिहास बना दिया है। विधानसभा चुनाव की मतगणना में शुरू से 20वें राउंड तक पिछड़ते चल रहे भाजपा के आकाश सक्सेना ने 21वें राउंड से बढ़त बनानी शुरू कर दी थी। अब तक मुस्लिम आबादी और मिली जुली आबादी के वोट खुल रहे थे। जैसे ही सिविल लाइंस और हिंदू आबादी के वोटों की गिनती शुरू हुई है तो भाजपा के आकाश ने सपा के आसिम राजा को पीछे करना शुरू कर दिया। 33वें राउंड में आकाश सक्सेना को 80964 वोट मिले जबकि सपा के आसिम राजा को 47262 वोट मिले। इस तरह से आकाश सक्सेना ने 34112 वोटों से आसिम राजा को करारी शिकस्त दी है।

भाजपा प्रत्याशी को इस चुनाव में 80 हजार 902 वोट मिले वहीं सपा उम्मीदवार को 47 हजार 262 वोटों से संतोष करना पड़ा।

भाजपा के आकाश शर्मा ने जीत का श्रेय रामपुर की जनता विशेषकर मुस्लिम समुदाय को दिया। उन्होने कहा कि देश में रामपुर ऐसा इकलौता नगर है जहां 70 फीसदी मुस्लिम आबादी निवास करती है। भाजपा को मिली जीत दशार्ती है कि योगी सरकार के प्रति मुस्लिमों के विश्वास में इजाफा हुआ है। मुस्लिम वर्ग भाजपा राज में खुद को महफूज और सम्मानित महसूस करता है।

मतदाताओं को वोट डालने से रोकने और पुर्नमतदान की सपा की मांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये उन्होने कहा कि सपा नेताओं का हर बयान पहले से स्क्रिप्टड होता है। इसलिये रामपुर की जनता उन्हे तवज्जो नहीं देती है। रामपुर की जनता विकास चाहती है जो उन्हे भाजपा की सरकार में ही मिल सकता है।

### योगी ने रामपुर की जनता का जताया आभार

**मुख्यमंत्री** ने गुजरात विस चुनाव और उत्तर प्रदेश के रामपुर में भाजपा की जीत को प्रधानमंत्री के विकास, सुरक्षा और सुशासन के प्रति जनता के स्नेह की अभिव्यक्ति कहा है। रामपुर विस उपचुनाव में पहली बार भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए श्री योगी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता-जनार्दन के प्रति आभार जताया है। गुरुवार को चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद सोशल मीडिया अकाउंट पर मुख्यमंत्री ने अपनी खुशी साझा की। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा गुजरात विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विराट विजय प्रधानमंत्री जी के विकास, सुरक्षा एवं सुशासन के प्रति जनता-जनार्दन के अपार स्नेह की अभिव्यक्ति है। इस प्रचंड विजय के लिए प्रधानमंत्री जी तथा गुजरात भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं व जनता-जनार्दन को हार्दिक बधाई। उन्होने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री के नीतियों की जीत है। वहीं उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा तथा रामपुर व खतौली विस सीट पर हुए उपचुनावों में विजयी सभी प्रत्याशियों को जीत की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने रामपुर की पहली जीत का खासतौर पर जिक्र किया। ट्विटर पर उन्होंने लिखा भारतीय जनता पार्टी ने रामपुर की सीट पर पहली बार विजय प्राप्त की है, इसके लिए श्री आकाश सक्सेना समेत रामपुर के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं जनता-जनार्दन के प्रति आभार।

## मुलायम की विरासत संभालेंगी बहू डिंपल



**इटावा (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक मुलायम सिंह यादव की विरासत अब उनकी बहू डिंपल यादव संभालेंगी। डिंपल ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार को 288461 वोटों से हरा दिया है। मैनपुरी लोकसभा सीट मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण रिक्त हुई है। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र सपा का गढ़ माना जाता है । सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को कुल 617625 वोट मिले हैं, जबकि भाजपा उम्मीदवार रघुराज सिंह को 329489 वोट हासिल हुए और इस तरह से डिंपल यादव ने भाजपा प्रत्याशी को 288136 वोटों से शिकस्त दे दी। डिंपल की जीत के बाद शिवपाल ने अपनी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) का विलय सपा में कर लिया ।खुद अखिलेश ने चाचा शिवपाल को सपा का झंडा भेंट किया। शिवपाल की गाड़ी पर उनके भतीजे अभिषेक यादव ने सपा का झंडा लाया।

शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि अब हर हाल में अखिलेश यादव के साथ रहेंगे ओर समाजवादी पार्टी के लिए काम करेंगे। चाहे 2024 का लोकसभा चुनाव हो। यहां पर आने वाले दिनों में निकाय चुनाव हर हाल में अखिलेश यादव को ताकत देने का काम करेगे।

सपा संस्थापक नेताजी (मुलायम सिंह यादव) के निधन के बाद गमगीन रही सैफई में इस बार दीपावली तक बगैर पटाखों के गुजरी थी लेकिन इस बार नेताजी की विरासत संभालने वाली बहु डिंपल यादव के मैनपुरी का चुनाव जीतने को लेकर जो नया रिकार्ड बना उसे लेकर लोगों की खुशियां बाहर आ गई। सुबह से ही यहां बाहर से आने वाले नेताओं की गाड़ियों की धमाचौकड़ी बनी रही तो अखिलेश यादव के आवास पर भी गहमागहमी का आलम बना हुआ था। एक दूसरे को मिठाई खिलाने के अलावा समर्थक जमकर पटाखे फोड़ने में जुटे हुये थे।

## रालोद ने लहराया खतौली में परचम



**मुजफ्फरनगर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में खतौली विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) सुप्रीमो जयन्त चौधरी का धुआंधार चुनाव प्रचार रंग लाया जब गुरूवार को पार्टी प्रत्याशी मदन भैया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार राजकुमारी सैनी के खिलाफ 22 हजार 165 मतों से जीत हासिल की। कांटे की टक्कर मे मदन भैया को 97 हजार 139 वोट प्राप्त हुये जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी राजकुमारी सैनी को 74 हजार 996 मत मिले। रालोद प्रत्याशी मतगणना के दौरान प्रथम राउंड से ही बढ़त बनाए रहे तथा 27 वें राउंड तक भाजपा प्रत्याशी मदन भैया को पछाड़ नहीं सकीं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह व एसएसपी विनित जायसवाल के निर्देशन में कूकडा नवीन मन्डी स्थल पर मतगणना के दौरान गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया व भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी के बीच चल रहे मुकाबले के दौरान दोनो दलों के समर्थक अपने अपने प्रत्याशी की स्थिती जानने को इच्छुक रहे। गौरतलब है कि मुजफ्फरनगर दंगे के आरोपी भाजपा के विक्रम सैनी को विधानसभा में अयोग्य ठहराने के बाद उनकी पत्नी राजकुमारी सैनी को भाजपा ने मैदान पर उतारा था। उनके चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य के अलावा कई मंत्री एवं विधायक लगे थे। दूसरी ओर रालोद प्रत्याशी के समर्थन में खुद पार्टी मुखिया जयंत चौधरी मैदान पर उतर पड़े थे और धुआंधार जनसंपर्क किया था।

## बीजद ने पदमपुर विस सीट पर कब्जा बरकरार रखा



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा में पदमपुर विधानसभा उपचुनाव में बीजू जनता दल (बीजद) की वर्षा सिंह बरिहा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदीप पुरोहित को 40 हजार से अधिक वोटों से हराया। बीजद ने इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुशील लोहानी ने के बताया कि सुश्री बरिहा को 1,20,807 वोट मिले जबकि श्री पुरोहित को 78,128 वोट मिले। पदमपुर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे कांग्रेस उम्मीदवार सत्य भूषण साहू को केवल 3594 वोट मिले और उनकी जमानत जब्त हो गयी।

कांग्रेस के उम्मीदवार श्री साहू ने उपचुनाव में 'निष्पक्षता' पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि 'धन और बाहुबल' ने चुनाव परिणाम पर असर डाला है। वहीं भाजपा के श्री पुरोहित ने दावा किया कि कांग्रेस के वोट सत्तारूढ़ बीजद उम्मीदवार के पक्ष में गये।

उपचुनाव में पांच निर्दलीय सहित 10 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें बीजद और भाजपा के उम्मीदवारों को छोड़कर आठ अन्य उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी।

पदमपुर विधानसभा उपचुनाव में सुश्री बरिहा ने 42,679 मतों के भारी अंतर से सीट जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया। उनके पिता विजय रंजन सिंह बरिहा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के प्रदीप पुरोहित से केवल 5734 मतों के अंतर से सीट जीती थी।

दिलचस्प तथ्य यह है कि पदमपुर निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे और 2019 के विधानसभा चुनाव में 32,787 वोट पाने वाले कांग्रेस के उम्मीदवार श्री साहू केवल 3594 वोट ही हासिल कर सके और अपनी जमानत गंवा बैठे। वहीं भाजपा 2019 के विधानसभा चुनाव और 2022 के उपचुनाव में अपने वोट शेयर को बरकरार रखने में कामयाब रही। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में पराजित हुए भाजपा उम्मीदवार श्री पुरोहित को 77,565 मत मिले थे और इस बार उपचुनाव में उन्हें 78,128 मत मिले।

### चिंगड़ीहाटा हादसे के पीड़ितों को देखने एसएसकेएम पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

**कोलकाता (एजेंसी)।** चिंगड़ीहाटा हादसे का शिकार हुए घायलों से मिलने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद एसएसकेएम अस्पताल पहुंची। यहां उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। आज ही के दिन चिंगड़ीहाटा में हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोग घायल हो गए थे। इनमें से गंभीर रूप से घायल पांच पीड़ितों को एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। दिल्ली से लौटने के बाद सीधा पीड़ितों से मिलने पहुंचीं मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे में धुत युवक ने अपनी कार से सात-आठ लोगों को टक्कर मार दी। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि, उनके इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। मैंने घायलों से मुलाकात की है।

## छत्तीसगढ़ : भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को 21,171 मतों से हराया

### जीत की औपचारिक घोषणा से पहले कांग्रेस दफ्तर के बाहर जमकर आतिशबाजी



**कांकेर/रायपुर (एजेंसी)।** भानुप्रतापपुर विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सावित्री मंडावी ने भाजपा उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम को 21,171 वोटों से हराया है। इस बड़ी जीत के बाद कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है। हालांकि, अभी जीत की औपचारिक घोषणा होना बाकी है, लेकिन कांग्रेस दफ्तर के बाहर जमकर आतिशबाजी करके मिठाइयां बांटी जा रही हैं।

मतगणना परिणामों में भाजपा उम्मीदवार ब्रम्हानंद नेताम दूसरे स्थान पर रहे हैं। आदिवासी समाज के निर्दलीय उम्मीदवार अकबर राम कोर्राम तीसरे स्थान पर रहे। जीत के बाद सावित्री मंडावी ने रोड शो करके जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वो जनता की उम्मीदों पूरी करने की कोशिश करेंगी।

उपचुनाव में कुल 1,41,662 वोट पड़े थे, जिसमें कांग्रेस उम्मीदवार सावित्री मंडावी को 65,479 वोट, भाजपा उम्मीदवार को 44308 वोट और आदिवासी समाज के उम्मीदवार अकबर राम को 23,417 वोट मिले हैं। नोटा में 4251 मत पड़े हैं। उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार ब्रम्हानंद नेताम के खिलाफ झारखंड पुलिस की कार्रवाई सुर्खियों में थी। कांग्रेस ने विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक पेश किया, जिसके कारण आदिवासी वर्ग में कांग्रेस के प्रति भरोसा जगा। इसका परिणाम अब मतगणना में दिखाई दिया है।

कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए मंत्रियों और विधायकों की टीम को उतारा था। विधानसभा क्षेत्र को पांच सेक्टर में बांटकर हर सेक्टर में पांच-पांच विधायकों को जिम्मेदारी दी गई थी। भाजपा ने मंडल स्तर पर टीम बनाई थी और अपने प्रमुख चुनावी प्रबंधक पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी थी। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद यह पांचवां उपचुनाव है। इससे पहले दंतेवाड़ा, चित्रकोट, मरवाही, खैरागढ़ उपचुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी।

## बिहार के कुढ़नी में लहराया भाजपा का परचम

**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** बिहार के कुढ़नी विधानसभा उप चुनाव में हुए कांटे के मुकाबले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केदार प्रसाद गुप्ता ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के मनोज कुशवाहा को पराजित कर दिया है। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, भाजपा के केदार प्रसाद गुप्ता ने 23 वें और अंतिम चक्र की मतगणना की समाप्ति के बाद महागठबंधन के जदयू प्रत्याशी मनोज कुशवाहा को 3649 वोट के अंतर से पराजित किया । श्री गुप्ता को 76722 और श्री कुशवाहा को 73073 वोट प्राप्त हुआ है ।भाजपा ने यह सीट राजद से छीनी है । इस सीट से भाग्य आजमाने उतरे विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नीलाभ कुमार को दस हजार और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) के मो. गुलाम मुर्तजा को 3206 मत से ही संतोष करना पड़ा ।वहीं, नोटा के पक्ष में 4448 वोट पड़े ।

### गुजरात में भाजपा की प्रचंड बहुमत व कुढनी उपचुनाव में जीत पर चहुंओर जश्न




**मधुबनी (एजेंसी)।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण परिवेश में भाजपाईयों ने गुरुवार को विजयी जश्न दिवस मनाया। गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत मिलने पर चहुंओर खुशनुमा माहौल व्याप्त है। बिहार के कुढ़नी उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार की जीत पर लोगों ने तीव्र प्रतिक्रिया दिया। बताया कि कुढ़नी उप चुनाव में जदयू की हार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व महागठबंधन सरकार की विफलता का द्योतक है। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में गुजरात विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत व बिहार उपचुनाव में कुढनी से भाजपा की शानदार जीत पर रंग अबीर लड्डू खिलाकर जश्न मनाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर झा ने कहा कि पूरे देश में मोदी जी के नेतृत्व में विकास की गंगा बह रही है गुजरात में भारी बहुमत के साथ भाजपा की पुनः सरकार बनेगी। बिहार विधानसभा उपचुनाव में एक तरफ महागठबंधन के सभी सभी नेता भाजपा को हराने में लगे थे। जवाब बिहार की जनता ने दे दिया। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीतेगी। भाजपा कार्यालय में संजीव कुमार बादल, देवेंद्र कुमार यादव, ज्योति नारायण मंडल, प्रमोद कुमार सिंह,मनोज कुमार मुन्ना, सुबोध कुमार चौधरी ,नागेंद्र राउत शंकर झा, अशोक राम, मीना देवी पवन ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, श्याम हरि चौधरी, अविनाश झा सहित कई कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में जश्न मनाया।

## बैंक डकैती में मास्टर माइंड समेत पांच अपराधी आर्म्स के साथ गिरफ्तार




**बेतिया (एजेंसी)।** बेतिया स्थित बैरिया मलाही टोला शाखा के एसबीआई बैंक में दिनदहाड़े डकैती के मामला का सफल उद्भेदन करते हुए पुलिस ने घटना के मास्टर माइंड समेत पांच को लूट की राशि के एक चौथाई हिस्सा के साथ आर्म्स व जिंदा कारतूस और प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी प्राप्त किया है। लूट के बाद किए गए कार्यवाही की जानकारी देते हुए आज बेतिया पुलिस अधीक्षक उपेन्द्रनाथ वर्मा ने देते हुए बताया कि बुधवार के सुबह लगभग 10:55 बजे बेतिया बैरिया थानांतर्गत एसबीआई के मलाही टोला शाखा में करीब 6 अपराधी हेलमेट व मास्क लगाए हुए हथियार के बल पर बैंक से 8,29,655/- रूपया लूट लिया था। जिसकी सूचना 11:10 बजे प्राप्त होते ही सभी आस पास के थानों एवं तकनीकी शाखा टीम के सहयोग से वाहन जांच का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि सूचना पर मैं स्वयं घटनास्थल बैंक पहुंच कर अपराधियों के हुलिमा एवं अपराध शैली की जानकारी लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में भागने वाले दिशा में कार्यवाही के लिए भेजा गया। तकनीकी शाखा व सूचना के आधार पर टीम नवलपुर बाजार में घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ राजा कुमार उम्र 22 वर्ष पिता अरविंद कुशवाहा, ग्राम बाघी, वार्ड नम्बर 05, मुफ्फसिल थाना जिला समस्तीपुर को दबोचा गया। जिसके सहारे बैंक डकैती के मास्टर माइंड नवलपुर ओपी थाना के सिसवा बैरागी के सरपंच अशोक राम, उम्र 35 वर्ष पिता रामदत्त राम, ग्राम सेमरी मन को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल हुई। पुलिस गिरफ्त में आए डकैती का मास्टर माइंड सरपंच अशोक राम व नवलपुर बाजार में पकड़े गए समस्तीपुर जिला के राजा कुमार ने संलिप्तता स्वीकार करते हुए 5 अपराधियों और 2 अज्ञात अपराधियों के बारे में बताया गया। उनकी निशानदेही पर टीम ने सरपंच के घर पर छापामारी कर घटना को अंजाम देने वाले राहुल कुमार उम्र 24 वर्ष, पिता दिनेश सहनी, ग्राम जहानाबाद बसंता, मनीष कुमार उम्र 25 वर्ष, पिता सुरेश सहनी, ग्राम बलाहा बसंता, वार्ड नंबर 12, और राजकुमार सहनी, उम्र 20 वर्ष, पिता स्व. द्वारिका सहनी, ग्राम बलाहा बसंता तीनों लालगंज थाना वैशाली जिला को लूट की राशि का 2,42,880/- रूपया हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। जिस संबंध में योगापट्टी नवलपुर ओपी थाना में 676/22 दर्ज किया गया है। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं शेष राशि की बरामदगी हेतु छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार हुए अपराधियों की अंतरराज्यीय अपराधिक इतिहास है, जिन्होंने बिहार के अलावे उत्तर प्रदेश में भी लूट की घटना को अंजाम दिया है। जिसके संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में पुलिस टीम लगी हुई है। गिरफ्तार मनीष कुमार के ऊपर बेतिया लौरिया थाना और बैशाली लालगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार राजकुमार के ऊपर वैशाली लालगंज थाना में 3 प्राथमिकी दर्ज है। वहीं समस्तीपुर के गिरफ्तार राजा कुमार के ऊपर समस्तीपुर के मुसरीघरारी व मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज है।

## बिहार में डॉक्टरों के पंजीकरण का आंकड़ा देश के कई राज्यों से बेहतर: उमेश कुशवाहा



**पटना (एजेंसी)।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गुरुवार को यहां कहा कि वो कुछ भी बोलने के पूर्व न तो आंकड़ों को देखते हैं और न ही कुछ सोचते हैं। उमेश सिंह कुशवाहा ने सुशील मोदी के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने बिहार में 51 प्रतिशत तक डॉक्टरों की कमी होने की बात कही है लेकिन इस बयान को देने के पूर्व उन्होंने अपने दल द्वारा शासित उत्तर प्रदेश की ओर देखना आवश्यक नहीं समझा। पता नहीं क्यों वो बार-बार भाजपा शासित राज्यों को भूल जाते हैं। बिहार में डॉक्टरों की कमी का रोना रोने के पूर्व उन्हें देखना चाहिए था की 2273 लोगों पर बिहार मेडिकल कौंसिल द्वारा पंजीकृत एक डॉक्टर हैं, जबकि उत्तर प्रदेश में 2363 लोगों पर महज एक डॉक्टर मेडिकल कौंसिल से पंजीकृत हैं। बिहार मेडिकल कौंसिल में डॉक्टरों के पंजीकरण का आंकड़ा देश के कई राज्यों से काफी बेहतर है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सुशील मोदी भूल जाते हैं कि पिछले 17 वर्षों में से 15 वर्ष तक उन्हीं के दल के पास प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग रहा है। छतीसगढ़ में 2549 लोगों पर एक डॉक्टर पंजीकृत हैं। तेलंगाना में 4413 और हमारे पडोसी राज्य झारखण्ड में 4763 लोगों पर मात्र एक डॉक्टर पंजीकृत हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा था कि बिहार में 51 प्रतिशत तक डॉक्टरों की कमी है।

## न्यूज गैलरी

### नौ फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

मुंबई (एजेंसी)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की शृंखला नागपुर में नौ फरवरी से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने भारत के घरेलू सत्र 2023 की घोषणा करते हुए बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच नागपुर (9-13 फरवरी) के अलावा दिल्ली (17-21 फरवरी), धर्मशाला (1-5 मार्च) और अहमदाबाद (9-13 मार्च) में खेले जायेंगे। गौरतलब है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2020-21 में मेजबान टीम को 2-1 से हराया था। फरवरी में शुरू होनेवाली शृंखला भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों के लिए भी महत्वपूर्ण होगी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया तीन एक दिवसीय मैचों के साथ अपना भारत दौरा समाप्त करेगा। यह वनडे मुकाबले क्रमशः मुंबई (17 मार्च), विशाखापटनम (19 मार्च) और चेन्नई (22 मार्च) में आयोजित होंगे। इससे पहले भारत साल की शुरूआत में सीमित ओवर शृंखलाओं के लिए श्रीलंका और न्यूजीलैंड की मेजबानी भी करेगा। श्रीलंका के भारत दौरे की शुरूआत तीन जनवरी से तीन टी-20 मैचों के साथ होगी, जिसके बाद दोनों टीमें तीन एक दिवसीय मैचों में एक दूसरे का सामना करेंगी। इसके अलावा भारत और न्यूजीलैंड भी 18 जनवरी से एक फरवरी के बीच एक दूसरे के खिलाफ तीन टी-20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेंगे।

### श्रीलंकाई ऑलराउंडर के साथ हादसा, फील्डिंग के दौरान टूटे दांत



कोलंबो (एजेंसी)। चोट लगना खेल का अभिन्न अंग है, लेकिन कई बार खिलाड़ियों की जान पर बन जाती है। ऐसा ही कुछ लंका प्रीमियर लीग में देखने को मिला जब श्रीलंकाई गेंदबाजी ऑलराउंडर चमक करुणारत्ने के फील्डिंग के दौरान चार दांत टूट गए और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। कैंडी फाल्कन्स और गॉल ग्लैडिएटर्स के बीच चल रहे लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2022 के चौथे मैच के दौरान ऐसा हुआ। मैच के दौरान करुणारत्ने ने कैच लेने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके चेहरे पर लगी जिससे उनके चार दांत गिर गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। कथित तौर पर चामिका करुणारत्ने को तत्काल सर्जरी के लिए गाले के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, एक रिपोर्ट के अनुसार कैंडी फाल्कन्स टीम के निदेशक ने कहा कि करुणारत्ने स्थिर है। इस बीच, लंका प्रीमियर लीग में कैंडी फाल्कन्स के लिए यह कोलंबो क्रिकेटर का पहला कार्यकाल है, जो पहले दांबुला जायंट्स (डंबुला ऑरा) का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मैच की बात करें तो गॉल ग्लैडिएटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 121/8 का स्कोर बनाया जिसमें मोविन सुबासिंघा (40) और पाकिस्तान के हरफनमौला इमाद वसीम (34) ने गाले के लिए बल्ले से योगदान दिया। कैरेबियाई ऑलराउंडर कार्लोस ब्रैथवेट ने कैंडी के लिए चार ओवरों में 14 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में कैंडी फाल्कन्स ने पांच ओवर शेष रहते और पांच विकेट से जीत दर्ज की।

# रोहित शर्मा ने बतायी बांग्लादेश से शर्मनाक हार की वजह

## कप्तान बोले - गेंदबाजों को सीखने की जरूरत है कि 50 ओवर के क्रिकेट में साझेदारी को कैसे तोड़ा जाये



मीरपुर (एजेंसी)। रोहित शर्मा की 27 गेंदों में फिफ्टी भी भारतीय टीम को दूसरे वनडे में जीत नहीं दिला पायी। बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 271 रन बनाये थे, लेकिन भारतीय टीम श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और रोहित शर्मा की अच्छी पारियों के बावजूद जीत हासिल नहीं कर पायी और पांच रन से मैच गंवा दिया और साथ ही तीन वनडे मैचों की सीरीज भी। सीरीज गंवाने के बाद रोहित ने कहा कि भारतीय गेंदबाजों को यह सीखने की जरूरत है कि 50 ओवर के क्रिकेट में साझेदारी को कैसे तोड़ा जाता है। हमें इस बात पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है कि हमें व्यक्तिगत रूप से क्या करना है, लेकिन मेहदी और महमूदुल्लाह से कुछ भी अलग नहीं करना है। रोहित ने कहा कि जब बात वनडे मैचों की आती है तो यह सब साझेदारियां के बारे में होता है। जब आप 50-70 रन की साझेदारी करते हैं, तो आपको इसे 100-120 की साझेदारी बनाना चाहिए। ऐसा कहने के बाद हमारे पास देखने के लिए बहुत सी चीजें हैं और हमें थोड़ा बहादुर बनने और अधिक मौके लेने की जरूरत है। रोहित शर्मा ने अपनी चोट पर कहा कि ईमानदारी से कहूं तो अंगूठा अब मुद्दा नहीं है। उंगली ठीक है, फ्रैक्चर नहीं है, यही वजह है कि मैं आकर बल्लेबाजी कर सका। चोट की कुछ चिंताएं हैं और हमें इसकी तह तक जाने की जरूरत है। हमें कोशिश करते रहने की जरूरत है। जब हम भारत के लिए खेलने आते हैं, तो हमें 100 प्रतिशत से अधिक होने की आवश्यकता होती है। यह कुछ ऐसा है जिस पर हमें चलना होगा। हम एनसीए में हमारी टीम के साथ और उनके कार्यभार की निगरानी करने की कोशिश करें। बता दें कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंद पर अनामुल हक की दूसरी स्लिप में कैच लेने के प्रयास में रोहित के बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गयी थी। उन्हें एक्स-रे के लिए अस्पताल भेजा गया था। उनकी जगह रजत पाटीदार को फील्ड पर भेजा गया। आशंका है कि वह तीसरे वनडे में खेल नहीं पायेंगे।

एक ओवर में सात छक्के लगाने वाले गायकवाड़ बोले -

# मेरा करियर तभी पूरा होगा जब मैं वनडे और टेस्ट में रन बनाऊंगा




मुंबई (एजेंसी)। युवा भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने हाल ही में अपने घरेलू क्रिकेट करियर में जबरदस्त फॉर्म का प्रदर्शन दिया। उन्होंने इसी महीने खत्म हुए विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में अपने बल्ले से कहर बरपाया और उन्होंने कुल पांच पारियों में चार शतक जड़े। इसके अलावा गायकवाड़ ने उत्तर-प्रदेश के खिलाफ गेंदबाज शिवा सिंह के एक ओवर में सात छक्के जड़कर लिस्ट-ए क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने इस मैच में 159 गेंदों में नाबाद 220 रन बनाये। रुतुराज गायकवाड़ ने अब भारतीय टीम के लिए खेलने की इच्छा जताई है और उन्होंने कहा है कि उनका क्रिकेट करियर तभी पूरा होगा जब वह वनडे और टेस्ट में टीम के लिए रन बनाएंगे। रुतुराज गायकवाड़ ने कहा कि मैंने टी-20 प्रारूप में टीम के लिए रन बनाए हैं, लेकिन अब मैं वनडे और टेस्ट क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। फिर ही मेरा क्रिकेट करियर पूरा हो पाएगा। मैं और ज्यादा निरंतरता के साथ क्रिकेट खेलना चाहता हूं और मेरा लक्ष्य यह है कि मैं बड़े मैचों में रन बनाऊं। मैं यह सोचता हूं कि टीम को लगातार जीत दिलाऊं। गौरतलब है कि गायकवाड़ ने अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर में अभी तक 9 टी-20 मैच खेले हैं, जबकि उन्हें केवल एक ही वनडे मैच में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने को मिला है। टी-20 में वह भारत के लिए 135 रन बना पाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। वहीं उन्हें हाल ही में उन्होंने दक्षिण-अफ्रीका के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था, जिसमें वह 19 रन बनाकर आउट हो गए थे। गायकवाड़ ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट के 24 मैचों में 1577 रन बनाए हैं, जिसमें उन्होंने 7 अर्धशतक और 5 शतक जड़े हैं। वहीं, लिस्ट-ए क्रिकेट करियर में उन्होंने 72 मुकाबलों में 16 शतक और और 15 अर्धशतक जड़कर 4034 रन बनाए हैं।

### पहले टेस्ट मैच के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान

चटगांव (एजेंसी)। बांग्लादेश ने 14 दिसम्बर से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए शीर्ष क्रम बल्लेबाज जाकिर हसन को पहली बार टीम में शामिल किया। हसन को टीम में शामिल करने का फैसला अनुभवी तमीम इकबाल के 'ग्रोइन' चोट से ना उबर पाने के कारण किया है। हसन को भारत ए के खिलाफ पहले अनाधिकृत टेस्ट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था और वह प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले खिलाड़ी थे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ता मिन्हाजुल अबेदिन ने कहा कि हमारे फिजियो ने कहा कि वह (तमीम) पहला टेस्ट नहीं खेल पायेगा।

# आज से फीफा वर्ल्ड कप के होंगे क्वार्टर फाइनल मुकाबले

## 09 से 11 दिसम्बर तक खेले जायेंगे फीफा वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले

- पहले मुकाबले में ब्राजील के सामने होगी क्रोएशिया की टक्कर
- भारत में फैंस फ्री में देख सकते हैं मुकाबले की स्ट्रीमिंग



दोहा (एजेंसी)। फीफा वर्ल्ड कप-2022 में अंतिम आठ टीमें पक्की हो गयी हैं। ग्रुप राउंड के बाद प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए थे। इसमें जीत हासिल कर ब्राजील, क्रोएशिया, नीदरलैंड्स, इंग्लैंड, फ्रांस, मोरक्को, पुर्तगाल और अर्जेंटीना ने क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की है। 9 और 10 दिसंबर को क्वार्टर फाइनल यानी अंतिम-8 के मुकाबले खेले जायेंगे। इसमें जीत हासिल करने वाली टीम को सेमीफाइनल में जगह मिलेगी।

**किसका मुकाबला किससे :** वर्ल्ड कप का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला ब्राजील और क्रोएशिया के बीच खेला जाएगा। इसके बाद नीदरलैंड्स की टक्कर अर्जेंटीना से होगी। अपना आखिरी वर्ल्ड कप खेल रहे लियोनेल मेसी अपना शानदार खेल जारी रखना चाहेंगे। वहीं, नीदरलैंड्स भी बेहतरीन लय में है। तीसरे क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की टक्कर पुर्तगाल से होगी। मेसी की तरह क्रिस्टियानो रोनाल्डो का भी यह आखिरी वर्ल्ड कप है। अंतिम क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस की टक्कर इंग्लैंड से होगी।

**यहां देख पायेंगे लाइव मुकाबला :** क्वार्टर फाइनल के सभी मुकाबले स्पोर्ट्स18 और स्पोर्ट्स18 एचडी टीवी चैनलों पर लाइव प्रसारित किये जायेंगे। भारत में दर्शक इन चैनलों पर मुकाबले का मजा उठा सकते हैं। इसके साथ ही जिओ सिनेमा का ऐप और वेबसाइट फ्री में मैचों की स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।

**भारत में क्वार्टर फाइनल का समय**

- 09 दिसम्बर : क्रोएशिया बनाम ब्राजील- एजुकेशन सिटी स्टेडियम (रात साढे आठ बजे से)
- 10 दिसम्बर : नीदरलैंड बनाम अर्जेंटीना- लॉसेल स्टेडियम (रात साढ़े 12 बजे से)
- 10 दिसम्बर : मोरक्को बनाम पुर्तगाल- अल थुमामा स्टेडियम (रात साढे आठ से)
- 11 दिसम्बर : इंग्लैंड बनाम फ्रांस- अल बैत स्टेडियम (रात साढ़े 12 बजे से)

### विश्व कप जीतना है तो भारत को करने होंगे सुधार

कराची (एजेंसी)। अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अब 11 महीने से भी कम का समय रहा है, लेकिन इससे पहले भारतीय टीम का वनडे में प्रदर्शन बेहद खराब दिखाई दे रहा है। भारत को पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-0 से हार का सामना करना पड़ा और अब भारतीय टीम के खिलाफ बांग्लादेश ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 से अजय बढ़त बना ली है। बांग्लादेश के खिलाफ इस बेहद खराब प्रदर्शन पर अब पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर सलमान बट्ट ने भारतीय टीम पर निशाना साधा है और उन्होंने साथ ही साथ टीम को विश्व कप से पहले कुछ चीजों में सुधार करने की नसीहत दी है। सलमान बट्ट का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपने रोल के बारे में कुछ पता नहीं है और अगर ऐसा रहा तो सभी खिलाड़ी टीम में सिर्फ अपनी जगह बचाने के लिए ही खेलेंगे। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल की वीडियो में कहा कि भारतीय खिलाड़ियों के पास क्लैरिटी की कमी है और उन्हें यह भी नहीं पता है कि टीम उनसे क्या चाह रही है।

# मार्नेस लाबुछेन-ट्रेविस हेड के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत



- दूसरे टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट खोकर बनाये 330 रन

एडिलेड (एजेंसी)। विंडीज टीम के खिलाफ एडिलेड के मैदान पर खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मार्नेस लाबुछेन और ट्रेविस हेड के शतकों की बदौलत तीन विकेट खोकर 330 रन बना लिये हैं। लाबुछेन और हेड ने विंडीज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। मार्नेस ने जहां 235 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 120 रन बनाए तो वहीं, ट्रेविस 139 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 114 रन बनाकर क्रीज पर नाबाद खड़े हैं। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत सधी हुई रही थी। ओपनिंग क्रम पर डेविड वॉर्नर के साथ उसमान ख्वाजा क्रीज पर आए थे। वार्नर ने 29 गेंदों में 4 चौकों की मदद से 21 रन बनाए जबकि ख्वाजा ने 129 गेंदों पर 62 रनों का योगदान दिया। कप्तान स्टीव स्मिथ की किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। वह शून्य पर ही जेसन होल्डर की गेंद पर उन्हें कैच थमा बैठे। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने चौथे विकेट के लिए करीब 200 रनों की पार्टनरशिप की और स्कोर 330 रन तक पहुंचा दिया।

मार्नेस लाबुछेन के लिए यह शतक खास रहा क्योंकि इससे पहले पर्थ के मैदान पर खेले गए पहले टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने दोहरा शतक तो दूसरी पारी में शतक जड़ा था। अब एक और शतक जड़ने के साथ लगातार तीन पारियों में तीन शतक उनके नाम हो गए हैं। वहीं, ट्रेविस हेड भी अपने टेस्ट करियर का पांचवां शतक जड़ने में सफल हुए। विंडीज की ओर से पहले दिन अल्जारी जोसेफ, जेसन होल्डर और डेवोन थॉम्स 1-1 विकेट निकालने में सफल रहे।

### पुरूष और महिला खिलाड़ियों को मैच फीस देने की योजना : एआईएफएफ

नयी दिल्ली (एजेंसी)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरण ने कहा कि अगर एआईएफएफ अपने वित्तीय स्त्रोतों को बढ़ाने में सफल रहता है तो राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों (पुरूष और महिला) को जल्द ही मैच फीस दी जाएगी। इस महीने के अंत में भारतीय फुटबॉल विकास के लिए रोडमैप के अंतर्गत कई पहल की घोषणा की जाएगी। प्रभाकरण ने कहा कि कार्यकारी परिषद राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के लिए मैच फीस शुरू करने का फैसला करेगी। उन्होंने हालांकि एआईएफएफ की बजट संबंधित बाधाओं के कारण इसके लिये कोई समय सीमा नहीं दी लेकिन संकेत दिया कि यह मौजूदा कार्यकाल के दौरान ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारी पुरूष और महिला टीम के खिलाड़ियों को मैच फीस मिलनी चाहिए। हमें सिर्फ टोकन राशि नहीं देनी चाहिए, इसकी आर्थिक अहमियत होनी चाहिए। प्रभाकरण ने कहा कि अगर देश के लिए खेलने वाले एक खिलाड़ी आर्थिक रूप से कुछ हासिल नहीं कर रहा तो एक परिवार या समुदाय उसे एक सीमा के बाद कैसे मदद करेगा। हम कार्यकारी समिति में इस मामले पर चर्चा करेंगे। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया कि एआईएफएफ का मौजूदा सालाना बजट 100 करोड़ रुपए से थोड़ा अधिक है जो तुरंत राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को मैच फीस देने की इजाजत नहीं देगा।

# विश्व कप से पहले भुवनेश्वर राउरकेला में बिछीं नयी पिचें

भुवनेश्वर (एजेंसी)। एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप-2023 से पहले यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में चार नयी पिचें बिछायी गयी हैं। हॉकी इंडिया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि कलिंगा स्टेडियम में मुख्य पिच के साथ-साथ अभ्यास पिच को फिर से बिछाया गया है, जबकि राउरकेला में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) द्वारा प्रमाणित बिल्कुल नयी पिचें बिछी हैं। पुरुष विश्व कप-2023 इस अत्यधिक प्रतिष्ठित आयोजन का 15वां संस्करण होगा। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले राउरकेला में नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम और भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे। अगले साल 13 से 29 जनवरी तक होनेवाले प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भारत सहित दुनियाभर की शीर्ष-16 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के लिए 16 टीमों को चार पूल में विभाजित किया गया है। भारत पूल-डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा कि मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि एफआईएच द्वारा प्रमाणित सभी नयी पिचें उपयोग के लिए तैयार हैं। कलिंगा हॉकी स्टेडियम और बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम दोनों भाग लेने वाली टीमों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधायें प्रदान करेंगे। हम इसके लिये ओडिशा राज्य सरकार के आभारी हैं, जिन्होंने यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है कि विश्व कप का यह संस्करण हर किसी के लिये यादगार हो। गौरतलब है कि भारत इससे पहले 2010 और 2018 में भी पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर चुका है।



# नीचता पर उतरा पाकिस्तान : भारत की शान अभिनंदन का उड़ाया मजाक

- अपनी हार पर शर्मसार होने की जगह पत्रकार नीच हरकत पर लगा रहे थे ठहाके



नयी दिल्ली (एजेंसी)। इंग्लैंड ने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले ही दिन न केवल 506 रन ठोके, बल्कि 4 बल्लेबाजों ने शतक जड़े। यह किसी भी टेस्ट मैच के पहले दिन बनने वाला सबसे विशाल स्कोर था। दुनियाभर में पाकिस्तानी टीम और कप्तान बाबर आजम की थू-थू हुई। बात यहीं खत्म नहीं हुई। जो रूट ने तो दूसरी पारी में पाकिस्तानी गेंदबाजों को बाएं हाथ से खेलते हुए यह बतलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि तुम्हारे गेंदबाजों के लिए मेरा बायां हाथ ही काफी है। बावजूद इसके पाकिस्तान को शर्म नहीं आई।

### बेन स्टोक्स थे अंजान

पाकिस्तानी पत्रकारों को अपनी टीम के प्रदर्शन पर जहां शर्म आनी चाहिए थे वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐसी नीच हरकत कर दी, जो कम से कम बेन स्टोक्स को अगर पूरी बात पता चले तो वह उन्हें भी नागवार गुजरेगा। बात है मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड की जीत के बाद की। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। पाकिस्तानी पत्रकार इस बात से कोसों दूर कि कैसे उनकी टीम हार गई, क्या कारण रहे, इंग्लैंड ने किस तरह की प्लानिंग की थी... जैसे सवाल पूछने की बजाय भारत की शान अभिनंदन का मजाक उड़ाया। उसके एक पत्रकार ने बेन स्टोक्स से पूछा- चाय कैसी थी इस पर पूरे मामले से अंजान बेन स्टोक्स हंसते हुए सवाल को दोहराते हैं। इस पर पाकिस्तानी पत्रकार जोर-जोर से ठहाके लगाने लगते हैं। दरअसल, भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन वर्तमान से पाकिस्तान में यही सवाल किया गया था। उस समय भारत के बेटे ने पाकिस्तानी ऑफिसर्स की आंखों में आंखें डालकर जवाब दिया।

### भारत की शान अभिनंदन ने मार गिराया था पाकिस्तानी विमान

एक बात और पाकिस्तानी पत्रकारों को अगर याद होता तो शायद यह सवाल नहीं पूछते। भारत की शान अभिनंदन ने रूसी मिग-21 बाइसन से पाकिस्तान के एफ-16 (यूएस निर्मित) को मार गिराया था। एफ-16 अमेरिका का लड़ाकू विमान है और उसे मिग-21 से काफी बेहतर माना जाता है। बावजूद इसके भारतीय विंग कमांडर ने लोहे का जिगर दिखाते हुए पाकिस्तानी विमान को नस्ते-नाबूत कर दिया था। बालाकोट एयर स्ट्राइक के हीरो को 2019 में स्वतंत्रता दिवस पर भारत के तीसरे सर्वोच्च सैन्य सम्मान 'वीर चक्र' से नवाजा गया। पाकिस्तान में अक्सर इस तरह की हरकत होती रहती है। उसके पूर्व क्रिकेटर भारत और उसके खिलाड़ियों पर उल-जुलूल बयान देने से बाज नहीं आते। बावजूद इसके वह चाहते हैं कि भारतीय टीम उनके साथ द्विपक्षीय सीरीज पाकिस्तानी सरजमी पर खेले।



## न्यूज गैलरी

### चालू वित्त वर्ष में अप्रत्यक्ष कर के लक्ष्य को पाने में मददगार होगा जीएसटी संग्रह

**मुंबई।** करों में कटौती के कारण केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह पर पड़ने वाले असर के बावजूद 2022-23 में अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर राजस्व वृद्धि के लक्ष्य को पाने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में हुई वृद्धि से मदद मिलेगी। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह कहा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड के चेयरमैन विवेक जौहरी ने कहा कि सरकार ने करों में जो कटौती की है उससे सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क संग्रह चालू वित्त वर्ष में चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 को लागू हुए 60 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जौहरी ने कहा, अप्रत्यक्ष कर के लक्ष्य की बात करें तो मुझे पूरा भरोसा है कि हम इसे पा लेंगे। हम सही राह पर हैं। जौहरी ने कहा कि ज्यादातर वृद्धि जीएसटी से आ रही है जिससे मिलने वाला राजस्व बीते दो महीनों में काफी अच्छा रहा है। उन्होंने कहा, ह्यह्यजीएसटी में मिल रही वृद्धि को देखते हुए मेरा मानना है कि हम राजस्व लक्ष्य को पा लेंगे।

### इरडा ने कारों के लिए तीन साल और दोपहिया वाहनों के लिए पांच साल का बीमा कवच देने का प्रस्ताव किया

**नयी दिल्ली।** बीमा विनियामक संस्था इरडा ने कारों के लिए तीन साल और दोपहिया वाहनों के लिए पांच साल का बीमा कवच देने का बुधवार को प्रस्ताव किया है जिसका उद्देश्य ग्राहकों को व्यापक विकल्प प्रदान करना है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने 'मोटर थर्ड पार्टी बीमा और स्वयं को हुई क्षति बीमा दोनों को कवच प्रदान करने वाले ह्यदीर्घकालिक मोटर उत्पाद' पर एक मसौदा तैयार किया है। मसौदे में सभी सामान्य बीमाकर्ताओं को निजी कारों के संबंध में तीन साल की बीमा पॉलिसी और दोपहिया वाहनों के लिए पांच साल की मोटर थर्ड पार्टी देयता कवच के साथ सह-टर्मिनस की पेशकश करने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया है।

### रॉयल एनफील्ड का ब्राजील में एसेंबली संयंत्र शुरू

**नयी दिल्ली।** बाइक बनने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने बुधवार को कहा कि ब्राजील में उसके एसेंबली (गाड़ी कसने वाले) संयंत्र ने परिचालन शुरू कर दिया है। एक नियामकीय सूचना में बताया गया कि सीकेडी (कंप्लीटली नॉक्ड डाउन) संयंत्र, लैटिन अमेरिका में कंपनी की योजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी, आयशर मोटर्स का एक हिस्सा है। प्रति वर्ष 15,000 से अधिक इकाइयों की असेंबली क्षमता के साथ यह संयंत्र ब्राजील में बढ़ती मांग को पूरा करेगा। इस संयंत्र में नई क्लासिक 350, मीटीअर 350, द हिमालयन और 650 ट्विन मोटरसाइकिलों को तैयार किया जाएगा। रॉयल एनफील्ड के सीईओ बी गोविंदराजन ने कहा, "अमेरिका, यूरोप और एशिया-प्रशांत जैसे बाजारों में काफी वृद्धि हो रही है। ब्राजील एक बहुत मजबूत बाजार रहा है और जल्द ही भारत के बाहर कंपनी के लिए सबसे बड़ा एकल बाजार बनने की ओर अग्रसर है।"

### बैंकरों ने आरबीआई की मौद्रिक नीति की सराहना की

**मुंबई, सात दिसंबर (एजेंसी)।** बैंकरों ने भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा रेपो दर में 0.35 प्रतिशत वृद्धि का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि लगातार पांचवीं बार दर में मामूली बढ़ोतरी, आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति के बीच अच्छा संतुलन बनाती है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.35 प्रतिशत बढ़ाकर 6.25 करने की घोषणा की है। इस तरह मई, 2022 से रिजर्व बैंक रेपो दर में कुल 2.25 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। ऊंची मुद्रास्फीति की वजह से रिजर्व बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर रहा है। खुदरा मुद्रास्फीति पिछले कुछ महीनों से लगातार रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा, "नीति बयान चुस्त-दुरुस्त और दूर की सोच रखने वाला है तथा वृद्धि और मुद्रास्फीति के बीच एक अच्छा संतुलन बनाता है। वृद्धि अनुमानों में मामूली गिरावट से पता चलता है कि मौजूदा अनिश्चित वातावरण में कुछ कह पाना कठिन है।" उन्होंने सरकारी प्रतिभूतियों में उनके निवेश के प्रबंधन के लिए बैंकों को दिए गए परिचालन संबंधी लचीलेपन का भी स्वागत किया। बैंकरों के संगठन आईबीए के चेयरमैन ए के गोयल ने कहा कि मौद्रिक नीति काफी हद तक कीमतों को नियंत्रित करने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि चूंकि मुद्रास्फीति के वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में ही चार छह प्रतिशत से नीचे आने की उम्मीद है।

# जियो ने लॉन्च किया किफायती डेटा प्लान:222 रुपए में एक महीने के लिए मिलेगा 50जीबी डेटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जियो ने डेटा यूजर्स के लिए नया प्लान लॉन्च किया है। यह प्लान खासकर उन लोगों के लिए है, जो इंटरनेट का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। कंपनी ने इस प्लान का नाम 'फुटबॉल वर्ल्ड कप डेटा पैक' दिया है। इस प्लान की कीमत 222 रुपए है।

**इस प्लान में मिलेगा 50जीबी डेटा :** जियो का 222 रुपए वाला यह प्रीपडे प्लान 30 दिन की वैलिडिटी के साथ आता है। प्लान में यूजर को 50जीबी इ का डेटा मिलेगा। 50जीबी डेटा खत्म होने के बाद स्पीड घटकर 64 केबीपीएस हो जाएगी। इस प्लान को बेसिक प्लान के साथ ही इस्तेमाल किया जा सकता है।

**ये प्लान कितना फायदेमंद :** अगर आप एक्स्ट्रा 1जीबी डेटा खरीदते हैं तो कंपनी इसके लिए 15 रुपए चार्ज करती है। जबकि 2जीबी के लिए आपको 25 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। लेकिन इस प्लान में डेटा काफी




कम कीमत में मिल रहा है। डेटा की कीमत देखी जाए तो प्लान में 1 जीबी डेटा की कीमत 4.4 रुपए है।

**जियो के अन्य डेटा वाउचर:** 241 रुपए वाला प्लानः यह 30 दिन की वैधता वाला जियो का डेटा वाउचर है, जिसमें 40 जीबी डेटा मिलता है।

181 रुपए वाला प्लानः इस प्लान में यूजर्स को कुल 30जीबी डेटा और 30 दिन की वैधता मिलेगी।

**121 रुपए वाला प्लान:** इसमें 12जीबी डेटा मिलता है। इस डेटा की वैधता आपके मौजूदा प्लान की तरह होगी।

**61 रुपए वाला प्लान:** इसमें 6जीबी डेटा मिलता है। इस डेटा की वैधता आपके मौजूदा प्लान की तरह होगी।

### जियो के सस्ते प्लान, 200 रुपए से भी कम में महीनेभर चलेगा मोबाइल

जियो अपने मोबाइल यूजर्स को कई ऐसे प्लान ऑफर करता है जिसमें 200 रुपए महीने से भी कम में आपका मोबाइल महीनेभर चलेगा। इतना ही नहीं इन प्लान्स में आपको अनलिमिटेड कॉलिंग, डेटा और रटर के साथ ही कई अन्य फायदे भी मिलेंगे। वोडाफोन आईडिया ने सालभर की वैलिडिटी वाला नया प्लान लॉन्च किया है। नए अनलिमिटेड प्रीपेड प्लान की कीमत 2,999 रुपए है। इसमें अनलिमिटेड एसटीडी और लोकल कलिंग के साथ यूजर को एक साल के लिए 865जीबी इंटरनेट डेटा दिया जाएगा।

### बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने एससीजी के साथ गुजरात में किया भूमि अधिग्रहण

अहमदाबाद। एरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक्स, ब्रिक्स और पैनल्स के निर्माण में अग्रणी कंपनियों में से एक बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने सियाम सीमेंट ग्रुप (एससीजी) के साथ अपने संयुक्त उद्यम के लिए गुजरात के खेड़ा जिले में भूमि अधिग्रहण किया है। बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड प्रबंध निदेशक नरेश साबू ने बुधवार को अपने बयान में कहा है कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि कंपनी ने एससीजी इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन के साथ कपडवंज में संयुक्त उद्यम संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण और आवश्यक परिश्रम पूरा कर लिया है। इस संयुक्त उद्यम का उद्देश्य तकनीकी-वाणिज्यिक ज्ञान साझा करना, निर्माण उद्योग में आपसी विकास और सहयोग को बढ़ावा देना और भारतीय बाजारों में नए युग की निर्माण सामग्री लाना है।

### निर्मला सीतारमण हैं देश की सबसे पावरफुल लेडी

## नायका की फाल्गुनी नायर समेत इनका भी दबदबा



**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की लिस्ट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ और नाइका की संस्थापक फाल्गुनी नायर को जगह मिली है। इस सालाना लिस्ट में कुल छह भारतीय महिलाओं ने जगह बनाई है। सीतारमण इस बार 36वें स्थान पर रहीं और उन्होंने लगातार चौथी बार इस सूची में जगह बनाई है। इससे पहले 2021 में वह 37वें स्थान पर थीं। वह 2020 में वह 41वें और 2019 में 34वें स्थान पर थीं।

फोर्ब्स द्वारा मंगलवार को जारी इस सूची के अनुसार इस साल मजूमदार-शॉ 72वें स्थान पर हैं, जबकि नायर 89वें स्थान पर हैं। सूची में शामिल अन्य भारतीयों में एचसीएल टेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा (53वां स्थान), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच (54वां स्थान) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) की चेयरपर्सन सोमा मंडल (67वां स्थान) शामिल हैं। मल्होत्रा, मजूमदार-शॉ और नायर ने पिछले साल भी इस सूची में क्रमशः 52वां, 72वां और 88वां स्थान हासिल किया था। सूची में 39 सीईओ और 10 राष्ट्राध्यक्ष शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 11 अरबपति शामिल हैं, जिनकी कुल संपत्ति 115 अरब डॉलर है। फोर्ब्स सूची में नायर के बारे में कहा गया है कि इस 59 वर्षीय व्यवसायी ने दो दशकों तक एक निवेश बैंकर के रूप में काम किया।

# लगातार चौथे दिन गिरावट, सेंसेक्स 215 अंक नीचे बंद, रेपो रेट बढ़ने से रियल्टी स्टॉक्स में गिरावट



**मुंबई (एजेंसी)।** शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन, यानी बुधवार (7 दिसंबर) को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 215 अंकों की गिरावट के साथ 62410 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 82 अंकों की गिरावट के साथ 18560 के स्तर पर आ गया. बाजार में लगातार चौथे दिन यह गिरावट आई है. सेंसेक्स में 30 में से 22 शेयर गिरकर बंद हुए। केवल 8 शेयरों में बढ़त रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स पर नजर डाले तो मीडिया, रियल्टी, आईटी और ऑटो इंडेक्स में सबसे ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मीडिया 1.45 प्रतिशत और रियल्टी इंडेक्स 1.19 प्रतिशत टूटा है। इसके अलावा मेटल, ऑटो और आईटी इंडेक्स में 1.80 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट रही। वहीं एफएमसीजी इंडेक्स में 0.96 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली. पीएसयू बैंक इंडेक्स भी 0.26 प्रतिशत चढ़ा है।

### रेपो रेट बढ़ने से रियल्टी स्टॉक्स में गिरावट

**आरबीआई ने रेपो रेट को 0.35 प्रतिशत बढ़ाकर 6.25 कर दिया है। इससे लोन मंहगे हो जाएंगे। ऐसे में आज बाजार में रियल्टी से जुड़े स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिली. ओबेरॉय रियल्टी के शेयरों में करीब 4त्न की गिरावट आई. ये 32.35 रुपए गिरकर 911.95 रुपए पर बंद हुआ। ब्रिगेड एंटरप्राइजेज और गोदरेज प्रॉपर्टीज के स्टॉक भी करीब 2.5 प्रतिशत टूटे।**

### रेलवे ने 100 करोड़ टन माल लदाई का लक्ष्य पार किया

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने माल परिवहन के 100 करोड़ टन के वार्षिक पड़ाव को पार कर लिया है। चालू वित्त वर्ष में रेलवे ने 100.2 करोड़ टन माल लदाई की है। इससे पहले, यह पड़ाव 24 दिसंबर 2021 को पार हुआ था, जब छह दिसंबर 2021 तक रेलवे ने 92.64 करोड़ टन माल लदाई की थी। चालू वित्त वर्ष में रेलवे ने 8.25 फीसदी की वृद्धि दर के साथ 7.63 करोड़ टन अधिक माल लदाई की। बयान में कहा गया, चालू वित्त वर्ष में, रेलवे का माल लदाई से प्राप्त राजस्व लगभग 1,08,593 करोड़ रुपये रहा है जो छह दिसंबर 2021 में 93,532 करोड़ रुपये था। इसमें बताया गया कि इस 100 करोड़ टन में सर्वाधिक 48 फीसदी और 48.5 करोड़ टन कोयला था जो पिछले वर्ष 42.5 करोड़ टन था। कोयले के बाद सर्वाधिक माल लदाई पत्थर, राख, बॉक्साइट, धातु, वाहन, जिप्सम सॉल्ट और नमक की हुई।

# एयरटेल ने 184 देशों में यात्रा के लिये लांच किया 'वर्ल्ड पास' पैक




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दूरसंचार सेवा कंपनी एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की सेवाओं को चालू रखने के लिये एयरटेल वर्ल्ड पास लॉन्च किया है। एयरटेल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि वर्ल्ड पास 184 देशों में निर्बाध रूप से काम करता है। कंपनी ने कहा कि दो या दो से अधिक देशों की यात्रा करने वाला व्यक्ति भी इस एक पैक से अपनी सभी रोमिंग आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। विज्ञप्ति में कहा गया, ह्लयह बदलाव एयरटेल द्वारा किये गये व्यापक ग्राहक अनुसंधान पर आधारित है। कई ग्राहक पूरे वैश्विक टेल्को उद्योग में सामान्य रूप से भ्रमित करने वाले अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पाते हैं। नतीजतन, कई लोग जब चाहते हैं तब वह नेटवर्क से जुड़े नहीं होते। ऐसे में वे विदेश में अस्थायी कनेक्शन के जटिल विकल्प तलाशते हैं। एयरटेल ने वर्ल्ड पास के लॉन्च के साथ इस समस्या को संरचनात्मक रूप से हल कर लिया है। भारती एयरटेल के उपभोक्ता व्यापार निदेशक शाश्वत शर्मा ने कहा, अंतरराष्ट्रीय यात्रा संबंधी चिंताओं पर हमने जो प्रतिक्रिया सुनी है, उसने हमें अपने ग्राहकों के लिये एयरटेल वर्ल्ड पास लॉन्च करने के लिए मजबूर किया है। यह हमारे ग्राहकों को दुनियाभर के लिये एक पैक प्रदान करता है और वे ऐप पर क्या उपयोग करते हैं, उन्हें नियंत्रित करने की अनुमति भी देता है।

**◆भारती एयरटेल के उपभोक्ता व्यापार निदेशक शाश्वत शर्मा ने कहा, अंतरराष्ट्रीय यात्रा संबंधी चिंताओं पर हमने जो प्रतिक्रिया सुनी है, उसने हमें अपने ग्राहकों के लिये एयरटेल वर्ल्ड पास लॉन्च करने के लिए मजबूर किया है।**

# इंफोसिस ने की अपने ही शेयर बेचने की शुरूआत, 1900 के पार जाएगा भाव




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस ने शेयर बायबैक ऑफर की शुरूआत कर दी है। बीते 7 दिसंबर से शुरू हुआ बायबैक ऑफर 6 जून, 2023 तक जारी रहेगा। इसके तहत कंपनी निवेशकों को अपने शेयर बेच रही है। शेयर का क्या है हालः हालांकि, बायबैक ऑफर के शुरू होने के बाद से इंफोसिस के शेयर में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं दिख रहा है। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इंफोसिस का शेयर भाव मामूली बढ़त के साथ 1610 रुपये के पार कारोबार कर रहा था। वहीं, ब्रोकरेज एयूएम कैपिटल ने शेयर का टारगेट प्राइस 1930 रुपये से ज्यादा रखा है। एयूएम कैपिटल के मुताबिक अगले 9-12 महीनों की अवधि में शेयर का भाव 1937 तक जा सकता है। यह वर्तमान शेयर भाव के मुकाबले 300 रुपये से भी ज्यादा के फायदे को दिखाता है। इंफोसिस का बायबैक ऑफर 9300 करोड़ कीमत का है। ऑफर के पहले दिन यानी 7 दिसंबर कोइंफोसिस ने लगभग ?202 करोड़ मूल्य के इक्विटी शेयर खरीदे। इंफोसिस का कुल बायबैक प्रस्ताव 5.02 करोड़ इक्विटी शेयरों से अधिक होगा। इंफोसिस के ऑफर के तहत बायबैक प्राइस 1,850 प्रति शेयर से अधिक नहीं होना चाहिए।

### इंफोसिस के शेयर बायबैक में कैसे हिस्सा लें

पिछले महीने, इंफोसिस शेयर बायबैक पर अपने ब्लॉग में आईसीआईसीआई डायरेक्ट ने कहा था कि चूंकि बायबैक ओपन मार्केट का है, इसलिए किसी विशेष भागीदारी की आवश्यकता नहीं है। कोई भी इक्विटी शेयरधारक जो अपने डीमैट खाते में इंफोसिस के शेयरों का मालिक है, बायबैक में भाग लेने के लिए पात्र है। एक शेयरधारक बायबैक में हिस्सा लेने की योजना बना रहा है, उन्हें केवल अपने ब्रोकर को उस इक्विटी शेयर के बारे में सूचित करना होगा जिसे वे बेचना चाहते हैं। जब भी कंपनी बायबैक प्लान के तहत बाय ऑर्डर देती है तो ब्रोकर एक सेल ऑर्डर देता है।

### अप्रैल में बिजली मांग 35,000 मेगावाट तक बढ़ने की उम्मीद: बिजली मंत्री

**नयी दिल्ली।** बिजली मंत्री आर के सिंह ने विगत बुधवार को कहा कि बिजली की एक दिन की व्यस्ततम समय में मांग अप्रैल 2023 में 35,000 मेगावाट तक जा सकती है जिसे पूरा करने के लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। सिंह ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगले साल अप्रैल में संभावित उच्च मांग को पूरा करने के लिए सरकार ने तैयारियां अभी से शुरू कर दी हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2022 में दोपहर 2:51 बजे बिजली की अधिकतम मांग 201.066 गीगावाट रही थी। सिंह ने कहा कि अप्रैल में एक दिन की अधिकतम मांग 30,000 मेगावाट से 35,000 मेगावाट तक पहुंच सकती है। इस बारे में तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक भी होने वाली है।

## सेबी ने सहारा समूह, सुब्रत रॉय को 6.42 करोड़ रुपये के भुगतान को कहा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने नियामकीय नियमों के उल्लंघन के एक मामले में सहारा समूह की कंपनी, इसके प्रमुख सुब्रत रॉय और अन्य को 15 दिन के भीतर 6.42 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया है। भुगतान नहीं किए जाने की स्थिति में परिसंपत्तियों की कुर्की की चेतावनी भी दी गई है। सेबी ने इन इकाई/व्यक्तियों पर कुछ महीने पहले जुर्माने लगाया था जिसका भुगतान नहीं किए जाने पर अब यह नोटिस जारी किया गया है। दरअसल सेबी ने जून में सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन (अब सहारा कमोडिटी सर्विसेस कॉरपोरेशन), सुब्रत रॉय, अशोक रॉय चौधरी, रवि शंकर दुबे और वंदना भार्गव पर कुल छह करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। यह अर्थदंड वैकल्पिक पूर्ण-परिवतर्नीय डिबेंचर (ओएफसीडी) जारी करने संबंधी नियामकीय नियमों का उल्लंघन करने की वजह से लगाया गया था। सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन ने ये डिबेंचर 2008-2009 के दौरान जारी किए थे। लेकिन सेबी का कहना है कि डिबेंचर जारी करने में निवेशकों के हितों की रक्षा करने लिए बनी विभिन्न प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। सेबी ने हालिया नोटिस में पांचों को 15 दिन के भीतर 6.42 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया जिसमें ब्याज और रिकवरी शुल्क भी शामिल है।

# ईरान ने बदला लेने की नीयत से बंद किया भारत से चाय और बासमती खरीदना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान ने पिछले दिनों अचानक से भारतीय बासमती चावल और चाय खरीदना बंद कर दिया। खबर आ रही है कि ईरान ने यह कदम शायद बदले की नीयत से उठाया है। दरअसल, भारत ने ईरान से आने वाले कुछ फलों पर रोक लगा दी है और उसी के जवाब में ईरान में यह कदम उठाया है। यह बात दो सीनियर गवर्नमेंट ऑफिसर्स ने कही है। ईरान की तरफ से खरीदारी बंद करने से जुड़ा कदम चौकाने वाला है, क्योंकि भारत की चाय और बासमती के लिए ईरान टॉप मार्केट है।

एक ऑफिसर ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि भारत की तरफ से ईरान की कीवीज और आड़ू न लेने के खिलाफ यह जवाबी कदम हो सकता है। यह



इंफॉर्मेशन ज्यादातर ट्रेड चैनल्स से आ रही है, न कि डिप्लोमैटिक चैनल्स से, इसलिए यह कारोबार से जुड़ा मामला हो सकता है। लेकिन, ईरान का भारतीय बासमती को ब्लॉक करना बेहद असामान्य है, क्योंकि भारतीय बासमती चावल दूसरे देशों से आने वाले चावल के मुकाबले काफी सस्ता है। भारत ने पेस्ट-इन्फेस्टेड कन्साइनमेंट्स को हवाला देते हुए दिसंबर 2021 में ईरान की कीवीज का इंपोर्ट बंद कर दिया था। इंडियन टी एसोसिएशन के सेक्रेटरी सुजीत पात्रा का कहना है, 'यह बेहद चौकाने वाला है। ईरान ने हमारी चाय और चावल लेना बंद कर दिया है। हम बहुत लंबे समय से ईरान को इंडियन टी का एक्सपोर्ट कर रहे हैं और ईरान में भारतीय चाय की तगड़ी डिमांड है। हमने इस मुद्दे को कॉमर्स मिनिस्ट्री, टी बोर्ड, डीजीएफटी और तेहरान में भारतीय दूतावास के साथ उठाया है। सरकार का कहना है कि वह कारण पता करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें वास्तविक स्थिति का पता होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले को लेकर ईरान की गवर्नमेंट के साथ बात करनी चाहिए ताकि हम अपना एक्सपोर्ट दोबारा शुरू कर सकें।

**■ सरकार का कहना है कि वह कारण पता करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें वास्तविक स्थिति का पता होना चाहिए।' उन्होंने कहा**

### आरओडीटीईपी के तहत दवा, इस्पात, रसायनों के निर्यात पर भी मिलेगा लाभ

**नयी दिल्ली।** रसायनों, दवाओं और लौह तथा इस्पात उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और कर छूट योजना (आरओडीटीईपी) के तहत इन पर एक निश्चित अवधि के लिए निर्यात लाभ देने का बुधवार को निर्णय लिया। इन उत्पादों के इस वर्ष 15 दिसंबर से अगले वर्ष 30 सितंबर तक किए जाने वाले निर्यात पर आरओडीटीईपी के तहत लाभ मिलेगा। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र ने आरओडीटीईपी योजना के दायरे का विस्तार कर इसमें रसायन क्षेत्र, दवा क्षेत्र और लौह तथा इस्पात की वस्तुओं के निर्यात को शामिल किया है। इसमें कहा गया कि उद्योग की इस बारे में लंबे समय से की जा रही मांग स्वीकार कर ली गई है।

## पेज एक के शेष

### 19 दिसम्बर से...

सदस्यों का कार्य (गैर-सरकारी संकल्प) निर्धारित किया गया है। झारखंड विधानसभा के द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 दिसम्बर से प्रश्नकाल तय है। इस दिन नौ विभागों से संबंधित प्रश्न उठाये जा सकेंगे। इसमें मुख्य तौर पर वन, पर्यावरण, स्कूली शिक्षा, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, खेलकूद, पर्यटन और कला संस्कृति, उद्योग, खान एवं भूतत्व, मंत्रिमंडल निगरानी और मंत्रिमंडल निर्वाचन जैसे विभाग शामिल हैं। 21 दिसम्बर को नगर विकास, भवन निर्माण, पर निर्माण, परिवहन, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता, कार्मिक प्रशासनिक सुधार समेत 10 विभागों के प्रश्नों पर सवाल जवाब होगा। कृषि, पशुपालन,जल संसाधन, खाद्य सार्वजनिक वितरण, महिला, बाल विकास, ऊर्जा, वित्त, योजना एवं विकास विभाग समेत आठ विभागों पर प्रश्नकाल निर्धारित है। श्रम नियोजन, भूमि सुधार, विधि विभाग समेत सात विभागों पर 23 दिसम्बर को प्रश्नकाल तय किया गया है।

### ईडी के समक्ष...

नहीं होने को काफी गंभीर मान रही है। इस मामले में ईडी आने वाले दिनों में कड़े फैसले लेने का मन बना रही है।

गवाहों को जेल भेजने व सीसीए लगाने की बातचीत : जानकारी के मुताबिक, ईडी को यह सूचना मिली है कि न्यायिक हिरासत में रहने के बाद पंकज मिश्रा ने अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल किया। उसने फोन पर डीएसपी राजेंद्र दूबे से कई दफे बात की। ईडी सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने इस मामले में कई लोगों की गवाही ली थी, उन गवाहों को जेल भेजने व सीसीए के तहत प्रस्ताव देने को लेकर पंकज मिश्रा ने फोन पर साहिबगंज एसडीपीओ राजेंद्र दूबे से बात की थी। इसके बाद गवाहों को जेल भी भेजा गया। ऐसे में ईडी ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य होने का दावा भी किया है। ईडी इस मामले को लेकर भी गंभीर है कि जिस मामले में अनुसंधान हो रहा है, साथ ही उसके आरोपी से पुलिस पदाधिकारियों ने बात की। जानकारी के मुताबिक, राजेंद्र दूबे ने ईडी के समन पर कोई पत्राचार नहीं किया है। उन्होंने न तो एजेंसी से कोई वक्त की मांगा है, ना ही उपस्थिति को लेकर कोई पत्राचार किया है। ऐसे में एजेंसी जल्द ही डीएसपी राजेंद्र दूबे समेत अन्य संदेहियों को दूसरा समन भेजेगी।

### मुख्यमंत्री ने गढ़वा...

करायी। यहां के लोगों की तकलीफ को देखते हुए पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पुलिस के जवान, अनुबंधकर्मी समेत पेंशन की योजना लागू कर सभी लोगों के लिए बेहतर काम शुरू किया, तो विपक्ष की परेशानी बढ़ गयी मेरे ऊपर तरह-तरह के षड्यंत्र रच कर झूठा आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग मेरे ऊपर घोटाले का आरोप लगाते हैं, जबकि विपक्षियों के शासन में झारखंड में बीज घोटाला, खेल घोटाला, खाद घोटाला जैसे कई घोटाले हुए, पर हमारी सरकार की छवि खराब करने के लिए अनर्गल आरोप लगा रहे हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### जोधपुर में पांच सिलेंडर में ब्लास्ट, दो बच्चों की मौत



**जोधपुर (एजेंसी)।** जोधपुर में शादी समारोह में पांच गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने से अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दूल्हे, उसके माता-पिता समेत 60 लोग झुलस गए। 2 बच्चों की मौत भी हो गई। हादसा शेरगढ़ के पास भूंगरा गांव में गुरुवार दोपहर सवा तीन बजे हुआ। यहां तख्त सिंह के घर में शादी समारोह था। घर से बारात रवाना होने वाली थी, तभी अचानक सिलेंडर फट गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर हिमांशु गुप्ता हॉस्पिटल पहुंचे। डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप कच्छावा ने बताया कि 60 जख्मी लोगों में से 51 को जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। इनमें 8 लोग 90 प्रतिशत से ज्यादा झुलसे हैं। 48 लोग वार्ड में एडमिट है, एक बच्चा आईसीयू में है। जबकि 5 और 7 साल के दो बच्चों की मौत हो गई।

### चीन-सऊदी के बीच 30 अरब डॉलर के समझौते होंगे

**रियाद (एजेंसी)।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग तीन दिन के दौरे पर बुधवार देर रात सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचे। यहां उन्हें रेड कार्पेट वेलकम मिला। दोनों देशों के बीच अलग-अलग सेक्टर में कुल मिलाकर 30 अरब डॉलर के समझौते होंगे। जिनपिंग का प्लेन जैसे ही सऊदी अरब के एयरस्पेस में पहुंचा तो सऊदी रॉयल एयरफोर्स के चार फाइटर जेट्स ने उसे एस्कॉर्ट किया। इसके साथ ही आसमान में ग्रीन स्मोक भी नजर आया। चीन लंबे वक्त से गल्फ कंट्रीज में पैर पसारने की कोशिश कर रहा है। इस क्षेत्र में अब तक अमेरिकी दबदबा रहा है। यही वजह है कि बाइडेन सरकार इस दौरे से परेशान नजर आ रही है। अमेरिका और सऊदी के बीच लंबे वक्त से अलग-अलग मुद्दों पर मतभेद रहे हैं। अरब न्यूज के मुताबिक, सऊदी अरब और चीन के बीच रिश्तों का एक ही एजेंडा है। यह है इकोनॉमी। जिनपिंग की इस विजिट के दौरान दोनों देशों के बीच कुल मिलाकर 30 अरब डॉलर के 20 समझौते होंगे। दोनों देशों के बीच कल्चरल लेवल पर सहयोग की उम्मीद नहीं के बराबर है। इसकी वजह यह है कि सऊदी अरब कट्टर सुन्नी मुस्लिम देश है और चीन का कल्चर बिल्कुल अलग है। इसलिए दोनों देश ट्रेड पर ही फोकस करना चाहते हैं। माना जा रहा है कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान जिनपिंग को सऊदी अरब का सिविलियन अवॉर्ड भी दे सकते हैं।

## तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में चक्रवाती तूफान मैंडूस का दिखने लगा असर

# तीन दिन तक भारी बारिश का अलर्ट, 70 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत के राज्यों में जहां सर्दी बढ़ती जा रही है, वहीं दक्षिण में बारिश का दौर अब भी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक साउथ इंडिया में बने गहरे दबाव के कारण चक्रवाती तूफान मैंडूस की आशंका है। इसका असर दक्षिणी क्षेत्रों में दिखेगा। 8 से 11 दिसम्बर तक पुडुचेरी, उत्तर तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तट प्रभावित होंगे। इन क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं, नौ दिसम्बर को 70 किमी प्रति घंटे की तेज हवाओं के साथ अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की भी आशंका है। बुधवार को भी बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और इससे सटे दक्षिण-पूर्व के ऊपर डीप डिप्रेशन बना। गुरुवार को चक्रवात मैंडूस कराईकल से लगभग 500 किमी पूर्व-दक्षिण और चेन्नई से 580 किमी दक्षिण-पूर्व में है।

### 10 दिसम्बर से घटेगी हवाओं की रफ्तार



तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। 10 दिसम्बर को इन क्षेत्रों में दोपहर तक तेज हवाओं की रफ्तार घटकर 50-60 किमी प्रति घंटे तक हो जायेगी। उसके बाद रात तक ये 40-50 की रफ्तार तक पहुंच जायेंगी। इस बीच राज्य सरकार ने मछुआरों को अगले चार दिनों तक श्रीलंका तट और बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी है। एनडीआरएफ टीम भी अलर्ट मोड पर है। हमारी टीम हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। जब भी मदद के लिए हमें बुलाया जायेगा, हम तुरंत मौके पर पहुंचेंगे। वहीं, आंध्र प्रदेश के जिला कलेक्टर वाई हरिनारायणन ने सभी विभागों के अधिकारियों को सतर्क रहने के लिए कहा है। आठ दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक चक्रवात तूफान के मद्देनजर राहत कार्यों के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है।

## बांग्लादेश में जनवरी 2024 में चुनाव

## लगातार पांचवी बार पीएम बनना चाहेंगी शेख हसीना, कहा- मनी लॉन्ड्रिंग कर रहा विपक्ष



**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में नया जनरल इलेक्शन जनवरी 2024 में होगा। प्राइम मिनिस्टर शेख हसीना वाजेद ने इसका ऐलान किया है। हसीना 2009 से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हैं और लगातार पांचवी बार पीएम पद की दावेदार हैं। हसीना ने मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश अवामी पार्टी पर आरोप लगाया कि उसके नेता मनी लॉन्ड्रिंग के जरिये मुल्क का पैसा दूसरे देशों में भेज रहे हैं और इसमें सबसे बड़ा नाम अवामी पार्टी की नेता खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान का है। ढाका के कॉक्स बाजार में बुधवार रात एक रैली के दौरान शेख हसीना ने इलेक्शन का ऐलान किया। कहा- हम नए साल के पहले महीने महीने के पहले हफ्ते में जनरल इलेक्शन कराने जा रहे हैं। 2009 से हसीना प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश की गिनती दुनिया के उन देशों में होती है जो तेजी से विकास कर रहे हैं। दुनिया हमें डेवलपिंग नेशन कहती है। 75 साल की शेख हसीना ने आगे कहा कि खालिदा जिया और उनके परिवार ने जबरदस्त करप्शन और मनी लॉन्ड्रिंग की है। उनका बेटा तारिक रहमान इस काम में सबसे आगे रहा। यही वजह है कि कोर्ट ने उसे 7 साल सजा और 20 करोड़ टका (बांग्लादेश करंसी) का जुर्माना लगाया।

### कैसी है बांग्लादेश की संसद

**बांग्लादेश** की संसद को जातियो संगसद या हाउस ऑफ द नेशन कहा जाता है। इसकी नयी बिल्डिंग 15 फरवरी 1982 में तैयार हुई। यह 200 एकड़ में बनी है। संसद में कुल 350 सीटें हैं और इनमें से 50 महिलाओं के लिए रिजर्व हैं। दुनिया में बांग्लादेश ही एकमात्र ऐसा मुस्लिम मेजॉरिटी नेशन है, जिसने अपनी संसद में खासतौर पर महिलाओं के लिए सीटें रिजर्व रखी हैं। फिलहाल, शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग है।

## पीएम मोदी-शाह के गांव में कमल खिला

# आरएसएस और शाह ने बनायी थी अलग रणनीति, पिछली बार जीती थी कांग्रेस

**गांधीनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गांव वडनगर और गृहमंत्री अमित शाह के गांव मानसा में एक बार फिर कमल खिल गया है। दोनों जगह पिछली बार कांग्रेस जीती थी, लेकिन इस बार वडनगर और मानसा के लिए इखढ ने अलग रणनीति बनाई थी। उंझा में बीजेपी कैंडिडेट किरीट पटेल और मानसा में पार्टी के उम्मीदवार जयंती भाई पटेल जीते हैं। उंझा विधानसभा में आने वाले वडनगर में इस बार बीजेपी ने किरीट कुमार केशवलाल पटेल को टिकट दिया था। पटेल आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के करीबी बताए जाते हैं। बीजेपी कार्यकर्ताओं के मुताबिक किरीट पटेल का नाम तय होने से पहले टिकट को लेकर गुटबाजी हो रही थी, जो नाम सामने आ रहे थे उनमें एक-दूसरे को लेकर मतभेद था। किरीट पटेल का नाम आते ही गुटबाजी थम गयी। आरएसएस प्रमुख का करीबी होने से संघ के स्वयंसेवकों ने उनका प्रचार करने में कमी नहीं छोड़ी। उंझा बीजेपी का गढ़ माना जाता है। यहां 1995 से लगातार पार्टी जीत रही थी, लेकिन 2017 में कांग्रेस की डॉ. आशा पटेल ने बीजेपी के नारायण भाई लल्लूदास को हरा दिया। इसकी दो वजहें सामने आयीं थीं। पहली, पाटीदारों का आंदोलन और दूसरी चार बार से बीजेपी विधायक रहे नारायणभाई लल्लूदास पटेल के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी। इसलिए इस बार उंझा में पूरी कमान आरएसएस ने अपने हाथों में ले ली थी। प्रचार-प्रसार भी पहले से किया और प्रत्याशी भी अपनी पसंद का उतारा।



### मानसा के लिए इस बार शाह ने ही बनायी थी स्ट्रैटजी

**अमित** शाह के गांव मानसा में पिछली दो बार से कांग्रेस जीत रही थी। इसलिए इस बार यहां चुनाव की पूरी स्ट्रैटजी खुद अमित शाह की देखरेख में तैयार हुई थी। बीजेपी ने मानसा में कैंडिडेट का अनाउसमेंट भी काफी लेट किया। कई जगह से फीडबैक लेने के बाद जयंती पटेल को टिकट दिया गया। वहीं, कांग्रेस ने मोहन सिंह ठाकोर (बाबूजी) को मैदान में उतारा था। मानसा में सबसे ज्यादा पॉपुलेशन पाटीदार कम्युनिटी की है। इनके करीब 45 हजार वोट हैं। ठाकोर करीब 42 हजार, राजपूत 30 हजार और चौधरी करीब 23 हजार हैं। ब्राह्मण और बनिया पॉपुलेशन काफी कम है। बीजेपी इस बार पाटीदारों के वोट लेने में कामयाब रही है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम सिस्टम की सिफारिशों को नजरअंदाज करने पर केंद्र को लगायी कड़ी फटकार

## कोर्ट ने कहा – यह एक कानून है और इस पर पूरी तरह से अमल करना है जरूरी

- ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कॉलेजियम सिस्टम की सिफारिशों को नजरअंदाज करने पर केंद्र को कड़ी फटकार लगायी। न्यायालय ने कहा कि यह एक कानून है और इस पर पूरी तरह से अमल करना जरूरी है। न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि आप सरकार को जाकर समझाइये। यदि संसद के बनाये कानूनों को कुछ लोग मानने से इनकार कर देते हैं, तो फिर क्या स्थिति होगी। न्यायालय का कहना था कि समाज अपने हिसाब से ये तय करने लग जाये कि कौन से कानूनों की पालना करनी है और कौन से ही नहीं, तो यह एक ब्रेक डाउन जैसी स्थिति बन जायेगी। जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने केंद्र को साफ तौर पर हिदायत दी कि वो किसी भी सूरत में संवैधानिक बेंच के दिये फैसले पर नरमी नहीं बरतने जा रही है। उनका कहना था कि समाज के कुछ वर्गों को कॉलेजियम सिस्टम से दिक्कत से कोर्ट को कोई फर्क नहीं पड़ता। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी ने न्यायालय को आश्वस्त किया कि वो मिनिस्ट्री से इस बारे में सलाह करेंगे। अटार्नी जनरल ने कोर्ट से कहा कि दो बार खुद सर्वोच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने अपनी ही सिफारिशों में फेरबदल किया था, क्योंकि केंद्र ने उसके सुझाये नाम वापस कर दिये थे। इससे झलक मिली कि कॉलेजियम ने जो सिफारिश की थी वो अपने आप में कहीं न कहीं अधूरी थी। जिस पर जस्टिस संजय किशन कौल की बेंच ने कड़ा रुख दिखाते हुए कहा कि एक-दो बार के उदाहरण से केंद्र को लाइसेंस नहीं मिल जाता कि वो कॉलेजियम सिस्टम को नजरअंदाज करना शुरू कर दे।

- कुछ लोगों की दिक्कतों से हमें फर्क नहीं पड़ता
- संसद के बनाये कानूनों को कुछ लोग मानने से इनकार कर देते हैं, तो फिर क्या स्थिति होगी?



बेंच का कहना था कि जब इस मसले पर कोर्ट कोई फैसला दे चुकी है, तो किसी अगर मगर की जरूरत नहीं रह जाती। कोर्ट का कहना था कि नियुक्ति में देरी होने से प्रतिभाशाली लोग न्यायपालिका से नहीं जुड़ पा रहे हैं। ये एक तरह की विचित्र स्थिति है। सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ऑफ बेंगलुरु की तरफ से दायर अवमानना याचिका की सुनवाई कर रहा था। याचिका में कहा गया था कि केंद्र के अड़ियल रवैये से न्यायिक प्रक्रिया की रफ्तार सुस्त पड़ रही है, क्योंकि समय पर जजों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इस सिलसिले में एक एनजीओ ने भी 2018 में एक पीआईएल दायर की थी। उसकी भी सुनवाई आज की गयी। अटार्नी जनरल का कहना था कि वो केंद्र से इस बारे में बात कर रहे हैं, तो न्यायालय ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जो करना है वह जरा जल्दी करें। हम समस्या का समाधान चाहते हैं। न्यायालय का रुख कितना कड़ा था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बेंच ने कहा कि क्या आप समझते हैं कि हम केवल अवमानना की याचिका पर ही नोटिस जारी कर सकते हैं। न्यायालय का कहना था कि उन्हें उम्मीद है कि अटार्नी जनरल सरकार को बतायेंगे कि कानूनी मामलों पर उसे क्या करना चाहिए। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह की जायेगी। इधर, लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने लोकसभा में सरकार को लताड़ लगाते हुए कहा कि कॉलेजियम सिस्टम सरकार की तानाशाही पर अंकुश लगाने का कारगर तरीका है। यह एक गारंटी है जिससे सरकार की विस्तारवादी नीतियों पर अंकुश लगता है। सौगत रॉय ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू के न्यायपालिका पर दिये बयान की निंदा करते हुए कहा कि उन्हें ऐसा नहीं बोलना चाहिए था।

# शी जिनपिंग का तख्तापलट कर सकती थी चीनी जनता

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जीरो कोविड नीति के तहत लागू सख्त नियमों में ढील देने का फैसला कर दिया है। जीरो कोविड नीति के खिलाफ चीन के कई हिस्सों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हो रहे थे। इन प्रदर्शनों में छात्रों की संख्या हैरान करने वाली थी। छात्र, अपने उस राष्ट्रपति से पद छोड़ने की मांग कर रहे थे जो अजीवन शासन का सपना पाल रहा है। चीन मामलों के जितने भी विशेषज्ञ थे, वह यकीन नहीं कर पा रहे थे कि प्रदर्शन इस हद तक एतिहासिक हो रहे हैं कि ये तियानमेन स्क्वॉयर की याद दिला रहे हैं। अप्रैल 1989 में हुआ तियानमेन आज भी ऐतिहासिक प्रदर्शनों में शामिल है। विशेषज्ञों की मानें तो कोविड नीति में ढील के फैसले को राहत के तौर पर तो देखना ही चाहिए। साथ ही साथ इन्हें जिनपिंग की एक कमजोरी के तौर पर भी देखा जाना चाहिए।

- क्रूर जीरो कोविड नीति में दी ढील तो उठे सवाल
- बीजिंग, शंघाई और ऐसे कई शहरों में छात्र कर रहे थे प्रदर्शन
- जनता का बढ़ता जा रहा था गुस्सा, हो रहे थे दंगे

### चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से छात्र नाराज

बीजिंग, शंघाई और ऐसे कई शहरों में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। जीरो कोविड नीति को लेकर दंगे हो रहे थे और जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा था। ऐसे में जिनपिंग का झुकना लाजिमी था। पूर्व राजनयिक और 'चाइना कूप' के लेखक रोजर गारसाइड की मानें तो जिनपिंग का शासन इतने बड़े स्तर पर हो रहे प्रदर्शनों की वजह से खत्म होने की कगार पर आ गया था। लगातार प्रदर्शनों की वजह से उन पर दबाव बढ़ रहा था। ऐसे में कम्युनिस्ट पार्टी में सीनियर रैंक्स पर मौजूद दूसरे नेता भी उनके खिलाफ विद्रोह कर सकते थे। गारसाइड ने कहा है कि कोविड नीति में ढील को जिनपिंग की कमजोर नस के तौर पर देखा जाएगा। न सिर्फ उनकी पार्टी के नेता बल्कि अब देश और विदेश में मौजूद चीनी नागरिक भी उन्हें कमजोर नेता के तौर पर देखेंगे।

